


THE LARGEST CIRCULATED AND READ HINDI DAILY IN TELANGANA & ANDHRA PRADESH

# स्वतंत्र वार्ता

epaper.vaartha.com

वर्ष-27 अंक : 228 (हैदराबाद, निजामाबाद, विशाखापट्टणम, तिरुपति से प्रकाशित) कार्तिक शु.9, 2079 बुधवार, 2 नवंबर 2022

प्रधान संपादक – डॉ. गिरीश कुमार संघी हैदराबाद नगर पृष्ठ : 16 मूल्य : 8 रुपये

### भाजपा में शामिल हुए आठ विधायकों पर एक्शन के मूड में कांग्रेस

पणजी, 1 नवंबर (एजेंसियां)। हाल ही में गोवा कांग्रेस को बड़ा झटका लगा था। दरअसल, राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिगंबर कामत और नेता प्रतिपक्ष माइकल लोबो समेत कांग्रेस के आठ विधायकों ने दल बदल लिया था और वे भाजपा में शामिल हो गए थे। वहीं, अब इस मामले में गोवा कांग्रेस इकाई ने बड़ा कदम उठाने का निर्णय लिया है। मंगलवार को कांग्रेस की गोवा इकाई ने कहा है कि वह हाल ही में सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हुए आठ विधायकों के खिलाफ अयोग्यता याचिका दायर करने जा रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अमित पाटकर ने बताया कि पार्टी को अयोग्यता याचिका दायर करने के लिए आवश्यक दस्तावेज विधानसभा अध्यक्ष के कार्यालय से मिले हैं।

# मोरबी पहुंचे पीएम मोदी

अहमदाबाद, 1 नवंबर (एजेंसियां)। गुजरात के मोरबी में हुए भयंकर हादसे के बाद आज मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने घटनास्थल का मुआयना किया। उनकी तरफ से सिविल अस्पताल जा पीड़ितों से भी मुलाकत की गई। पीएम ने उन अधिकारियों से भी बातचीत की जो रेस्क्यू ऑपरेशन में शामिल थे। जानकारी के लिए बता दें कि रविवार को शाम साढ़े छह बजे मोरबी में बड़ा हादसा हो गया था।

सस्पेंशन ब्रिज टूटने की वजह से कई लोग नदी में डूब गए थे। उस हादसे में अब तक 141 लोगों की मौत हो चुकी है और कई घायल बताए जा रहे हैं। अब उसी त्रासदी का मुआयना करने के लिए पीएम मोदी मोरबी पहुंचे थे।

**पीएम ने किया घटनास्थल का मुआयना**

पीएम मोदी जब घटनास्थल (मोरबी ब्रिज) पर पहुंचे तो टावर पर लगा ओरेवा कंपनी के बोर्ड को कपड़ों से कवर कर दिया गया था। सबसे पहले पीएम मोदी का काफिला उस जगह पर गया था जहां पर हादसा हुआ था। प्रधानमंत्री ने मौके पर पहुंचकर स्थिति का तो जायजा लिया ही, ये भी समझने का प्रयास किया कि आखिर ये हादसा हुआ कैसे। जिस समय पीएम स्थिति का जायजा ले रहे थे, तब उनके साथ राज्य के गृह मंत्री हर्ष संघवी भी मौजूद थे। वैसे जब पीएम घटनास्थल का मुआयना ले रहे थे, प्रशासन द्वारा उस बोर्ड को ढक दिया गया था जहां पर ओरेवा कंपनी का लोगो लगा था। असल में ओरेवा वो कंपनी है जिसने मोरबी ब्रिज का रिनोवेशन किया था। पिछले सात महीने से ये कंपनी ही इस ब्रिज की मरम्मत कर रही थी. खैर घटनास्थल का जायजा लेने के बाद पीएम ने उन अधिकारियों से मुलाकात की जो रेस्क्यू ऑपरेशन में शामिल थे।



**पीड़ितों से की अस्पताल में मुलाकात**

उनकी तरफ से स्थानीय लोगों से लेकर रेस्क्यू में जुड़ी दूसरी कई टीमों से बात की गई। उनकी उस मुलाकात की कई तस्वीर भी सामने आई। उसके बाद पीएम का काफिला सिविल अस्पताल की ओर बढ़ गया था वहां पर जा पीएम ने हर पीड़ित का हालचाल जाना, उनकी हिम्मत बढ़ाई और हादसे पर दुख जाहिर किया।

घायलों का हालचाल जानने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तमाम बड़े अधिकारियों के साथ एक हाई लेवल बैठक भी की। वो बैठक भी इस मोरबी हादसे को लेकर की गई। बैठक में क्या फैसला लिया गया, वो जानकारी सामने नहीं आई है। अभी के लिए मोरबी हादसे की जांच के लिए राज्य सरकार द्वारा एसआईटी का गठन कर दिया है। इस मामले में 9 लोगों की गिरफ्तारी भी हुई है जिनसे अभी पूछताछ जारी है।

## मोरबी पुल हादसा : न्यायिक जांच की मांग वाली याचिका पर 14 नवंबर को सुनवाई करेगा एससी

नई दिल्ली, 1 नवंबर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट मंगलवार को गुजरात में मोरबी पुल ढहने की जांच के लिए एक न्यायिक आयोग के गठन की मांग वाली याचिका पर 14 नवंबर को सुनवाई के लिए सहमत हो गया है। भारत के मुख्य न्यायाधीश यू.यू. ललित की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष अधिवक्ता विशाल तिवारी ने याचिका दाखिल की थी। चीफ जस्टिस ने वकील से कहा, 'आप बहुत तेज हैं। आपकी क्या प्रार्थना है।' वकील ने जवाब दिया कि वह न्यायिक जांच आयोग की मांग कर रहे थे और बताया कि कई राज्यों में कई पुराने ढांचे थे।

उनकी संक्षिप्त दलील सुनने के बाद शीर्ष अदालत 14 नवंबर को याचिका पर विचार करने के लिए तैयार हो गई। गौरतलब है कि मोरबी पुल 30 अक्टूबर को ढह गया था, जिसमें 141 लोगों की मौत हो गई थी। याचिका में कहा गया है कि यह घटना सरकारी अधिकारियों की लापरवाही को दर्शाता है। इसमें कहा गया कि एक दशक में कुप्रबंधन, कर्तव्य में चूक और लापरवाह रखरखाव गतिविधियों के कारण देश में अनेक घटनाएं हुई हैं। एक निजी ऑपरेटर द्वारा मरम्मत और रखरखाव के बाद पिछले हफ्ते ही फिर से खोले जाने के बाद माच्छू नदी पर बना 141 साल पुराना झूला पुल गिर गया।

## मोरबी हादसे में मृतकों के परिजनों को 6 लाख और घायलों को 50 हजार की अनुग्रह राशि

नई दिल्ली, 1 नवंबर (एजेंसियां)। मोरबी के मच्छू नदी पर बने केबल सस्पेंशन ब्रिज हादसे के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज गुजरात के मोरबी दौरा किया।

वहीं गुजरात सरकार के अधिकारी इस पुल बनाने वाली कंपनी के दफ्तर जा पहुंचे। मोरबी हादसे में 134 लोगों की जान चली गई है और कई लोग अभी भी लापता हैं, जबकि 100 से भी ज्यादा लोग घायल हैं जिनका इलाज चल रहा है। वहीं सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई एक जनहित याचिका में मांग की गई है कि मोरबी ब्रिज हादसे पर जांच एक सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज की निगरानी में करवाई जाए। इसके लिए एक ज्यूडीशियल कमेटी का गठन किया जाए। सुप्रीम कोर्ट ने जनहित याचिका पर सुनवाई स्वीकार कर ली है।

**रोहित वेमुला की मां ने भारत जोड़ो यात्रा में की शिरकत**

# राहुल गांधी ने ऐतिहासिक चारमिनार पर फहराया तिरंगा

हैदराबाद, 1 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। कथित उत्पीड़न के खिलाफ 2016 में खुदकुशी करने वाले दलित छात्र रोहित वेमुला की मां राधिका वेमुला ने मंगलवार की सुबह कांग्रेस नेता राहुल गांधी से हैदराबाद में भारत जोड़ो यात्रा के दौरान मुलाकात की और उनके साथ कुछ देर तक यात्रा में चलीं।

इस दौरान रोहित वेमुला को याद करते हुए राहुल गांधी ने ट्वीट किया, रोहित वेमुला सामाजिक भेदभाव और अन्याय के खिलाफ मेरे संघर्ष के प्रतीक हैं और रहेंगे। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि रोहित की मां से मिलकर यात्रा के लक्ष्य की ओर कदमों ने नया साहस तो दिया ही साथ ही मन को भी शांति मिली। राहुल गांधी ने अपनी यात्रा के दौरान हैदराबाद में चारमिनार पर तिरंगा फहराया।

दूसरी तरफ तेलंगाना के सीएम केसीआर की पार्टी पर राहुल गांधी की टिप्पणी को लेकर राज्य के मंत्री ने पलटवार किया है। उन्होंने कहा- पहले वह अपनी जनता का विश्वास जीतें। राहुल गांधी से मुलाकात के बाद राधिका वेमुला ने भी ट्वीट किया, भारत जोड़ो यात्रा के प्रति एकजुटता दिखाई।

राहुल गांधी के साथ चली और कांग्रेस से संविधान को भाजपा-आरएसएस (भारतीय जनता पार्टी-राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) के हमले से बचाने, रोहित वेमुला को न्याय दिलाने, रोहित अधिनियम पारित कराने, उच्च न्यायपालिका में दलितों का प्रतिनिधित्व बढ़ाने, सभी के लिए शिक्षा सुनिश्चित करने का आह्वान किया। कांग्रेस ने अपने आधिकारिक ट्विटर हैंडल और पार्टी के कई नेताओं ने अपने ट्विटर खातों पर भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान राधिका वेमुला के गांधी के साथ चलने की तस्वीरें साझा कीं। रोहित (26) की 17 जनवरी, 2016 को मौत हो गई थी। इस घटना ने उच्च शिक्षा संस्थानों में जातिवाद के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन छेड़ दिया था। कांग्रेस नेता की भारत जोड़ो यात्रा आंध्र प्रदेश के हैदराबाद से आगे बढ़ रही है। इस दौरान बड़ी संख्या में सिविल सोसायटी के लोगों ने राहुल गांधी से मुलाकात की और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।



## केटीआर ने राहुल की टिप्पणी पर किया पलटवार

इस बीच तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस) के कार्यवाहक अध्यक्ष और तेलंगाना के स्वास्थ्य मंत्री केटी रामाराव ने मुख्यमंत्री केसीआर की पार्टी का नाम बदल कर भारत राष्ट्र समिति करने पर भावी प्रधानमंत्री राहुल गांधी की टिप्पणी पर पलटवार किया। मंगलवार को उन्होंने ट्वीट करके कहा, अंतरराष्ट्रीय नेता को पहले अपने लोगों को भरोसा में लेना चाहिए जिससे वे उनको सांसद बना सकें। अंतरराष्ट्रीय नेता राहुल गांधी अमेठी में अपनी ही सीट नहीं जीत सकते हैं। इससे पहले राहुल गांधी ने मीडिया से कहा था, यदि तेलंगाना के सीएम को लगता है कि वह राष्ट्रीय पार्टी हैं, तो ठीक है। कोई समस्या नहीं है। वह ऐसा कर सकते हैं। अगर उनको लगता है कि वह वैश्विक पार्टी चला रहे हैं तो वह भी ठीक है। उन्होंने कहा कि टीआरएस और कांग्रेस के 2024 में भाजपा के खिलाफ हाथ मिलाने का कोई सवाल ही नहीं है। तेलंगाना सीएम मानते हैं कि वह एक राष्ट्रीय पार्टी चला रहे हैं। उनका ऐसा सोचने का स्वागत है कि वह एक अंतरराष्ट्रीय पार्टी चला रहे हैं।

## सलमान खान को मिलेगी वाय+ कैटेगरी की सुरक्षा

**बिश्नोई गैंग ने दी थी जान से मारने की धमकी**



नई दिल्ली, 1 नवंबर (एजेंसियां)। बॉलीवुड के दबंग एक्टर सलमान खान की सिक्योरिटी मुंबई पुलिस ने बढ़ा दी है। कुछ समय पहले सलमान खान को लॉरेंस बिश्नोई गैंग से धमकियां मिली थीं, जिसे देखते हुए सलमान को सिक्योरिटी दी गई थी। लेकिन सलमान पर मंडरा रहे खतरे को देखकर मुंबई पुलिस ने उनकी सिक्योरिटी अब पहले से ज्यादा टाइट कर दी है।

सलमान को जान से मारने की धमकियां मिलने के बाद उन्हें X कैटेगरी की सिक्योरिटी दी गई थी। लेकिन अब मुंबई पुलिस की प्रोटेक्शन ब्रांच ने सलमान की सेफ्टी को देखते हुए उनकी सिक्योरिटी बढ़ाकर Y+ कैटेगरी कर दी है, क्योंकि वो सलमान की सुरक्षा के साथ कोई चांस नहीं लेना चाहते हैं। इसलिए बॉलीवुड के दबंग खान को अब से Y+ कैटेगरी की सुरक्षा दी जाएगी। सलमान खान के साथ पहले एक पुलिस गार्ड हथियारों के साथ हमेशा तैनात रहता था। लेकिन अब सलमान की सुरक्षा को देखते हुए उनके साथ दो पुलिस गार्ड 24 घंटे हथियारों समेत एक्टर के साथ रहेंगे और दंबग खान को प्रोटेक्ट करेंगे।

**अमृता फडनवीस को दी गई सुरक्षा**

सलमान खान के अलावा महाराष्ट्र राज्य के डिप्टी सीएम देवेंद्र फडनवीस की पत्नी अमृता फडनवीस की सिक्योरिटी में भी बढ़ाई गई है। सलमान खान और अमृता फडनवीस दोनों के साथ अब हथियारों से लैस सिक्योरिटी गार्ड हमेशा तैनात रहेंगे। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि खतरे को देखते हुए सुरक्षा कर्मियों की संख्या पहले और अधिक हो सकती थी, लेकिन अब जब राज्य की समीक्षा समिति द्वारा सिक्योरिटी कैटेगरी पर मुहर लगा दी गई है, तो ऐसे में सलमान खान को सभी राज्यों में सुरक्षा दी जाएगी। सलमान जहां भी ट्रैवल करेंगे उनके साथ हथियारों से लैस 2 गार्ड तैनात रहेंगे। साथ ही 2 गाड्र्स सलमान खान के घर पर भी तैनात रहेंगे, यानी सलमान खान को अब मुंबई पुलिस से रेगुलर प्रोटेक्शन मिलेगा।

## सेना प्रमुख मनोज पांडे से मिले भूटान सेना के अफसर

नई दिल्ली, 1 नवंबर (एजेंसियां)। चीन डोकलाम पठार में भूटानी क्षेत्र के आसपास बुनियादी ढांचा बढ़ा रहा है।

इसके मद्देनजर सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे ने मगंलवार रॉयल भूटान सेना के मुख्य संचालन अधिकारी (चीफ ऑपरेशन ऑफिसर) लेफ्टिनेंट जनरल बट्टू शेरिंग के साथ द्विपक्षीय सैन्य संबंधों का विस्तार करने के तरीकों पर व्यापक बातचीत की।

अधिकारियों ने कहा, वार्ता भारत-भूटान रक्षा सहयोग पर केंद्रित रही और दोनों कमांडरों ने उभरते क्षेत्रीय सुरक्षा खतरों की समीक्षा की।

लेफ्टिनेंट जनरल शेरिंग की दिल्ली यात्रा तब हो रही है, जब तीन महीने पहले जनरल पांडे ने भूटान की यात्रा की थी।

## ठग चंद्रशेखर का दावा : सत्येंद्र जैन को 10 करोड़ दिए

### कहा-मंत्री को ये पैसा प्रोटेक्शन के लिए दिया था, आप को भी 50 करोड़ दिए

नई दिल्ली, 1 नवंबर (एजेंसियां)। मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेल में बंद कॉनमैन सुकेश चंद्रशेखर ने आम आदमी पार्टी के मंत्री सत्येंद्र जैन को 10 करोड़ रुपए प्रोटेक्शन मनी देने का दावा किया है। सुकेश ने दिल्ली के लेफ्टिनेंट गवर्नर वीके सक्सेना को चिट्ठी लिखकर इस बात का खुलासा किया है। उसने यह भी कहा कि वह सत्येंद्र जैन को साल 2015 से जानता है। चिठ्ठी में यह दावा भी किया गया है कि सुकेश ने आम आदमी पार्टी को कुल 50 करोड़ रुपए दिए थे और इसके बदले में पार्टी ने उसे दक्षिण भारत में पार्टी की अहम जिम्मेदारी सौंपने का वादा किया था।

**सुकेश ने सत्येंद्र जैन पर लगाए गंभीर आरोप**

चंद्रशेखर ने चिठ्ठी में यह भी दावा किया कि उसने सत्येंद्र जैन, आम आदमी पार्टी और जेल के डीजी संदीप गोयल को किए गए पेमेंट्स की सारी जानकारी सीबीआई की जांच टीम दी थी और दिल्ली हाईकोर्ट में सीबीआई जांच के लिए पिटीशन भी दाखिल की थी। सुकेश ने सत्येंद्र जैन पर शिकायत वापस लेने के लिए उसे डराने-धमकाने का आरोप भी लगाया। चिठ्ठी में सुकेश ने लिखा है, '2017 से मैं दिल्ली की तिहाड़ जेल में बंद हूं। मैं सत्येंद्र जैन को 2015 से जानता हूं और मैंने आम आदमी पार्टी को 50 करोड़ रुपए से ज्यादा की रकम इस वादे पर दी है कि पार्टी में साउथ में बड़ा पद देगी और राज्यसभा में नॉमिनेट होने में भी मदद करेगी।'



**जेल में सुरक्षा पाने के लिए हर महीने दो करोड़ रुपए देने का दावा**

सुकेश ने आगे लिखा, 'इस जेल में सत्येंद्र जैन कई मुझसे मिलने आए, जो उस समय जेल मंत्री थे। उन्होंने मुझसे पूछा कि क्या मैंने आप को दिए गए पैसों के बारे में ईडी को कुछ बताया है। 2019 में सत्येंद्र जैन दोबारा मुझसे मिलने आए। उनके सेक्रेटरी ने मुझसे कहा कि जेल में सुरक्षा और जरूरत का सामान पाने के लिए मुझे हर महीने दो करोड़ रुपए देने होंगे। 2-3 महीने के अंदर ही मुझ पर दबाव डालकर 10 करोड़ रुपए वसूले गए। यह सारी रकम कोलकाता में सत्येंद्र जैन के करीबी चतुर्वेदी के जरिए वसूली गई। मैंने सत्येंद्र जैन को 10 करोड़ रुपए और डीजी जेल संदीप गोयल को 12.50 करोड़ रुपए दिए हैं।'

**सुकेश का आरोप-सत्येंद्र जैन मुझे धमका रहे हैं**

सुकेश ने कहा, 'ईडी की तरफ से हालिया जांच के दौरान मैंने जेल डीजी को दिए गए पैसों और जेल प्रशासन के रैकेट के बारे में बताया। मैंने दिल्ली हाईकोर्ट में याचिका दाखिल करके सीबीआई जांच की भी मांग की। इस मामले में कोर्ट ने नोटिस जारी करके अगले महीने सुनवाई की तारीख दी है। अब जब सत्येंद्र जैन दिल्ली के तिहाड़ जेल में ही बंद हैं तो वो मुझे लगातार डीजी जेल और जेल प्रशासन के जरिए धमका रहे हैं। ये सभी लोग मुझ पर दबाव डाल रहे हैं कि मैं शिकायत वापस ले लूं। मुझे डराया-धमकाया जा रहा है।' सुकेश ने दिल्ली एलजी से अपील की है कि वे सीबीआई को निर्देश देकर सत्येंद्र जैन और तिहाड़ जेल प्रशासन पर केस दर्ज करावाएं। सुकेश ने कहा कि वह सत्येंद्र जैन के खिलाफ सभी सबूत देने को तैयार है।

## तीन देशों के गैर-मुस्लिमों को केंद्र ने नागरिकता देने को कहा

**सीएए नहीं-इस कानून का होगा पालन**

अहमदाबाद, 1 नवंबर (एजेंसियां)। गुजरात में विधानसभा चुनाव नजदीक हैं। ऐसे में सभी राजनीतिक दल अलग-अलग तरीके से जनता को लुभाने का प्रयास कर रहे हैं। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सोमवार को एक अधिसूचना जारी की है जिसमें गुजरात के मेहसाणा और आणंद जिलों के कलेक्टरों को नागरिकता अधिनियम, 1955 के तहत पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान के हिंदुओं, सिखों, बौद्धों, जैनियों, पारसियों और ईसाइयों को नागरिकता प्रमाण पत्र देने की अनुमति दी गई है।

बीजेपी शासित केंद्र सरकार के इस फैसले को गुजरात विधानसभा चुनाव से पहले लिए गए एक बड़े फैसले के तौर पर देखा जा रहा है। 2019 में केंद्र सरकार द्वारा नागरिकता संशोधन कानून को लागू किए जाने की घोषणा के साथ ही देशभर में विरोध शुरू हो गया था। ऐसे में गुजरात चुनाव से ठीक पहले नागरिकता के सवाल पर इस तरह की अधिसूचना चर्चा का विषय बन सकती है।

## कांग्रेस सरकार में सैनिकों के सिर कटते थे, हमने पाक में घुसकर आतंकियों के परखच्चे उड़ाए : अमित शाह

शिमला, 1 नवंबर (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह एवं सहाकरिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को हिमाचल प्रदेश में भाजपा के चुनाव प्रचार अभियान की कमान संभाली। चंबा जिले के भटियात विधानसभा क्षेत्र में भाजपा प्रत्याशी विक्रम जरियाल के समर्थन में उन्होंने एक जनसभा को संबोधित किया। अपने संबोधन की शुरुआत 'भारत माता की जय' के नारे के साथ करते हुए अमित शाह ने कहा, 'मैं विक्रम जरयाल को लगातार तीसरी बार यहां से जिताने का आशीर्वाद लेने भटियात की जनता के पास आया हूं।

देवभूमि हिमाचल को मेरा प्रणाम। उन वीर माताओं को प्रणाम, जिनके बेटे देश की सरहदों की रक्षा करने के लिए पने प्राणों की आहुति देने से पीछे नहीं हटते। सेना में प्रतिशतता के हिसाब से सबसे अधिक हिमाचल के जवान हैं। मणिमहेश, कार्तिक स्वामी व नाग मंडोर को भी प्रणाम किया। जरयाल की जीत निश्चित है।'

केंद्रीय गृह मंत्री ने हिमाचल प्रदेश की जनता से कहा, 'नया रिवाज बनाइए, एक बार फिर भाजपा की सरकार लाइए। बार-बार भाजपा, कांग्रेस नेता टोपी की राजनीति चलाते हैं। मगर आज से लाल टोपी भी भाजपा की और हरी टोपी भी। राहुल बाबा कान खोल कर सुन लो, हिमाचल प्रदेश का चप्पा-चप्पा भाजपा का है। कांग्रेस दिल्ली में भी और हिमाचल में भी मां-बेटे की पार्टी है. मगर भाजपा सबकी पार्टी है।



कांग्रेस सरकार ने हिमाचल प्रदेश के बजट को 90-10 से 60-40 कर दिया था। मगर भाजपा ने फिर से इसे 90-10 करके प्रदेश का विकास करवाया। कांग्रेस की सरकारें घोटालों की रही हैं, 12 लाख करोड़ के घोटाले किए हैं। अब लोकतंत्र में राजा-रानी नहीं जनता का राज चलता है।' अमित शाह ने कहा कि चंबा जिला में प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में 2 पावर प्रोजेक्ट दिए। केंद्र की भाजपा सरकार ने 10 अस्पतालों को हिम केअर व आयुष्मान योजना के तहत पंजीकृत किया। 360 बेड का मेडिकल कॉलेज सरोल में बन रहा है। हर घर में पानी दिया, मुफ्त इलाज की सुविधा दी, सड़कें बनवाई, मगर कांग्रेस के पास कोई मुद्दा नहीं है। कांग्रेस के समय में, सोनिया-मनमोहन की सरकार में पाकिस्तान के आतंकवादी हमारे जवानों के सिर काट देते थे, और तबकी सरकार उफ्फ तक नहीं करती थी। लेकिन मोदी सरकार मौनी बाबा की सरकार नहीं है। अब पाकिस्तान के दुस्साहस का जवाब सर्जिकल और एयर स्ट्राइक से दिया जाता है। मोदी सरकार में हमारी थल और वायु सेना ने पाकिस्तान में घुसकर आतंकियों के परखचे उड़ा दिए। प्रधानमंत्री मोदी ने ही जम्मू-कश्मीर से आर्टिकल 370 और 35-ए को खत्म किया। केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने कहा कि राम मंदिर का मुद्दा कांग्रेस ने हमेशा लटकाए रखा।

## सुखबीर बादल और अन्य को राहत

**सुप्रीम कोर्ट ने निचली अदालत में सुनवाई पर रोक लगाई**

नई दिल्ली, 1 नवंबर (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को शिरोमणि अकाली दल (शिअद) प्रमुख सुखबीर सिंह बादल और अन्य के खिलाफ निचली अदालत में सुनवाई पर रोक लगा दी। मामले पर न्यायमूर्ति एस. नजीर और वी. रामसुब्रमण्यम की खंडपीठ ने सुनवाई की। खंडपीठ ने आपराधिक मामले के खिलाफ याचिकाओं को खारिज करने को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर शिकायतकर्ता को नोटिस जारी किया। पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय ने 27 अगस्त, 2021 को उस याचिका को खारिज कर दिया था जो बादल और अन्य द्वारा अतिरिक्त मजिस्ट्रेट होशियारपुर के आदेश के खिलाफ दायर की गई थी। सामाजिक कार्यकर्ता बलवंत सिंह खेरा ने 2009 में सुखबीर सिंह बादल, प्रकाश सिंह बादल और दलजीत सिंह चीमा के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। इस शिकायत में आरोप लगाया गया था कि शिअद के दो संविधान हैं, एक जो उसने गुरुद्वारा चुनाव आयोग को सौंपा और दूसरा, भारत के चुनाव आयोग (ईसीआई) को सौंपा।

# तमिलनाडु में भारी बारिश

### चेन्नई में 72 साल में तीसरी बार इतनी वर्षा, स्कूलों में छुट्टी

नई दिल्ली, 1 नवंबर (एजेंसियां)। बंगाल की खाड़ी में बने चक्रवाती हवाओं के क्षेत्र से तमिलनाडु व आसपास के राज्यों में बारिश हो रही है। मौसम विभाग ने चेन्नई समेत कुछ जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया है।

इसके चलते तमिलनाडु के तीन जिलों के स्कूल-कॉलेजों में एक नवंबर को अवकाश घोषित किया गया है। क्षेत्रीय मौसम केंद्र के मुताबिक चेन्नई में आज सवा तीन इंच (8.4cm) से ज्यादा बारिश हुई है। 72 साल में तीसरी बार इतनी वर्षा हुई है।

आईएमडी की भारी बारिश की चेतावनी को देखते हुए नागपट्टिनम, मयिलादुथुराई और तिरुवरुर जिलों के स्कूल और कॉलेज आज बंद रहेंगे। मौसम विभाग चेन्नई के अनुसार आज भारी बारिश के साथ बादल छाए रहेंगे। चेन्नई के कई इलाकों में आज भारी बारिश हुई। निजी मौसम एजेंसी स्काईमेट के अनुसार दक्षिण पश्चिम बंगाल की खाड़ी और उससे सटे श्रीलंका तट पर चक्रवाती हवाओं का क्षेत्र बना हुआ है। वहीं, एक ट्रफ रेखा ऊपर चक्रवात हवाओं के रूप में तमिलनाडु और केरल होते हुए दक्षिण-पूर्व अरब सागर तक फैली हुई है।

**पश्चिमी विक्षोभ से बदलेगा उत्तर भारत का मौसम**

उधर, पश्चिमी हिमालय के ऊपर पश्चिमी विक्षोभ बना हुआ है। एक अन्य पश्चिमी विक्षोभ 4 नवंबर तक जम्मू-कश्मीर पहुंच सकता है। इसके असर से उत्तर भारत में बारिश, बर्फबारी हो सकती है और ठंड चमक सकती है।

**केरल, तमिलनाडु, आंध्र में पूर्वोत्तर मानसून सक्रिय**

पिछले 24 घंटों से तटीय आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु में पूर्वोत्तर मानसून सक्रिय है। इसके असर से तटीय आंध्र प्रदेश, तटीय तमिलनाडु और केरल के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। कुछे स्थानों पर भारी बारिश हुई। आंतरिक तमिलनाडु में छिटपुट हल्की बारिश हुई।

**यहां गिरी बर्फ, हल्की वर्षा के भी आसार**

जम्मू कश्मीर, गिलगित-बाल्टिस्तान और मुजफ्फराबाद में हल्की बारिश और हिमपात हुआ।

अगले 24 घंटों में तटीय आंध्र प्रदेश और तटीय तमिलनाडु में कुछ स्थानों मध्यम से भारी बारिश संभव है। इसी तरह आंतरिक तमिलनाडु, केरल, दक्षिण आंतरिक कर्नाटक और रायलसीमा में हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है।

गिलगित-बाल्टिस्तान, मुजफ्फराबाद, लद्दाख, जम्मू कश्मीर और हिमाचल प्रदेश में एक या दो स्थानों पर हल्की बारिश और बर्फबारी हो सकती है। उत्तराखंड में छिटपुट हल्की बारिश और हिमपात हो सकता है।

## मध्य प्रदेश में भूकंप से कांप गई धरती

भोपाल, 1 नवंबर (एजेंसियां)। सुबह मध्य प्रदेश के कई जिले भूकंप से कांप उठे। प्रदेश के जबलपुर समेत 6 जिलों में सुबह लगभग 9 बजे 4.3 तीव्रता के झटके महसूस किये गए। हालांकि इसकी वजह से किसी भी तरह के जानमाल के नुकसान की खबर नहीं है। मीडिया में आई खबर के अनुसार, सुबह 8 बजकर 43 मिनट पर जबलपुर समेत आसपास के 6 डिंडौरी, मंडला, अनूपपुर बालाघाट और उमरिया जिलों में भूकंप के झटके महसूस किये गए। करीब 50 सेकंड तक लोगों ने जमीन में कंपन महसूस की। भूकंप का केंद्र जबलपुर से 35 किमी दूर और डिंडौरी से 10 किमी दूर रहा। भूकंप का हाइपो सेंटर 10 किमी की गहराई पर मिला है।

## टाटा के उस अधिकारी का नाम बताओ जिसने महाराष्ट्र पर ना कहा

# आदित्य ठाकरे की देवेंद्र फडणवीस को चुनौती

मुंबई, 1 नवंबर (एजेंसियां)। शिवसेना विधायक और उद्धव ठाकरे के बेटे आदित्य ठाकरे ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस से टाटा के उस अधिकारी का नाम बताने को कहा है जिसने कहा था कि राज्य में स्थितियां एयरबस परियोजना के लिए उपयुक्त नहीं हैं। आदित्य ने दावा किया कि केंद्र के इशारे पर परियोजना गुजरात में शिफ्ट की गई। राज्य सरकार पर आरोप लगाया कि उनकी लापरवाही की वजह से हजारों करोड़ की परियोजनाओं से हाथ धोना पड़ा। आदित्य ठाकरे ने कहा, मैं उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस को टाटा कंपनी के उस अधिकारी का नाम लेने की चुनौती देता हूं जिसने कहा था कि महाराष्ट्र में



एयरबस परियोजना स्थापित करने के लिए स्थिति उचित नहीं थी।

क्योंकि हम जो जानते हैं वह यह है कि केंद्र सरकार द्वारा टाटा से विशेष रूप से बताया गया कि उन्हें गुजरात में परियोजना स्थापित करनी है। उन्होंने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को इस मुद्दे पर उनके साथ आमने-सामने बहस करने की चुनौती भी दी। आदित्य ने एकनाथ शिंदे - देवेंद्र फडणवीस के नेतृत्व वाली सरकार पर भी हमला किया और कहा कि शिंदे को महाराष्ट्र में निवेश के मुद्दे पर बात करनी चाहिए थी।

### और क्या कहा आदित्य ने

आदित्य ठाकरे ने कहा, हर पैसा महत्वपूर्ण है, इसलिए राज्य में आने वाले हर निवेश का स्वागत किया जाना चाहिए। लेकिन फिर हमने वेदांत-फॉक्सकॉन, चिकित्सा उपकरण पार्क, बल्क ड्रग पार्क, एयरबस परियोजना और बहुत कुछ खो दिया। हम जो लाए हैं वह 2000 करोड़ रुपये की परियोजना है जबकि हमें 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक की परियोजना के जाने का नुकसान हुआ है।

### फॉक्सकॉन पर फडणवीस ने घेरा था

उन्होंने फडणवीस के आरोपों पर भी टिप्पणी की कि फॉक्सकॉन के महाराष्ट्र नहीं आने की घोषणा तत्कालीन उद्योग मंत्री सुभाष देसाई ने पिछले साल सितंबर में की थी। ठाकरे ने कहा, मैं यह नहीं कह रहा हूं कि उपमुख्यमंत्री झूठ बोल रहे हैं, या वह महाराष्ट्र के लोगों को भ्रमित करने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन यह तय है कि उनके लोगों द्वारा उन्हें ठीक से जानकारी नहीं दी जा रही है।

### आदित्य का स्पष्टीकरण

उन्होंने कहा, अगर उन्हें ठीक से जानकारी दी गई होती, तो वह विवरण पढ़ लेते और जानते थे कि फॉक्सकॉन और वेदांत फॉक्सकॉन सौदों के बीच अंतर था। आदित्य के मुताबिक, "फॉक्सकॉन ने 2018 में महाराष्ट्र शिखर सम्मेलन में राज्य में आने का वादा किया था। उसके बाद, उन्होंने तमिलनाडु में जगह तलाशी और शायद उसके बाद वे यूएसए चले गए और उत्पादन शुरू कर दिया। चूंकि वे पांच साल से महाराष्ट्र नहीं आए थे, इसलिए उनके लिए आरक्षित जगह समाप्त हो गई। इसी को लेकर सुभाष देसाई ने सदन में कहा था कि फॉक्सकॉन महाराष्ट्र नहीं आने वाली है।

## कर्नाटक में अलग राज्य की मांग को लेकर सड़कों पर उतरे लोग

### पुलिस ने 15 लोगों को किया गिरफ्तार

कलबुर्गी, 1 नवंबर (एजेंसियां)। कर्नाटक के कलबुर्गी में कुछ लोग अलग राज्य की मांग को लेकर सड़कों पर उतर आए। कलबुर्गी के डीसीपी ए श्रीनिवासुलु ने बताया कि आज केकेपीआरजेएस संगठन के लोग सड़कों पर उतरकर अगल राज्य की मांग करने लगे और उन्होंने अलग राज्य का झंडा फहराने की भी कोशिश की। साथ ही उन्होंने बताया कि हमने विरोध का नेतृत्व करने वाले एमएस पाटिल सहित 15 लोगों को गिरफ्तार किया और वहीं बाद में उन्हें आगे से ऐसा न करने की शर्त पर रिहा कर दिया।

## दिल्ली की फुटवियर फैक्ट्री में आग, 2 की मौत

नई दिल्ली, 1 नवंबर (एजेंसियां)। दिल्ली के नरेला में मंगलवार सुबह फुटवियर फैक्ट्री में आग लग गई। पुलिस के मुताबिक, हादसे में 2 लोगों की जान गई है। 20 लोगों को इमारत से निकाला गया है। झुलसने की वजह से इन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया है। 10 फायर टेंडर मौके पर पहुंची हैं। फैक्ट्री की तीसरी मंजिल पर आग लगी है। जब आग लगी उस वक्त वहां 100 मजदूर काम कर रहे थे। मजदूरों को फायर ब्रिगेड कर्मियों ने सीढ़ियों से रेस्क्यू किया। कई अभी भी भीतर फंसे हैं। बताया जा



रहा है कि मृतकों की तादाद बढ़ सकती है। फायरब्रिगेड वर्कर्स ने बताया कि कूलिंग में अभी 2-3 घंटों का समय लगेगा। इससे पहले 23 सितंबर को भी नरेला में ही एक फुटवियर फैक्ट्री में आग लग गई थी, जिस पर बाद में काबू पा लिया गया था। इसमें किसी की जान नहीं गई थी।

# मुझे कारगिल नहीं जाने देंगे

## लेकिन चीन को लद्दाख में घुसने से रोक नहीं सकते : उमर अब्दुल्ला

जम्मू, 1 नवंबर (एजेंसियां)। नेशनल कांफ्रेंस (नेकां) के नेता उमर अब्दुल्ला ने दावा किया है कि केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख में प्राधिकारियों ने उन्हें कारगिल जाने से रोकने की कोशिश की. उमर ने सोमवार को द्रास में अपने समर्थकों की सभा में कहा, ''उन्होंने मुझे यहां नहीं आने को कहा. वहां (पूर्वी लद्दाख में) चीन आ गया है, आप उन्हें रोक नहीं सके, आप उन्हें वापस नहीं भेज सके. हम केवल श्रीनगर से द्रास के जरिए कारगिल जा रहे हैं. हम



यहां शहर पर कब्जा जमाने नहीं आए हैं." अब्दुल्ला ने आरोप लगाया कि उन्हें द्रास में सार्वजनिक संबोधन प्रणाली का इस्तेमाल करने और 'डाक बंगला' सुविधा का लाभ उठाने की अनुमति नहीं दी गई. उन्होंने कहा, ''मैं छह साल जम्मू-कश्मीर का मुख्यमंत्री रहा हूं, लेकिन उनके कुछ फैसले मेरी समझ में नहीं आते."अब्दुल्ला ने कहा कि सरकार को अपने फैसले पर ही भरोसा नहीं है. अब्दुल्ला ने कहा, ''उन्होंने अगस्त 2019 में आपको (लद्दाख को) जम्मू-कश्मीर से अलग कर दिया. यदि यह आपकी दिली मांग थी, तो वे हमें प्रवेश करने की अनुमति देने से क्यों डरते हैं?"उन्होंने केंद्र में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि वे काल्पनिक रेखाएं बनाकर जम्मू-कश्मीर और लद्दाख के लोगों के बीच सदियों पुराने संबंध समाप्त नहीं कर सकते. नेशनल कांफ्रेंस के नेता ने कहा, ''हमारे संबंध बहुत मजबूत हैं और ये फर्जी रेखाएं इन्हें कमजोर नहीं कर सकतीं. हम आपका दर्द समझ सकते हैं, हम जानते हैं कि आपको नज़रअंदाज किया जा रहा है.'

## पुणे में बहुमंजिला इमारत में लगी भीषण आग

### बिल्डिंग में पूर्व भारतीय क्रिकेटर जहीर खान का रेस्तरां

पुणे, 1 नवंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र में पुणे शहर के लुल्लानगर इलाके में एक इमारत की सबसे ऊपरी मंजिल पर स्थित रेस्तरां में आग लग गई। समाचार एजेंसी एएनआई की रिपोर्ट के अनुसार आग बुझाने के लिए दमकल की तीन गाड़ियां और पानी के कई टैंकर मौके पर मौजूद थे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस बिल्डिंग में पूर्व भारतीय क्रिकेटर जहीर खान का रेस्तरां भी है। जानकारी के अनुसार, आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। स्थानीय पुलिस के मुताबिक, पुणे के लुल्लानगर इलाके में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई जब यहां स्थित बहुमंजिला इमारत में आग की लपटे दिखने लगी। एएनआई के मुताबिक, आग की सूचना मिलते ही मौके पर दमकल की गाड़ियां पहुंची। घटनास्थल पर दमकल की तीन गाड़ियां और पानी के कई टैंकर पहुंचे। मीडिया रिपोर्ट यह भी है कि इसी इमारत में पूर्व भारतीय क्रिकेटर जहीर खान का रेस्तरां भी है। फिलहाल आग पर काबू पा लिया गया है।

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने किया इंडिया वाटर वीक का उद्घाटन

### सीएम बोले-जल है तो जीवन है

नोएडा, 1 नवंबर (एजेंसियां)। इंडिया एक्सपो मार्ट में आयोजित हो रहे इंडिया वाटर वीक का राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ने उद्घाटन किया। राष्ट्रपति द्रोपदी मूर्मू ग्रेटर नोएडा के एक्सपो मार्ट पहुंची हैं। राष्ट्रपति मुर्मू पहली बार नोएडा पहुंची हैं। इंडिया वाटर वीक के 7वें संस्करण में दुनियाभर से दो हजार से अधिक लोग जल संरक्षण, नदियों में कम होता पानी आदि विषयों पर अपने शोधपत्र प्रस्तुत करेंगे। यह कार्यक्रम पांच नवंबर तक चलेगा। कई देशों के कृषि मंत्री के भी शामिल होने की उम्मीद है। यूपी की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और सीएम योगी



आदित्यनाथ के कार्यक्रम में पहुंचे हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जल है तो जीवन है। प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में जल संसाधन है। 60 से अधिक नदियां पुनर्जीवित की गई हैं। कानपुर में नमामि गंगा परियोजना के तहत कार्य हुआ। सीएम योगी ने कहा कि कानपुर में गंगा को दो नालों के प्रदूषण से मुक्ति मिली। पहले सीवर का पानी सीधे गंगा में गिरता था। सीसामऊ और जाजमऊ के सीवर को डायवर्ट किया गया है। हिमालय की नदियां यूपी के बड़े भूभाग को कवर करती हैं। उन्होंने कहा कि यूपी में 2018 में प्लास्टिक बैन की गई।

प्लास्टिक थर्माकोल की जगह मिट्टी के बर्तनों को बढ़ावा दिया गया है। गांवों में हजारों अमृत सरोवर बनाए गए। बढ़ती आबादी जल संकट का आगाह कर रही है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि आगामी दशकों में भारत की आबादी के तेज गति से बढ़ने का अनुमान है। इसके लिए वाटर मैनेजमेंट और वॉटर गवर्नेंस सिस्टम की जरूरत होगी। इस सिस्टम से जल के समान वितरण और रीसाइक्लिंग जैसे कार्य प्रभावी रूप से हो सकेंगे।

## बाबरी मस्जिद मामले में एससी के फैसले के खिलाफ नारेबाजी पर भड़की अदालत

# कहा- यह दुश्मनी बढ़ाने वाला काम



बेंगलुरु, 1 नवंबर (एजेंसियां)। कर्नाटक हाई कोर्ट ने कैंपस फ्रंट ऑफ इंडिया (सीएफआई) के सदस्य के खिलाफ मामला रद्द कर दिया है, जिसने बाबरी मस्जिद मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले के खिलाफ नारेबाजी की थी। अदालत ने सीएफआई के खिलाफ मामला इसलिए रद्द किया क्योंकि पुलिस उस पर भारतीय दंड संहिता की धारा 153ए के तहत आरोप लगाने से पहले सरकार से मंजूरी लेने में विफल रही। हालांकि, अदालत ने कहा कि फैसले के खिलाफ नारेबाजी करना समुदायों के बीच नफरत फैलाने के बराबर है जिसे हल्के में नहीं लिया जा सकता। कोर्ट ने कहा, 'आरोपी सफवान सीएफआई के बैनर के साथ अन्य लोगों के साथ गया और अयोध्या-बाबरी मस्जिद मामले में दिए गए माननीय एससी के फैसले का विरोध किया, जो कि और कुछ नहीं बल्कि दो समूहों के बीच धर्म के आधार पर दुश्मनी को बढ़ावा देना है।'

### हल्के में नहीं ले सकते इसे: हाई कोर्ट

अदालत ने कहा कि यह एक ऐसा कृत्य है जो मंगलुरु क्षेत्र में सद्भाव बनाए रखने के लिए प्रतिकूल है, जहां आरोपी व्यक्तियों ने फैसले के खिलाफ आंदोलन किया और इसे हल्के में नहीं लिया जा सकता। सफवान पर मंगलुरु में कोनाजे पुलिस की ओर से भारतीय दंड संहिता की धारा 153ए, धारा 149 और कर्नाटक ओपन स्पेस डिसफिगरेशन एक्ट की धारा 3 के तहत आरोप लगाया गया था।

### क्या था सुप्रीम कोर्ट का फैसला?

बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने अयोध्या जमीन विवाद मामले इस बात को माना कि ढांचा गिराना कानून व्यवस्था का उल्लंघन था। कोर्ट ने कहा कि आस्था और विश्वास के आधार पर मालिकाना हक नहीं दिया जा सकता। अपना फैसला पढ़ते हुए अदालत ने कहा कि बाबरी मस्जिद खाली जमीन पर नहीं बनी थी। अदालत ने माना कि वहां पर एक ढांचा था। एएसआई की रिपोर्ट को वैध माना और कहा कि खुदाई में जो मिला वह इस्लामिक ढांचा नहीं था।

## दिल्ली में ट्रिपल मर्डर

### घर में घुसकर दंपती और नौकरानी का कत्ल, बस दो साल की मासूम जिंदा बची

नई दिल्ली, 1 नवंबर (एजेंसियां)। राजधानी दिल्ली में बदमाशों ने घर में घुसकर दंपती समेत तीन लोगों की हत्या कर दी। हत्यारे सीसीटीवी में कैद हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। साथ ही हत्यारों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, दिल्ली के हरि नगर थाना इलाके में ट्रिपल मर्डर की वारदात को अंजाम दिया गया है। घर में तीन लोगों के शव मिले हैं। पति पत्नी और घर में काम करने वाली मेड का शव मिला है। मृतकों की पहचान समीर आहूजा, उनकी पत्नी शालू और मेड सपना है।

## 'आर्म फोर्स के वेतन पर रिपोर्ट के खुलासे से इनकार करने पर पुनर्विचार करें'

# सीआईसी ने पीएमओ को दिया निर्देश

नई दिल्ली, 1 नवंबर (एजेंसियां)। केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) ने प्रधानमंत्री ऑफिस को सशस्त्र बलों के कर्मियों के वेतन और पेंशन पर पूर्व विदेश मंत्री प्रणब मुखर्जी की अगुवाई में मंत्रियों के एक समूह की 14 साल पुरानी रिपोर्ट का खुलासा करने से इनकार करने के फैसले पर ''पुनर्विचार'' करने का निर्देश दिया है. पीएमओ ने इस रिपोर्ट को ''अत्यधिक संवेदनशील'' बताते हुए सूचना का अधिकार (आरटीआई) के तहत इसका खुलासा करने से इनकार कर दिया था. यह निर्देश तब दिया गया है जब आरटीआई आवेदक ने आयोग से कहा कि रक्षा मंत्रालय के तरफ से इस रिपोर्ट के कुछ हिस्सों का पहले ही खुलासा किया जा चुका है. प्रधानमंत्री कार्यालय(पीएमओ) ने इस रिपोर्ट को ''अत्यधिक संवेदनशील'' तथा ''भारत की संप्रभुत्ता और अखंडता पर प्रतिकूल असर'' डालने वाली बताया था.

### एस वाई सावुरी ने दस्तावेज मांगे

एस वाई सावुरी ने 31 जनवरी 2021 को दिए अपने आरटीआई (आरटीआई) आवेदन में मुखर्जी के तरफ से 19 दिसंबर 2008 को उस समय के प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की मंजूरी के लिए दी गयी रिपोर्ट की कॉपी और दूसरे दस्तावेज मांगे हैं. पीएमओ ने रिपोर्ट और दूसरे दस्तावेजों का खुलासा करने से इनकार करते हुए कहा था



कि यह सूचना ''अत्यधिक संवेदनशील'' है तथा उसने इसके खुलासे से इनकार करने के लिए आरटीआई कानून की धारा 8(1)(ए) का हवाला दिया था.

### सिफारिशों को सार्वजनिक किया गया

जब मामला केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) के पास पहुंचा तो एस वाई सावुरी ने कहा कि मंत्रियों के समूह की 2008 की इस रिपोर्ट का रक्षा मंत्रालय के तरफ से पहले ही खुलासा किया जा चुका है. उन्होंने कहा कि समूह की ज्यादातर सिफारिशों को सार्वजनिक किया जा चुका है. मुख्य सूचना आयुक्त वाई के सिन्हा ने आदेश दिया, ''पूर्वगामी चर्चा के मद्देनजर आयोग प्रतिवादी (पीएमओ) को आवेदक की लिखित दलीलों के मद्देनजर तुरंत आरटीआई (आरटीआई) आवेदन पर पुनर्विचार करने तथा सूचना के प्रसार के आरटीआई (आरटीआई) कानून की शर्तों में गुंजाइश की तलाश करते हुए फिर से नया जवाब देने का निर्देश देता है.''

## अनंतनाग में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ एक दशतगर्द का खात्मा

श्रीनगर, 1 नवंबर (एजेंसियां)। अनंतनाग जिले के बिजबिहाड़ा में आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ हुई। इस बीच एक आतंकी मारा गया है। अन्य आतंकियों की तलाश सुरक्षाबल कर रहे हैं। घाटी में इन दिनों लगातार सुरक्षाबलों के ऑपरेशन जारी हैं। मंगलवार को बिजबिहाड़ा में आतंकियों के एक ग्रुप के होने की जानकारी सुरक्षाबलों को मिली। इसके बाद पूरे इलाके में सर्च अभियान चलाया गया। जब सुरक्षाबल एक विशेष जगह पहुंचे तो आतंकियों ने उन पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में एक आतंकी मारा गया है। फिलहाल उसकी पहचान नहीं हो पाई है।

## भारत के स्टील मैन कहे जाने वाले जमशेद जे ईरानी का निधन, 86 साल थी उम्र



मुंबई, 1 नवंबर (एजेंसियां)। देश के स्टील मैन कहे जाने वाले जमशेद जे ईरानी का निधन हो गया है। वह 86 साल के थे और उन्होंने सोमवार (31 अक्तूबर) रात 10 बजे जमशेदपुर में आखिरी सांस ली। इस बात की जानकारी टाटा स्टील ने दी है। टाटा स्टील ने बताया कि पद्म विभूषण डॉ जमशेद जे ईरानी के निधन से टाटा ग्रुप दुखी है। बता दें कि ईरानी जून 2011 में टाटा स्टील के बोर्ड से रिटायर हुए थे। जमशेद का जन्म 2 जून 1936 को हुआ था।

उन्होंने साल 1956 में नागपुर के साइंस कॉलेज से बीएससी की और नागपुर विश्वविद्यालय से 1958 में एमएससी की थी। इसके बाद वह स्कॉलर बने और ब्रिटेन की यूनिवर्सिटी ऑफ शेफील्ड में पढ़ने गए। यहां उन्होंने साल 1960 में मास्टर्स पूरा किया और साल 1963 में उनकी पीएचडी पूरी हुई।

## मोहम्मद जुबैर का लोकप्रियता के लिए ट्वीट करने से इनकार

# एचसी में दिल्ली पुलिस की कार्रवाई पर उठाये सवाल

नई दिल्ली, 1 नवंबर (एजेंसियां)। ऑल्ट न्यूज के सह-संस्थापक मोहम्मद जुबैर ने हाई कोर्ट में दिल्ली पुलिस के उन दावों का खंडन किया है कि वो लोकप्रियता हासिल करने के लिए धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाली सामग्रियां सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हैं। जुबैर के खिलाफ 2018 में किए गए कथित आपत्तिजनक पोस्ट को लेकर दिल्ली पुलिस जांच कर रही है। दिल्ली हाई कोर्ट में दायर अपने जवाब में बेंगलुरु के पत्रकार मोहम्मद जुबैर ने कहा कि उन्होंने कुछ उपकरणों की बरामदगी के संबंध में पुलिस को कोई प्रकटीकरण बयान नहीं दिया था और ऐसा कोई भी खुलासा "पूरी



तरह से गलत, मनगढ़ंत और कानून में अस्वीकार्य है। गौरतलब है कि ट्वीट के जरिए धार्मिक भावनाओं को आहत करने के आरोप में जुबैर को दिल्ली पुलिस ने 27 जून को गिरफ्तार किया था। उनकी गिरफ्तारी उस महीने की शुरुआत में एक ट्विटर उपयोगकर्ता द्वारा दर्ज की गई शिकायत पर आधारित थी। पुलिस ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 153 ए (धर्म, जाति, जन्म स्थान, भाषा आदि के आधार पर विभिन्न समूहों के बीच दुश्मनी को बढ़ावा देना) और 295 ए (धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के इरादे से जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण कार्य) के तहत प्राथमिकी दर्ज की थी। ) जुलाई में उन्हें जमानत मिल गई थी।

सितंबर में दायर अपनी रिपोर्ट में, पुलिस ने कहा था कि जुबैर के बयान के आधार पर उनके आवास से एक लैपटॉप और एक हार्ड डिस्क बरामद की थी, जो उन घटनाओं का साक्ष्य है कि वो लोकप्रियता हासिल करने के लिए इस तरह के ट्वीट कर रहे थे। सोमवार को, जुबैर ने कहा कि दिल्ली पुलिस ने प्रकटीकरण बयानों के नाम पर उन पर झूठे और मनगढ़ंत आरोप लगाए हैं। जुबैर ने दिल्ली पुलिस पर दुर्भावनापूर्ण कारणों से उनके आवास से तलाशी और जब्ती करने का आरोप लगाया। पुलिस के बयान का खंडन करते हुए जुबैर ने अपने वकील अधिवक्ता वृंदा ग्रोवर और सौतिक बनर्जी के माध्यम से कहा कि उन्होंने पुलिस को ऐसा कोई खुलासा बयान नहीं दिया है कि लोकप्रियता हासिल करने के लिए उन्होंने धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाले ट्वीट किए।

## पति राजी नहीं, तब भी मुस्लिम महिलाओं को तलाक मांगने का हक

# केरल हाईकोर्ट का फैसला

तिरुवनन्तपुरम, 1 नवंबर (एजेंसियां)। केरल हाई कोर्ट ने मंगलवार (1 नवबंर, 2022) को कहा कि इस्लामिक कानून में मुस्लिम महिलाओं के तलाक मांगने के हक को मंजूरी मिली हुई है। जरूरी नहीं कि तलाक की उनकी इच्छा पति की भी इच्छा से मेल ही खाए। दूसरे शब्दों में कहें तो अगर पति तलाक के लिए राजी नहीं हो तब भी मुस्लिम महिलाएं तलाक मांग सकती हैं और यह हक उनको इस्लामिक कानून में ही मिला हुआ है। जस्टिस ए मोहम्मद मुस्ताक और जस्टिस सी एस डायस की पीठ ने एक फैसले के खिलाफ समीक्षा याचिका को खारिज करते हुए कोर्ट ने कहा कि मुस्लिम महिलाएं पति की सहमति के बिना भी 'खुला' प्रथा का इस्तेमाल कर सकती हैं। बता दें



कि जब मुस्लिम महिला की ओर से तलाक की प्रक्रिया शुरू की जाती है तो इसे 'खुला' कहते हैं। केरल हाई कोर्ट ने समीक्षा याचिका को खारिज करते हुए कहा कि ऐसा लगता है याचिका पुरुषों के वर्चस्व वाली मानसिकता से दी गई है, जो मुस्लिम महिलाओं को मिले अधिकार पचा नहीं पा रहे हैं। जिस अपील से पुनर्विचार याचिका उठी, वह मुस्लिम विवाह विघटन अधिनियम, 1939 के तहत एक मुस्लिम पत्नी को दी गई तलाक की डिक्री को चुनौती देते हुए दायर की गई थी। समीक्षा याचिका में यह तर्क दिया गया था कि यदि एक मुस्लिम पत्नी अपने पति के साथ अपनी शादी को समाप्त करना चाहती है, तो उसे अपने पति से तलाक की मांग करनी होगी और उसके मना करने पर उसे काजी या अदालत का रुख करना होगा। हालांकि याचिकाकर्ता ने माना कि एक मुस्लिम महिला को अपनी मर्जी से तलाक मांगने का अधिकार है, लेकिन उसने यह भी तर्क दिया कि उसे 'खुला' अपनाने का अधिकार नहीं है। दुनिया में कहीं भी एक मुस्लिम पत्नी को एकतरफा विवाह को समाप्त करने की अनुमति नहीं है।

स्वतंत्र वार्ता

# मेरा हैदराबाद

बुधवार, 2 नवंबर, 2022 3


सु वि चा र

राजनीति कुटिल होती है। असिधारा से भी अधिक तेज है, विद्युत शिखा से भी अधिक चंचल है।

## नवाचारों से सरकारी विभागों के कामकाज में सुधार होगा : मुख्य सचिव



हैदराबाद, 1 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मुख्य सचिव सोमेश कुमार ने कहा कि सरकार ने राज्य में स्टार्टऑप के विकास के लिए अनुकूल वातावरण को बढ़ावा देने के लिए लगातार काम किया है। मुख्य सचिव ने लगभग चालीस वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों के साथ आज टी-हब का दौरा किया और एक नवाचार कार्यशाला में भाग लिया और टी हब द्वारा लाए गए विभिन्न नवाचारों की पहली समझ है। मुख्य सचिव ने कहा कि नवाचारों से न केवल दक्षता, जवाबदेही और पारदर्शिता बढ़ेगी, बल्कि सरकारी विभागों के कामकाज में सुधार करने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा उपयोग की जा सकने वाली बदलती तकनीकों के अनुसार संबंधित विभागों में सेवा वितरण प्रणाली में सुधार के लिए विभिन्न नवाचारों को अपनाने की आवश्यकता को रेखांकित किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि स्कूल के बच्चों में उद्यमिता की भावना पैदा की जानी चाहिए ताकि वे नई तकनीकों को आसानी से आत्मसात कर सकें। इससे पहले, प्रमुख सचिव आईटी एंड सी जयेश रंजन ने कहा कि टी हब ने अब तक सौ से अधिक नवाचार कार्यक्रम दिए हैं जो स्टार्ट-अप और अन्य नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र हितधारकों के लिए एक प्रभाव पैदा कर रहे हैं। इसने 2000 से अधिक राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्टार्ट-अप को बेहतर तकनीक, प्रतिभा, संरक्षक, ग्राहकों, कॉर्पोरेट, निवेशकों और सरकारी एजेंसियों तक पहुंच प्रदान की है। उन्होंने राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय दोनों संस्थानों के साथ टी हब के गठजोड़ और सहयोग के बारे में भी बताया। उन्होंने कहा कि टी हब सात साल पहले स्थापित किया गया था और कम समय में कृषि, खाद्य प्रसंस्करण, स्वास्थ्य और अन्य क्षेत्रों में 260 स्टार्ट अप टी-हब से 1.9 ट्रिलियन डॉलर के कारोबार के साथ काम कर रहे हैं। जबकि राज्य के गठन से पहले केवल दो नवाचार केंद्र थे, पिछले आठ वर्षों के दौरान संख्या बढ़कर 63 नवाचार केंद्र हो गई है। टी हब को मिली जबरदस्त प्रतिक्रिया को देखते हुए राज्य में विशेष रूप से महिला उद्यमियों के लिए एक अलग इन्क्यूबेशन सेंटर वी-हब स्थापित किया गया है। तेलंगाना स्टेट इनोवेशन काउंसिल ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूली बच्चों के बीच नवीन विचारों को बढ़ावा दे रही है। इसी तरह, जीवन विज्ञान, खाद्य और कृषि प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अनुसंधान और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के सहयोग से 2017 में हैदराबाद के रिसर्च एंड इनोवेशन सर्कल की शुरुआत की गई थी। तेलंगाना एकेडमी फॉर साइंस एंड नॉलेज राज्य में विभिन्न नवाचारों में सबसे आगे रहा है।

## संगारेड्डी में भारत जोड़ो यात्रा आज

संगारेड्डी, 1 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा बुधवार को रामचंद्रपुरम मंडल स्थित भेल बस्ती के पास से संगारेड्डी जिले में प्रवेश करेगी। श्री गांधी संगारेड्डी जिले के पटनचेरु, संगारेड्डी, एंडोले और नारायणखेड़ विधानसभा क्षेत्रों से चलेंगे। पटनचेरु में कांग्रेस नेताओं ने बीएचईएल टाउनशिप से एनएच-65 के दोनों ओर संगारेड्डी के रास्ते में गांधी के होर्डिंग लगाकर व्यवस्था की है। वह बुधवार शाम को पटनचेरु निर्वाचन क्षेत्र की अपनी यात्रा पूरी करेंगे और रुद्राम के पास गणेश मंडी में रुकेंगे। कांग्रेस नेता टी जग्गा रेड्डी ने कहा कि यात्रा कांग्रेस कार्यकर्ताओं के उत्साह को बढ़ाएगी क्योंकि तेलंगाना में चुनाव तेजी से आ रहे हैं। संगारेड्डी के एसपी एम. रमण कुमार ने एक प्रेस बयान में कहा कि जिले में यात्रा को पर्याप्त सुरक्षा मुहैया कराने के लिए तैयारियां की गई हैं। पुलिस ने ट्रैफिक एडवाइजरी भी जारी की है।

## सोने की तस्करी के गिरोह का भंडाफोड़, एक किलो सोना बरामद



हैदराबाद, 1 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। सिटी कमिश्नर टास्क फोर्स की साउथ जोन टीम, हैदराबाद के अधिकारियों ने सीमा शुल्क अधिकारियों के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सोने की तस्करी करने वाले चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। उनके कब्जे से कुल 1 किलो ग्राम सोना जब्त किया गया। गिरफ्तार लोगों में मोहम्मद ख्वाजा मोहिउद्दीन निवासी गोलकोडा, हैदराबाद, रईस अहमद सईद हुसैन निवासी बटकल, कर्नाटक, सरीम हुसैन, निवासी इलियाज़ी नगर, कर्नाटक , फौजान, निवासी रंगिंकट्टा, मदिनीमंजिल, बटकल, कर्नाटक शामिल है। पुलिस के मुताबिक मुख्य आरोपी मोहम्मद ख्वाजा मोहिउद्दीन विजिट वीजा पर यूएई गया है। वहां उसने अपना सारा पैसा खर्च कर दिया और उसे पैसे की जरूरत थी। बाद में, एक व्यक्ति ने उससे मुलाकात की और सोने की तस्करी के लिए पैसे और उड़ान टिकट देने का ऑफर दिया। प्रस्ताव पर सहमति जताते हुए उसने हैदराबाद में सोने की तस्करी के लिए तीन व्यक्तियों को तैयार कर लिया। विश्वसनीय सूचना के आधार पर साउथ जोन टास्क फोर्स की टीम ने हैदराबाद के सिटी कॉलेज एक्स रोड से आरोपी मोहम्मद ख्वाजा मोहिउद्दीन, रईस अहमद सईद हुसैन , सरीम हुसैन और फौजान को गिरफ्तार किया।

## कट्टर माओवादियों को पकड़ने वाले तेलंगाना के 13 पुलिसकर्मी होंगे सम्मानित

### मिलगा केन्द्रीय गृहमंत्री का स्पेशल ऑपरेशन मेडल

नई दिल्ली/हैदराबाद, 1 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अनिल कुमार सिंह सहित 13 पुलिसकर्मियों को माडवी नंदा सहित तीन कट्टर माओवादियों को पकड़ने के लिये केन्द्रीय गृह मंत्री के स्पेशल ऑपरेशन मेडल से सम्मानित किया जायेगा। इनके अलावा पंजाब के 16, दिल्ली के 19, जम्मू एवं कश्मीर के चार और महाराष्ट्र के 11 पुलिसकर्मियों को भी स्पेशल ऑपरेशन मेडल से सम्मानित किया जायेगा। छत्तीसगढ़-तेलंगाना सीमा पर इस साल पांच मई को एक विशेष अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अनिल कुमार और पुलिस उप अधीक्षक के. रवींद्र रेड्डी, पुलिस निरीक्षक एम वेंकटेश्वर गौड, उप निरीक्षक के. कुकुडापु श्रीनिवासुलु, उपनिरीक्षक मोहम्मद अख्तर पाशा, उपनिरीक्षक पांडेय जितेन्द्र प्रसाद, उप निरीक्षक सईद अब्दुल करीम, हैड कांस्टेबल एस राजवर्धन रेड्डी और मोहम्मद ताज पाशा, पुलिस कांस्टेबल मोहम्मद फरीद-उ-दीन, बचुला लक्ष्मीनारायण, कोडगल किरण कुमार और सईद जिया-उल-हक ने छत्तीसगढ़ के किस्ताराम इलाके में माओवादियों के खिलाफ ऑपरेशन को अंजाम दिया। इस ऑपरेशन के तहत तीन कट्टर माओवादियों को पकड़ा, जिनमें माडवी नंदा भी शामिल था। इसको सबसे बड़ा सफल ऑपरेशन बताया गया। माडवी कट्टर माओंवादी नेता थे और हिडमा के बाद पीएलजीए में दूसरे नंबर पर थे। उन्हें हिडमा के उत्तराधिकारी के रूप में भी देखा जाता था। एक बड़े माओवादी नेता को जिंदा पकड़ना तेलंगाना पुलिस की सबसे बड़ी उपलब्धि थी। गौरतलब है कि केन्द्रीय गृहमंत्री के स्पेशल ऑपरेशन मेडल से चार विशेष अभियानों के लिए सम्मानित किया जाता है। इस मेडल का गठन 2018 में उन कार्यो को मान्यता देने के उद्देश्य से किया गया था, जिनमें उच्च स्तर की योजन, देश, राज्य, केन्द्र शासित प्रदेश की सुरक्षा के लिए उच्च महत्व और समाज के बड़े वर्गो की सुरक्षा पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। यह पुरस्कार आतंकवाद, सीमा कार्रवाई, हथियार नियंत्रण, नशील पदार्थो की तस्करी की रोकथाम और बचाव कार्यो जैसे क्षेत्रों में विशेष अभियान के लिये दिया जाएगा। इसकी घोषणा हर साल 31 अक्टूबर को की जाती है।

## अमेठी में चुनाव हारने वाले राहुल की केसीआर पर टिप्पणी हास्यास्पद : केटीआर

हैदराबाद, 1 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। सत्तारूढ़ टीआरएस पार्टी ने भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के शुभारंभ के साथ मुख्यमंत्री के चंद्रशेखर राव के राष्ट्रीय राजनीति में प्रवेश पर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की टिप्पणियों पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है, यह इंगित करते हुए कि कांग्रेस के वंशज अमेठी में संसद चुनाव नहीं जीत सके, लेकिन मुख्यमंत्री की राष्ट्रीय पार्टी की महत्वाकांक्षाओं की आलोचना कर रहे हैं।

तेलंगाना में अपनी भारत जोड़ो यात्रा कर रहे कांग्रेस सांसद ने कहा था कि नेताओं को सपने देखने और कल्पना करने का अधिकार है, जिस तरह से वे चाहते हैं। टीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष और उद्योग मंत्री केटी रामाराव ने जोरदार प्रतिक्रिया देते हुए ट्वीट किया: कि अंतर्राष्ट्रीय नेता, राहुल गांधी, जो अमेठी में अपनी खुद की संसद सीट नहीं जीत सकते, तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की राष्ट्रीय पार्टी की महत्वाकांक्षाओं का उपहास करते हैं।

## साइबराबाद में 'स्टॉप लाइन उल्लंघन' पर विशेष अभियान



हैदराबाद, 1 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। साइबराबाद ट्रैफिक डीसीपी टी श्रीनिवास राव ने बताया कि साइबराबाद पुलिस कमिश्नरेट में आज से स्टॉप लाइन उल्लंघन के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। डीसीपी ट्रैफिक साइबराबाद टी श्रीनिवास राव ने आज विप्रो सर्कल में इस विशेष अभियान की शुरुआत की। इस अवसर पर डीसीपी ट्रैफिक साइबराबाद टी श्रीनिवास राव ने कहा कि पुलिस आयुक्त साइबराबाद स्टीफन रवींद्र के आदेश पर आज (1 नवंबर) से पैदल चलने वालों की सुरक्षा के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा।

मोटर वाहन अधिनियम की धारा 177 के अनुसार, स्टॉप लाइन पार करने और जेब्रा क्रॉसिंग पर या सिग्नल से पहले रुकने वालों पर 100 रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। पैदल चलने वालों को भी ज़ेबरा क्रॉसिंग पर सड़क पार करने की सलाह दी जाती है। पैदल यात्रियों की सुरक्षा हमारी पहली प्राथमिकता है। इस अभियान में एडीसीपी श्रीनिवास रेड्डी, मदापुर एसीपी हनुमंत राव और गाचीबोवली ट्रैफिक एसएचओ नवीन ने भाग लिया।

## नारायण को मियामी हवाई अड्डे पर हुआ कड़वा अनुभव

हैदराबाद, 1 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। भाकपा के राष्ट्रीय सचिव डॉ. के. नारायण को फ़्लोरिडा के मियामी हवाई अड्डे पर अमेरिकी आव्रजन अधिकारियों के हाथों एक कड़वे अनुभव का सामना करना पड़ा। आव्रजन अधिकारियों ने नारायण की पूछताछ के नाम पर उन्हें परेशान किया। यह घटना तब हुई जब नारायण क्यूबा में कम्युनिस्ट पार्टी के एक सम्मेलन में भाग लेने के बाद अपने पौत्र से मिलने फ़्लोरिडा जा रहे थे। इमिग्रेशन विभाग के अधिकारियों ने उन्हें एयरपोर्ट पर रोका और पूछताछ के नाम पर उन्हें तीन घंटे तक बैठाया।

अधिकारियों ने वाम दल के नेता से कई सवाल पूछकर उनसे पूछताछ की। नतीजतन, वह एक विमान से चूक गया जो पेरू जा रहा है। पूछताछ के बाद उसे दूसरा विमान पकड़ना था।

## कोयला खदान दुर्घटना में सिंगरेनी कार्यकर्ता घायल

पेद्दापल्ली, 1 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। रामगुंडम-द्वितीय के गोदावरीखानी में मंगलवार को 11 ए इनलाइन कोयला खदान में हुए हादसे में सिंगरेनी कार्यकर्ता आर रवि कुमार घायल हो गया। यह घटना तड़के करीब तीन बजे हवाई विस्फोट के बाद हुई। घटना के वक्त पांच खनिक मौके पर काम कर रहे थे। जबकि फिटर रवि कुमार (34) को सिर में चोट लगी, जबकि अन्य चार व्यक्ति बिना किसी चोट के भागने में सफल रहे। अधिकारियों ने घायल खनिक को गोदावरीखानी सिंगरेनी क्षेत्र के अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया जहां उसका इलाज चल रहा है। ट्रेड यूनियन नेताओं ने आरोप लगाया कि हवाई विस्फोट की घटना इसलिए हुई क्योंकि खदान के अधिकारी सुरक्षा उपाय करने में विफल रहे।

## तेरास की साजिशों और बाधाओं से भाजपा डरने वाली नहीं : बंडी संजय

हैदराबाद, 1 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बंडी संजय कुमार ने आज कहा कि मुनुगोडु विधानसभा क्षेत्र में कुरुक्षेत्र युद्ध हो रहा है। सत्तारूढ़ टीआरएस पार्टी की साजिशों और बाधाओं से भाजपा डरने वाली नहीं है। नामपल्ली भाजपा कार्यालय में मीडियाकर्मियों से बात करते हुए संजय ने टीएनजीओ एसोसिएशन के तीन नेताओं पर भी निशाना साधा और चेतावनी दी कि वह उनकी अनियमितताओं और अवैध संपत्तियों का पर्दाफाश करेंगे। उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि वह किसी भी कीमत पर टीएनजीओ नेताओं से माफी नहीं मांगेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि टीएनजीओ के तीनों नेताओं के पास करोड़ों रुपये की अवैध संपत्ति है। उन्होंने नेताओं से पूछा कि वे कर्मचारियों के बचाव में क्यों नहीं आए, जिन्हें जीओ नंबर 317 जारी करने के कारण नुकसान हुआ था। उन्होंने आरोप लगाया कि कर्मचारी संघ के नेताओं ने राज्य सरकार के कर्मचारियों की लंबित समस्याओं पर लड़ाई नहीं की जैसे कि डीए और अन्य लाभ। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं और नेताओं ने चुनाव प्रचार के दौरान कड़ी मेहनत की और कहा कि उन्होंने सभी लोकतांत्रिक मानदंडों का पालन किया है। जीएसटी हथकरघा क्षेत्र को लागू करने के बारे में सीएम के दावों को पूरी तरह से गलत बताया और दावा किया कि यह सत्तारूढ़ टीआरएस पार्टी थी जिसने केंद्र से इसे लागू करने का आग्रह किया था।

उन्होंने आरोप लगाया कि सीएम ने राज्य के बुनकरों को बतुकम्मा साड़ी का ऑर्डर नहीं दिया। उन्होंने कहा कि सीएम को बीसी समुदाय के लोगों की समस्याओं की कोई परवाह नहीं है। उन्होंने सीएम से मुनुगोडु विधानसभा क्षेत्र में राज्य सरकार द्वारा की गई विकास गतिविधियों पर एक श्वेत पत्र जारी करने की मांग की।

## दोषी के रिश्तेदारों को परेशान करने के आरोप में चेरलापल्ली जेल अधिकारी का तबादला

हैदराबाद, 1 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। सेंट्रल जेल चेर्लापल्ली में काम करने वाले एक अधिकारी को उसके खिलाफ एक दोषी द्वारा की गई शिकायत के बाद स्थानांतरित कर दिया गया।

केंद्रीय कारागार चेरलापल्ली के उपाधीक्षक दशरथम का मंगलवार को प्रशासनिक आधार पर तबादला कर महानिदेशक कैदी डॉ. जितेंद्र ने नई पोस्टिंग पर तुरंत रिपोर्ट करने को कहा। सूत्रों ने कहा कि एक दोषी ने अधिकारी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी कि जब वे उससे मिलने जेल गए, तब वह अपनी महिला रिश्तेदारों को परेशान कर रहा था। कुछ अन्य महिलाओं ने भी अधिकारी के कथित अनुचित व्यवहार के खिलाफ शिकायत की। इस बीच, अक्टूबर के मध्य के आसपास, अधिकारी ने कुशाईगुड़ा पुलिस स्टेशन में कुछ लोगों के खिलाफ शिकायत की थी।

## वृहद् हैदराबाद के तेरापंथ डिजिटल डायरेक्टरी का विमोचन



हैदराबाद, 1 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। श्री जैन श्वेताम्बर तेरापंथी सभा, सिकंदराबाद के तत्वावधान में तेरापंथ समाज वृहद् हैदराबाद की डिजिटल डायरेक्टरी का शुभारंभ तेयुप के दीपावली स्नेह मिलन कार्यक्रम के दौरान क्लासिक गार्डन, सिकंदराबाद में किया गया।

डिजिटल डायरेक्टरी का ऐप भी गूगल और एप्पल प्लेटफार्म पर शीघ्र उपलब्ध हो जायेगा। वृहद् हैदराबाद तेरापंथी समाज के अधिकतम लोगो ने इसमें अपना रजिस्ट्रेशन करा लिया है तथा जिन्होंने अभी तक रजिस्ट्रेशन नहीं किया है उनसे अनुरोध शीघ्र इसके संयोजकों से संपर्क कर अपना रजिस्ट्रेशन यथाशीघ्र करें।

तेरापंथ डिजिटल डायरेक्टरी वृहद् हैदराबाद के मुख्य सौजन्य श्रीमती इंदरमणीदेवी अशोक श्रेयांश बरमेचा एवं अन्य सौजन्य बाबूलालजी बैद, सुशील संचेती, मुकेशजी चौरडिया, सुरेश सुराणा के द्वारा डिजिटल डायरेक्टरी का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर डिजिटल डायरेक्टरी के मुख्य संयोजक संजय कुचेरिया एवं अन्य संयोजकगण प्रकाश बोथरा, अरिहंत गुजरानी, खुशाल भंसाली, लक्ष्मीपत बैद, नवीन सुराणा, मुकेश सुराणा, राजेंद्र बोथरा, मीनाक्षी जैन के साथ पूर्व सभा अध्यक्ष अशोक संचेती, सभा परामर्शक बाबूलाल सुराणा, सह मंत्री राकेश सुराना, धर्मेंद्र चोराडिया, नवीन छाजेड़, हुकमीचंद चोरडिया, महिला मंडल अध्यक्ष अनिता गिडिया, मंत्री श्वेता सेठिया, तेयूप अध्यक्ष वीरेंद्र घोषल, अणुव्रत समिति अध्यक्ष प्रकाश भंडारी, मंत्री अशोक मेडतवाल, राजेन्द्रजी सुराणा, प्रोफेशनल फोरम अध्यक्ष मोहित बैद, नवनीत छाजेड़ अभिनंदन नाहटा व अन्य उपस्थित थे।

## एनएमडीसी में एकता दिवस व सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन



हैदराबाद, 1 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। भारत के लौह पुरुष वल्लभभाई पटेल की जयंती पर एकता दिवस और केंद्रीय सतर्कता आयोग के निर्देशों के अनुसार सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2022 (वीएडब्ल्यू -2022) का उद्घाटन किया गया। 31 अक्टूबर, 2022 से 06 नवम्बर, 2022 तक वीएडब्ल्यू-2022 मनाया जाएगा जिसकी थीम भ्रष्टाचार मुक्त भारत-विकसित भारत है।

वीएडब्ल्यू-2022 के उद्घाटन दिवस पर एनएमडीसी लिमिटेड के सीवीओ बी. विश्वनाथ ने अपने मुख्यालय, हैदराबाद में कर्मचारियों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई। उन्होंने सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2022 पर माननीय राष्ट्रपति का संदेश भी पढ़ा। वीएडब्ल्यू-2022 के अवसर पर अधिशासी निदेशक (पीसी) बी. साहू ने माननीय उपराष्ट्रपति का संदेश पढ़ा; अधिशासी निदेशक (वाणिज्य) एके पाढी ने प्रधानमंत्री और अधिशासी निदेशक (आरपी) एम. जयपाल रेड्डी ने केंद्रीय सतर्कता आयोग के संदेश को पढा।

शपथ समारोह छत्तीसगढ़, कर्नाटक, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, झारखंड और नई दिल्ली राज्यों में स्थित एनएमडीसी लिमिटेड की सभी परियोजनाओं/अनुसंधान एवं विकास और क्षेत्रीय कार्यालयों में भी आयोजित किया गया, जिसने वहां तैनात पांच हजार अन्य कर्मचारियों ने कोविड-19 महामारी से संबंधित सावधानियों का विधिवत पालन करते हुए एक साथ सत्यनिष्ठा शपथ ली। एनएमडीसी में सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2022 के दौरान कर्मचारियों, स्कूली बच्चों, सुरक्षा और अन्य आउटसोर्स कर्मियों, विक्रेताओं, आपूर्तिकर्ताओं और अन्य हितधारकों के लिए व्यक्तिगत और अंतर-विभागीय प्रतियोगिताओं और संवेदीकरण कार्यक्रमों सहित विभिन्न गतिविधियों की योजना बनाई गई है, जिसका 5 नवंबर को समापन समारोह और विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कार वितरण के साथ होगा ।

वीएडब्ल्यू 2022 के उद्घाटन दिवस पर एनएमडीसी कर्मचारियों और स्कूली बच्चों के लिए सीके नायडू, क्रिकेट स्टेडियम में मैराथन व रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि, एनएमडीसी के मुख्य सतर्कता अधिकारी बी. विश्वनाथ, आईआरएसएस ने यूनिटी रन को हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर सुमित देब, सीएमडी, एनएमडीसी ने कहा कि हमारा सतर्कता विभाग निर्णय लेने में सुदृढता और पारदर्शिता को सुविधाजनक बनाने के लिए विभिन्न उपायों को करने में सक्रिय रहा है।

## वैष्णव धाम राम मंदिर में अन्नकूट प्रसाद कार्यक्रम सम्पन्न







हैदराबाद, 1 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। धम्मागुडा स्थित श्री वैष्णव धाम राम मंदिर में तेलंगाना वैष्णव नवयुवक मंडल समाज बन्धुओं के सान्निध्य में दीपावली स्नेह मिलन व अन्नकूट प्रसाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। जारी प्रेस विज्ञप्ति में अध्यक्ष विष्णु रामावत व संतोष टीलावत ने बताया कि समाज बन्धुओं के सान्निध्य में मंदिर प्रांगण में दीपावली स्नेह मिलन व अन्नकूट प्रसाद कार्यक्रम आयोजित किया गया।

अध्यक्ष विष्णु रामावत ने मंच का संचालन किया। कार्यक्रम में पधारे सम्मानित अतिथियों व पदाधिकारियों को मंच पर आमंत्रितकर विशेष सम्मान करते हुए अन्नकूट प्रसाद सेवा के लाभार्थी परिवार श्रीमती किरन, ललितकुमार, चेतन वैष्णव हाईटेकसिटी परिवार वालों का हार-सम्मान किया गया। सम्बोधन भाषण में अध्यक्ष रामावत ने बताया कि कार्तिक मास के पावन अवसर पर अन्नकूट प्रसाद ग्रहण करने से पारिवारिक सुख-समृद्धि बनी हुई रहती है।

अवसर पर समाज को भरोसा दिलाया कि मंदिर प्रांगण में हो रहे निर्माणाधीन कार्यो को सभी के सहयोग से अतिशीघ्र पूर्ण कराया जाएगा।

आरती के पश्चात् राम दरबार मे भोग लगाकर पधारे समाज बन्धुओं के लिए अन्नकूट प्रसाद वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज के भंवरलाल, मांगीलाल, मोतीलाल, रामकिशन, बाबुलाल, संतोष टीलावत, किशन गोपाल, ओमप्रकाश, राजुदास एवं बहुत से समाज बन्धु सपरिवार उपस्थित रहे। संतोष टीलावत के धन्यवाद ज्ञपान से कार्यक्रम का समापन्न हुआ।

# नीतीश कुमार महागठबंधन में रहकर आरजेडी को हराने में लगे?

## विपक्ष के दावे में कितनी सच्चाई



पटना, 1 नवंबर (एजेंसियां)। बिहार की दो विधानसभा सीटों गोपालगंज और मोकामा में हो रहे उपचुनाव से राज्य का सियासी पारा गर्म है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के चुनाव प्रचार के लिए नहीं जाने पर बीजेपी तंज कस रही है। विपक्ष का कहना है कि नीतीश कुमार महागठबंधन में रहकर ही आरजेडी को हराने में लगे हैं।

बीजेपी समर्थित लोजपा (रामविलास) के नेता चिराग पासवान ने भी कहा कि नीतीश कुमार कभी भी महागठबंधन छोड़ सकते हैं। ऐसे में सियासी गलियारे में चर्चा शुरू हो गई है कि क्या वाकई सीएम नीतीश ने जानबूझकर मोकामा में चुनाव प्रचार से दूरी बनाई?

बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को आभास हो गया है कि दोनों जगह आरजेडी उम्मीदवार और महागठबंधन की हार हो रही है। इसलिए वे चुनाव प्रचार के लिए नहीं जा रहे हैं, ताकि हार की जिम्मेदारी अपने ऊपर नहीं लेनी पड़े।

लोजपा (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने कहा कि सीएम नीतीश मोकामा से ज्यादा दूर नहीं रहते हैं। मगर चोट का हवाला देकर चुनाव प्रचार से दूरी बना रहे हैं। ये अपने आप में गठबंधन के लिए बेईमानी है। महागठबंधन में ईमानदारी है ही कहां।

**आरजेडी को हराने में लगे नीतीश कुमार?**

विपक्ष के इन आरोपों से चर्चा शुरू हो गई है कि क्या नीतीश कुमार अंदरखाने अपनी सहयोगी आरजेडी के उम्मीदवारों को हराने में लगी हुई है? गोपालगंज और मोकामा दोनों सीटों पर नीतीश कुमार ने रैली नहीं की। पहले उनके डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव के साथ चुनाव प्रचार पर जाने की खबर आई थी, मगर बाद में मुख्यमंत्री ने खुद मीडिया के सामने आकर कहा कि स्टीमर से हुए हादसे में उन्हें पेट में चोट लगी। इस कारण वे प्रचार के लिए नहीं जाएंगे। सोमवार को सीएम ने वीडियो संदेश जारी कर वोटरों से आरजेडी प्रत्याशियों को वोट करने की अपील की।

इससे पहले चुनाव रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने दावा था कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जल्द ही महागठबंधन को अलविदा कहेंगे और वापस एनडीए में जाएंगे। इसके बाद जेडीयू की सहयोगी हिंदुस्तान आवाम मोर्चा (एचएएम) के मुखिया और पूर्व सीएम जीतनराम मांझी का बयान भी आया।

उन्होंने कहा कि अगर नीतीश कुमार बिहार के हित में बीजेपी के साथ वापस जाते हैं, तो वे उनका स्वागत करेंगे। हालांकि नीतीश कुमार कई मोर्चों पर कह चुके हैं कि वे जिन्दगी भर बीजेपी से हाथ नहीं मिलाने वाले हैं।

# ईसी के नोटिस का कड़ा जवाब देने की तैयारी में अखिलेश

## वोटर लिस्ट से काटे गए मतदाताओं का मांगा शपथ पत्र



बरेली, 1 नवंबर (एजेंसियां)। भारतीय निर्वाचन आयोग ने कुछ दिन पहले ही समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव को नोटिस जारी कर 10 नवंबर तक जवाब मांगा है। अखिलेश यादव ने चुनाव में हार के बाद हर विधानसभा सीट से यादव और मुस्लिम समुदाय के 20- 20 हजार वोट काटने का आरोप लगाया था। इसके साथ ही चुनाव आयोग पर भाजपा को फायदा पहुंचाने का आरोप था। इसी मामले में चुनाव आयोग ने सबूत पेश करने को कहा है। सपा प्रमुख अखिलेश यादव चुनाव अयोग को कड़ा जवाब देने की तैयारी में हैं। प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की तरफ से पार्टी के सभी विधायक, विधानसभा प्रत्याशी, जिला- महानगर अध्यक्ष एवं प्रमुख पदाधिकारियों को पत्र भेजा है। सपा ने पत्र के माध्यम से मतदाता सूची में दर्ज नाम और मतदाता सूची से काटे गए नाम दोनों के मतदाता सूची के पेज एकत्रित कर, गलत ढंग से जिसका नाम काटा गया है, उस व्यक्ति का शपथ पत्र मांगा है। मतदाता सूची से नाम काटने की शिकायत की छाया प्रति तथा मतदाता सूची दस्तावेज सबूत सहित 03 नवंबर 2022 तक हर हाल में अनिवार्य रूप से प्रदेश कार्यालय में जमा करने को कहा है। सपा के पत्र में बताया गया है कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर 15 जनवरी 2021 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन हुआ था। 16 जनवरी 2021 से 31 अक्टूबर 2021 तक लगातार नाम काटे और जोड़े गए थे। सभी मिलाकर 1 नवंबर को 2021 को मतदाता सूची का ड्राफ्ट रोल प्रकाशित किया गया। निर्वाचन आयोग द्वारा 1 नवंबर 2021 से 5 दिसंबर 2021 तक विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान चलाया गया था। पुनरीक्षण अभियान के बाद 5 जनवरी 2022 को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन हुआ। 5 जनवरी 2022 को प्रकाशित मतदाता सूची में जो नाम गलत ढंग से काटे गए तथा 05 जनवरी 2022 को मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद 8 जनवरी 2022 को चुनाव की घोषणा हुई थी।

# जेडीयू का आरजेडी में होगा विलय

## जदयू के कई विधायक बीजेपी के संपर्क में, उपचुनाव से पहले सुशील मोदी का बड़ा दावा

पटना, 1 नवंबर (एजेंसियां)। बिहार में होने वाले विधानसभा उपचुनाव को लेकर हो रहे प्रचार के आखिरी दिन भाजपा नेता सुशील मोदी के बयान ने राज्य के सियासत की गर्मी बढ़ा दी है। भाजपा नेता ने दावा किया है कि जदयू के कई विधायक भाजपा के संपर्क में हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही जेडीयू का आरजेडी में विलय होने वाला है। इसी वजह से जदयू नेताओं में अफरा-तफरी मची हुई है। मोकामा और गोपालगंज में चुनाव की वोटिंग से ठीक पहले ऐसे बयान से बिहार की सियासत में गर्मी बढ़ गई है। ऐसा माना जा रहा है कि भाजपा नेता के इस बयान का उपचुनाव पर भी असर पड़ सकता है। चुनाव प्रचार करने पहुंचे पूर्व डिप्टी सीएम सुशील मोदी ने कहा कि जेडीयू के कई विधायक नीतीश कुमार के पाला बदलने से नाखुश हैं। इसी कारण से कई विधायक अब जदयू का साथ छोड़ भाजपा में आना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि जदयू विधायकों को डर है कि अगले चुनाव में उनका टिकट काट कर राजद को दे दिया जाएगा। भाजपा नेता ने दावा किया कि कई जदयू नेता भाजपा के संपर्क में है, पार्टी समय आने पर उनके बारे में फैसला लेगी।

# डेंगू से एक और मौत, महिला ने मेडिकल कॉलेज में तोड़ा दम

## निजी अस्पतालों में मरीजों की भीड़



बरेली, 1 नवंबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के बरेली में डेंगू बुखार बढ़ता जा रहा है। यहां आधा दर्जन से अधिक लोगों की डेंगू बुखार से मौत हो गई है। मगर, स्वास्थ्य विभाग ने डेंगू बुखार से हुई मौतों की संख्या पर ऐतराज जताया है। उन्होंने सिर्फ एक महिला की डेंगू से मौत होने की बात कही है।

नगर पंचायत फतेहगंज पश्चिमी के अंसारी मोहल्ला निवासी नूरजहां (45 वर्ष) को 8 दिन पूर्व बुखार आया था। डॉक्टर से दवा लेने के बाद भी हालत में सुधार नहीं हुआ। इसके बाद रामपुर रोड स्थित निजी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया। उनके बेटे अजीम ने बताया कि डॉक्टर ने डेंगू की पुष्टि की थी। उनकी इलाज के दौरान मौत हो गई। इसके अलावा निजी अस्पतालों में डेंगू के संदिग्ध मरीजों की भीड़ लगी हुई है।

फतेह पश्चिमी में भी एक ही परिवार के कई लोग पिछले दिनों डेंगू बुखार में मिले थे। डेंगू से दमखोदा ब्लॉक के सिंधोरा गांव में 6 लोगों की मौत होने की बात सामने आई थी।हेल्थ डिपार्टमेंट की टीम की जांच में 1740 की जनसंख्या वाले गांव में 220 से अधिक मरीज मलेरिया के मिले थे।हालांकि, गांव वालों का कहना है कि 11 अक्टूबर को उमा देवी (65 वर्ष), 19 अक्टूबर को कन्हैया लाल (70 वर्ष), 22 अक्टूबर को अध्यांश (17 वर्ष), 27 अक्टूबर को कलावती (72 वर्ष), 24 अक्टूबर को नत्थू लाल (74 वर्ष), सरला उर्फ अनीता (17 वर्ष) की भी मौत हो गई थी।

देवरनिया थाना क्षेत्र के सिंधौरा गांव निवासी पूर्व प्रधान नत्थू लाल पाली की डेंगू से कुछ दिन पूर्व मौत हो गई थी।हालांकि, स्वास्थ्य विभाग ने डेंगू से मौत का खंडन किया था। इसके अलावा शहर के सिविल लाइंस पटेल नगर निवासी शशांक सक्सेना (42 वर्ष) की भी इलाज के दौरान मौत हो गई थी। शहर से लेकर देहात तक डेंगू बुखार का प्रकोप है।डेंगू का मच्छर दिन के समय काटता है। इसलिए दिन में खुद को सुरक्षित रखें।

# उपचुनाव के प्रचार का आखिरी दिन तेजस्वी की दोनों जगह सभा

## बीजेपी-महागठबंधन में सीधी टक्कर, गोपालगंज में तेजस्वी की मामी खेल बिगाड़ने में लगीं

पटना, 1 नवंबर (एजेंसियां)। मोकामा और गोपालगंज में विधान सभा उपचुनाव के लिए प्रचार का आज मंगलवार को अंतिम दिन है। आखिरी दिन उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव मोकामा और गोपालगंज दोनों जगह चुनावी सभा को संबोधित करेंगे। उनके साथ जदयू राष्ट्रीय अध्यक्ष ललन सिंह, जदयू संसदीय बोर्ड के चेयरमैन उपेन्द्र कुशवाहा सहित राजद के वरिष्ठ नेता अब्दुलबारी सिद्दीकी समेत कई नेता रहेंगे। तेजस्वी यादव मोकामा में मकेर और घोसवारी की जनसभाओं को संबोधित करेंगे। मोकामा में जनसभाओं को संबोधित करने के बाद तेजस्वी गोपालगंज के लिए रवाना होंगे। गोपालगंज के उचका गांव के मेला मैदान में उनकी जनसभा होगी। बता दें कि मोकामा से बाहुबली अनंत सिंह की पत्नी नीलम देवी चुनाव मैदान में हैं और गोपालगंज से महागठबंधन के उम्मीदवार मोहन प्रसाद गुप्ता हैं।

नीतीश कुमार दोनों में से किसी जगह पर चुनाव प्रचार के लिए नहीं गए हैं और उन्होंने पटना से ही संदेश जारी कर दोनों जगह के



महागठबंधन के उम्मीदवार को जीताने की अपील जरूर की है। इसलिए इस उपचुनाव में महागठबंधन की ओर से स्टार प्रचारक तेजस्वी यादव ही हैं। महागठबंधन के उम्मीदवार जीतते हैं तो उसका सेहरा तेजस्वी के सिर सजेगा और हार होती है तो उसका ठीकरा भी उन्हीं पर फूटेगा। नीतीश कुमार ने पेट में दर्द का कारण बताया और चुनाव प्रचार में नहीं गए, लेकिन उनके चुनाव प्रचार में नहीं जाने के अलग-अलग राजनीतिक मायने निकाले जा रहे हैं। मोकामा के बाहुबली अनंत सिंह जेल में रहकर ही अपनी पत्नी नीलम देवी के लिए रणनीति बना रहे हैं वहीं गोपालगंज की लड़ाई इसलिए दिलचस्प हो गई है कि वहां तेजस्वी यादव की सगी मामा यानी साधु यादव की पत्नी इंदिरा यादव मैदान में हैं। यहां की लड़ाई इसलिए भी ज्यादा कठिन है कि यहां से पूर्व मंत्री दिवंगत सुभाष सिंह की पत्नी कुसुम देवी एनडीए की प्रत्याशी हैं। उन्हें सहानुभूति वोट मिल सकता है। महागठबंधन के कई नेता मोकामा और गोपालगंज में कैंप किए हुए हैं लेकिन तेजस्वी के चुनाव प्रचार का अलग वजन है। प्रतिपक्ष के नेता विजय कुमार सिन्हा ने नीतीश कुमार के चुनाव प्रचार में नहीं जाने पर कटाक्ष किया है। कहा है कि दोनों जगह से महागठबंधन के उम्मीदवार हार रहे हैं। इसलिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार चुनाव प्रचार करने नहीं जा रहे हैं। विजय सिन्हा ने कहा कि सरकार हर मोर्चे पर फेल है। अब बिहार की जनता नीतीश कुमार को पसंद नहीं कर रही है। दोनों जगहों से बीजेपी के उम्मीदवार जीतेंगे।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अब तेजस्वी यादव को आगे बढ़ाएंगे। आज मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इस बात को साफ कर दिया है कि अब डिप्टी सीएम को ही आगे बढ़ाना है। दरअसल, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार आज इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि देने गए थे, तभी उन्होंने पत्रकारों से कहा कि अब तेजस्वी को आगे बढ़ना है।

# आरजेडी का बीजेपी पर सियासी हमला

## शिवानंद तिवारी बोले- मोरबी हादसे से गुजरात मॉडल की खुल गई पोलपट्टी

पटना, 1 नवंबर (एजेंसियां)। गुजरात में केबल ब्रिज हादसे के बाद सियासी वार पलटवार तेज हो गया है। आरजेडी उपाध्यक्ष शिवानंद तिवारी ने कहा कि गुजरात के मोरबी हादसे में मरने वालों की संख्या 134 से ऊपर चली गई है। लोगों का मानना है कि यह संख्या और बढ़ सकती है। सौ से ऊपर लोग अस्पताल में भर्ती हैं। शिवानंद तिवारी ने कहा कि यह एक मानवीय त्रासदी है। इस बात से मैं सहमत हूं कि इसको राजनीति का एजेंडा नहीं बनाया जाना चाहिए। ऐसी घटनाओं पर राजनीति करने से भाजपा ने कभी परहेज नहीं किया। शिवानंद तिवारी ने साल 2016 में बंगाल में हुई दुर्घटना का जिक्र करते हुए कहा कि 2016 में बंगाल चुनाव अभियान के समय कोलकाता में पोस्ता फ्लाईओवर का एक स्पैन ढलाई के समय गिर गया था। घटना में 21 लोगों की मौत हो गयी थी लेकिन संवेदना प्रकट करने के बजाय स्वयं प्रधानमंत्री जी ने उस दुखद घटना को भंजाने की कोशिश की थी।

# जनता दल यू के विधायक बीमा भारती के पति अवधेश मंडल पर जानलेवा हमला

पूर्णिया, 1 नवंबर (एजेंसियां)। हमले में अवधेश मंडल किसी तरह जान बचाने में सफल रहे। अवधेश के निजी गार्ड और सोनमा गांव के लोगों की ओर से विरोध करने पर चारों अपराधी भाग गए। घटना भवानीपुर प्रखंड के अकबरपुर ओपी थाना क्षेत्र के सोनमा गांव की है। पीड़ित अवधेश मंडल ने अकबरपुर ओपी में दो नामजद एवं दो अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया है। अवधेश मंडल ने बताया कि सोमवार की दोपहर वह अपने निजी गार्ड और कुछ लोगों के साथ सोनमा गांव स्थित बाड़ी चौर गए थे। उन्होंने बताया कि बाड़ी चौर में सोमवार की शाम चार अपराधी अचानक उन पर पिस्टल तान दिया। इसके बाद वहां मौजूद उनके निजी गार्ड एवं स्थानीय लोगों ने पूर्व प्रमुख को बचाते हुए अपराधियों का विरोध किया।

हमला होने की जानकारी मिलते ही सोनमा गांव के काफी लोग वहां जमा हो गए। लोगों की



भीड़ एवं गार्ड के विरोध के बाद चारों अपराधी वहां से चले गए। अकबरपुर ओपी प्रभारी पूर्णिमा कुमारी ने बताया कि विधायक पति के उपर जानलेवा हमला किये जाने को लेकर दो नामजद एवं दो अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है।

उन्होंने बताया की अपराधियों की पहचान हो गई है। जल्द ही हमलावरों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की जाएगी। घटना से इलाके में तनाव है। अवधेश मंडल पर इससे पहले भी कई बार हमला हो चुका है। पूर्व मंत्री बीमा भारती के पति अवधेश मंडल का आपराधिक रिकार्ड रहा है। जनता दल यू ने अवधेश मंडल के आपराधिक रिकार्ड के मद्देनजर उनको टिकट न देकर उनकी पत्नी बीमा भारती को पहली बार 2010 में टिकट दिया था। तब से लेकर अब तक बीमा भारती चार बार चुनाव जीत चुकी हैं।

# केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान में बनेंगी 169 दवाइयां

## प्रोडक्शन लाइसेंस मिला, देश के 27 आयुर्वेदिक अस्पतालों में होगी सप्लाई

झांसी, 1 नवंबर (एजेंसियां)। झांसी के केंद्रीय आयुर्वेद अनुसंधान संस्थान में अब देसी दवाइयां भी बनाई जाएगी। संस्थान के फार्मेसी विभाग में चूर्ण, टैबलेट, तेल-घृत, भस्म समेत 169 प्रकार की दवाइयों का उत्पादन किया जाएगा। ये देसी दवाइयां देश के 27 आयुर्वेदिक अस्पतालों में सप्लाई की जाएंगी। इसके लिए उत्तर प्रदेश आयुष निदेशालय ने अनुसंधान संस्थान को जीएमपी लाइसेंस जारी कर दिया है। इसमें 166 शास्त्रीय आयुर्वेदिक फॉर्मूलेशन और 3 पेटेंट फार्मूलेशन तैयार करने की अनुमति शामिल है। सीएआरआई के प्रभारी सहायक निदेशक डॉ. जी बाबू ने बताया कि जीएमपी लाइसेंस 5 साल तक के लिए वैध है। 55 तरह के चूर्ण, 18 तरह के क्वाथ चूर्ण, 11 तरह की वटी-गुटी टैबलेट, 13 तरह की गुग्गुलू, 10 तरह के कुपिपकव रसायन, 2 तरह के मंडुर, 10 तरह के तेल, 19 तरह का घी, 17 तरह की भस्म और 14 तरह का रस कल्प आयुर्वेदिक दवा का उत्पादन



किया जाएगा। इसके लिए एक साल पहले ही मशीनरी सेटअप लगाया गया था। सीएआरआई के प्रभारी सहायक निदेशक डॉ. जी बाबू ने बताया कि संस्थान में बनने वाली 169 प्रकार की दवाइयों की गुणवत्ता का पूरा ख्याल रखा जाएगा। इसमें किसी तरह की कोताही नहीं बरती जाएगी। कंपनियों से कच्चा माल खरीदा जाएगा। माल की प्रयोगशाला में जांच होगी। अगर कच्चा माल मानकों पर खरा होगा, तभी देसी दवा बनाने का प्रोसेस शुरू की जाएगा। माल की गुणवत्ता खराब होने पर माल को वापस किया जाएगा। देसी दवा बनकर तैयार होने के बाद भी प्रयोगशाला में जांच की जाएगी। इसके बाद ही दवा की सप्लाई की जाएगी। संस्थान के डॉ. वैभव चरडे और डॉ. विजय कुमार ने बताया कि संस्थान की प्रयोगशालाओं को भारतीय गुणवत्ता परिषद (राष्ट्रीय परीक्षण और अंशशोधन प्रयोगशाला प्रत्यायन बोर्ड) द्वारा एनएबीएल मान्यता प्रदान की गई है। यह मान्यता दो साल तक वैध है। अब यहां जैविक और रासानिक परीक्षण होंगे। गुणवत्ता नियंत्रण प्रयोगशालाएं हर्बल दवाओं और उत्पादन की प्रामाणिकता, गुणवत्ता और प्रभावकारिता स्थापित करने के लिए विश्लेषणात्मक में सक्रिय रूप से शामिल हैं। बुंदेलखंड क्षेत्र में आयुष मंत्रालय के तहत यह पहला संस्थान हो गया है, जिसे एनएबीएल और जीएमपी मान्यता प्राप्त है।

# आजम खान पर कार्रवाई लेकिन विक्रम सैनी पर क्यों नहीं?

## जयंत चौधरी का स्पीकर महाना से सवाल

लखनऊ, 1 नवंबर (एजेंसियां)। पूर्व कैबिनेट मंत्री और सपा नेता आजम खान की विधायकी जाने पर रालोद मुखिया जयंत चौधरी ने विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना से सवाल किया है। उन्होंने आजम खान की सदस्यता जाने की बात कहते हुए कहा कि विक्रम सैनी पर कार्रवाई क्यों नहीं हुई। जयंत ने जन लोक प्रतिनिधित्व कानून का हवाला देते हुए सतीश महाना से विक्रम सैनी के प्रकरण में भी शीघ्र कार्रवाई की मांग की।

रालोद प्रमुख जयंत चौधरी ने मंगलवार को स्पीकर सतीश महाना को पत्र लिखा। जयंत ने पत्र में लिखा कि स्पेशल एमपी एमएलए कोर्ट में हेट स्पीच के मामले में आपके कार्यालय द्वारा परित फैसला लेते हुए सपा के वरिष्ठ नेता आजम खां की सदस्यता तत्काल प्रभाव से रद्द कर



दी गई जनप्रतिनिधित्व कानून लागू करने की आप की सक्रियता की प्रशंसा की जानी चाहिए किंतु जब हम पूर्व में घटित ऐसे ही मामले में आपकी निर्ष्क्रियता देखते हैं तो सवाल खड़ा होता है। क्या कानून की व्याख्या व्यक्ति और व्यक्ति के मामले में अलग-अलग रूप से की जा सकती है? जयंत चौधरी ने आगे लिखा इस संदर्भ में आपका ध्यान मैं खतौली मुजफ्फरनगर से भाजपा विधायक विक्रम सैनी के प्रकरण में आकृष्ट कराना चाहूंगा, जिन्हें 2013 में हुए मुजफ्फरनगर दंगे के लिए स्पेशल एमपी एमएलए कोर्ट ने 11 अक्टूबर 2022 को जनप्रतिनिधित्व कानून के तहत 2 साल की सजा सुनाई गई। उस प्रकरण में आप की ओर से आज तक कोई पहल नहीं की गई। जयंत चौधरी ने यह भी सवाल किया कि क्या सत्ताधारी दल और विपक्ष के विधायक के लिए कानून की व्याख्या अलग-अलग तरीके से की जा सकती है?

यह सवाल तब तक अस्तित्व में रहेगा जब तक आप भाजपा विधायक विक्रम सैनी के मामले में ऐसी ही पहल नहीं करते। उन्होंने लिखा मुझे उम्मीद है कि आप मेरे पत्र का संज्ञान लेते हुए विक्रम सैनी के मामले में भी शीघ्र ऐसा निर्णय लेंगे जो सिद्ध करेगा कि न्याय की लेखनी का रंग एक सा होता है भिन्न-भिन्न नहीं।

# फिल्मी स्टाइल में गोलीबारी

## शराब बेचने को लेकर भिड़े तस्कर, 13 पर एफआईआर



मुंगेर, 1 नवंबर (एजेंसियां)। मुंगेर में फिल्मी स्टाइल में जमकर गोलीबारी हुई। दो पक्षों के लोग आपस में 20 मिनट तक एक दूसरे पर गोली चलाते रहे। कोई दीवार के पीछे छिप कर पिस्टल चला रहा था तो तो कोई समाने से। घटना मुफस्सिल थाना क्षेत्र के टीकारामपुर बिंद टोली की है। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। मुंगेर एसपी जुगनाथरेड्डी जलारेड्डी ने संबंधित थाना को वायरल वीडियो की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। इसके बाद चौकीदार के बयान पर प्राथमिकी दर्ज हुई। इसमें 13 लोगों को नामजद किया गया है। बताया जाता है कि टीकारामपुर क्षेत्र में बड़े पैमाने पर शराब का कारोबार होता है। इस कारोबार में वहां के कई लोग संलिप्त है। अधिक शराब बेचने के चक्कर में शराब कारोबारी आपस में उलझ जाते है। इसी बात को लेकर बीते शनिवार की शाम मोहली पंचायत के टीकाराम बिंद टोली में शराब कारोबार को लेकर दो व्यक्ति आपस में उलझ गए। देखते ही देखते दो पक्ष आमने-सामने हो गया। इसके बाद फायरिंग शुरू हो गई। फायरिंग करने वाले सभी 18 से 25 वर्ष के युवक हैं जो हाथों में देसी कट्टा लेकर खुलेआम फायरिंग कर रहे थे। तभी इस गोलीबारी का किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। इस मामले में दोनों में से कोई भी पक्ष थाना नहीं पहुंचा। लेकिन एसपी के निर्देश पर मुफ्फसिल थाना पुलिस ने जांच शुरू की और वायरल वीडियो के आधार पर असामाजिक तत्वों की पहचान करने में जुट गयी है। पहचान होने के बाद स्थानीय चौकीदार के बयान पर मुफ्फसिल थाना में प्राथमिकी दर्ज की गई है। जिसमें 13 असामाजिक तत्वों को नामजद किया गया है।

मुफस्सिल थाना के प्रभारी थानाध्यक्ष रविकांत प्रसाद ने बताया कि गोलीबारी की घटना हुई थी। इसमें किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। लेकिन इस तरह की घटना कानून अपराध है। स्थानीय चौकीदार के बयान पर प्राथमिकी दर्ज की गयी है। इसमें 13 लोगों को नामजद किया है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।

# बूचड़खाने को लेकर पटना हाईकोर्ट ने दिया निर्देश

## नगर निगम से मांगी रिपोर्ट

पटना, 1 नवंबर (एजेंसियां)। पटना और बिहार के अन्य क्षेत्रों में बूचड़खाने को लेकर पटना हाईकोर्ट ने सरकार को तलब किया है। कोर्ट ने पटना नगर निगम को आधुनिक बूचड़खाने के निर्माण और विकास के लिए किए गए कार्यों का पूरा ब्योरा देने को कहा है। चीफ जस्टिस संजय करोल की खंडपीठ ने वकील संजीव कुमार मिश्रा की ओर से दायर एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए यह निर्देश दिया है। हाईकोर्ट में वकील संजीव कुमार मिश्रा द्वारा कोर्ट में एक याचिका दायर की थी। यह याचिका खुले आम नियमों का उल्लंघन कर मांस- मछली बेचने पर पाबन्दी लगाने के संबंध में दायर की गई थी। वकील संजीव मिश्रा ने अपनी याचिका में कहा था कि राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में मांस-मछली को नियमों के विरुद्ध काटा और बेचा जाता है। खुले आम जानवरों को काटना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है। लोगों के स्वास्थ्य पर इसका बहुत बुरा असर पड़ता है। वकील संजीव मिश्रा ने कोर्ट से आग्रह किया था कि नियमों का उल्लंघन कर खुले आम चल रहे बूचड़खानों को बंद किया जाना चाहिए क्योंकि लोगों पर इसका बहुत ही नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। उन्होंने कोर्ट को बताया कि पटना के कई ऐसे इलाके हैं जहां खुले आम अवैध तरीके से मांस-मछली की बिक्री होती है। बिना किसी उचित प्रमाण पत्र के जानवरों को मार कर उनका मांस बेचते हैं। अधिवक्ता संजीव मिश्रा ने कोर्ट से मांग की है कि बेहतर और स्वस्थ मांस-मछली बेचने के लिए सरकार द्वारा आधुनिक बूचड़खानों का निर्माण होना चाहिए। बूचड़खाने बनने से मांस बेचने वालों को सुविधा मिले और साथ ही लोगों को भी शुद्ध और स्वस्थ मांस उपलब्ध हो सके।

# युवक की मौत, चुनाव प्रचार की गाड़ी से लगी थी ठोकर

सीतामढ़ी, 1 नवंबर (एजेंसियां)। सीतामढ़ी के एक युवक की नेपाल के सड़क दुर्घटना में मौत हो गई है। घटना नेपाल के बॉर्डर इलाका सर्लाही जिला के भेलही पेट्रोल पंप के समीप में बाइक दुर्घटना में हुई हैं। जिसमें सीतामढ़ी के सोनबरसा थाना क्षेत्र के बसतपुर गांव के रहने वाले एक युवक की मौत हो गई। वही एक नाबालिग गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जिसका इलाज नेपाल के ही अस्पताल में चल रहा है। मृतक की पहचान सोनबरसा थाना क्षेत्र के पुरन्दाहा राजवाड़ा पश्चिमी पंचायत के बसतपुर वार्ड 7 निवासी मोहम्मद जुमराती बैठा के 26 वर्षीय पुत्र नेक मोहम्मद उर्फ बेचन के रूप में की गई हैं। मिली जानकारी के अनुसार मृतक अपने बाइक से अपने 7साल के साले के पुत्र के साथ बहन के ससुराल कविलासी गांव से लौट रहा था।

# सीएम शिंदे के ओएसडी को मिली जान से मारने की धमकी

# नक्सलियों ने लाल स्याही से लिखकर भेजा पत्र

मुंबई, 1 नवंबर (एजेंसियां)। सीएम एकनाथ शिंदे के ओएसडी डॉक्टर राहुल गेठे को नक्सली संगठन ने जान से मारने की धमकी दी है। गौरतलब है कि इससे पहले नक्सलियों ने सीएम शिंदे को भी जान से मारने की धमकी दी थी। नक्सलियों ने डॉक्टर राहुल के घर पर लाल स्याही से लिखकर धमकी से भरा पत्र भेजा है। बता दें कि डॉक्टर राहुल बीते 5 सालों से सीएम शिंदे के ओएसडी हैं। जब सीएम शिंदे गढ़चिरौली जिले के



गार्जियन मिनिस्टर थे, तब डॉक्टर राहुल ने वहां कई विकास के कार्य करवाए थे।

**गढ़चिरौली में विकास कार्य नहीं होने देना चाहते नक्सली**

जब शिंदे सीएम बने तो उन्होंने नक्सली जिले गढ़चिरौली में विकास कार्यो की गति बढ़ा दी। इन कामों को पूरा करवाने की जिम्मेदारी डॉक्टर राहुल के पास है। वहीं नक्सली संगठन नहीं चाहते कि गढ़चिरौली के गांव-गांव तक सड़कें, स्कूल, बिजली, मेडिकल हेल्थ सेंटर वगैरह बनें। इसलिए नक्सलियों ने डॉक्टर राहुल को धमकीभरा पत्र भेजा है।

नक्सलियों ने पत्र में क्या लिखा? नक्सलियों ने पत्र में लिखा कि एकनाथ शिंदे का ऑफिसर डॉक्टर राहुल गेठे बहुत उड़ रहा है और गढ़चिरौली में हमारा बहुत नुकसान कर रहा है। हम हमारे भाईयों का जल्द बदला लेने वाले हैं। उसकी (डॉक्टर) मौत का ऐलान हो चुका है। महाराष्ट्र सरकार को उसकी जितनी जवाबदारी लेना है वो ले। इस पत्र के नीचे सीपीई कमेटी भामरागड/एटापल्ली का नाम है।

## महेंद्रगढ़ में सरपंच प्रत्याशी की मौत पर बवाल



नारनौल, 1 नवंबर (एजेंसियां)। हरियाणा में महेंद्रगढ़ के खतोदडा गांव से मतदान से एक दिन पहले गायब हुए सरपंच प्रत्याशी हरपाल की मौत पर बवाल मच गया है। परिजनों ने पोस्टमॉर्टम के बाद शव लेने से इनकार कर दिया है। शव फिलहाल नागरिक अस्पताल की मॉर्च्युरी में है। परिजनों का आरोप है कि पुलिस हरपाल सिंह की मौत के मामले में सही कार्रवाई नहीं कर रही। हरपाल की हत्या हुई है, जबकि राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) इसे सुसाइड बता रही है। परिजनों ने शव को अस्पताल में ही छोड़ दिया और गांव लौट गए। गांव में अब पंचायत बुलाई गई है। माहौल बिगड़ते देख अस्पताल में भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

**रेलवे ट्रैक से मिला शव, विरोध में मतदान भी नहीं हुआ**

रविवार रात को अटेली में रेलवे ट्रैक पर गांव खातोदडा से शनिवार शाम को गायब हुए सरपंच प्रत्याशी हरपाल का शव मिला था। उक्त सरपंच प्रत्याशी के गायब हो जाने से गांव में जिला परिषद और पंचायत समिति के लिए मतदान नहीं हुआ था। जिसके बाद यह मामला सुर्खियों में आ गया था। मंगलवार सुबह शव का पोस्टमॉर्टम हुआ। जिसके बाद शव को परिजनों ने नहीं उठाया।

## दैनिक पंचांग

**ग्रह गोचर**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य- | तुला में | कन्या... | 03-17 बजे |
| चंद्र- | मकर में | तुला- | 05-12 बजे |
| मंगल | मिथुन में | वृश्चिक | 07-22 बजे |
| बुध- | तुला में | धनु--- | 09-37 बजे |
| गुरु- | मीन में | मकर- | 11-42 बजे |
| शुक्र- | तुला में | कुंभ- | 14-32 बजे |
| शनि- | मकर में | मीन... | 15-10 बजे |
| राहु- | मेष में | मेष-- | 16-46 बजे |
| केतु- | तुला में | वृष-- | 18-30 बजे |
| | | मिथुन.. | 20-32 बजे |
| | | कर्क... | 22-44 बजे |
| | | सिंह... | 00-56 बजे |

विक्रम श्री नल नाम संवत्- **2079**
शक संवत् **-1944,** कलियुग अवधि-**432000**
भोग्य कलि वर्ष-**426878**
कलियुग संवत् **-5123** वर्ष सूर्य-दक्षिणायने
कल्पारंभ संवत् **-1972949123**
सृष्टि ग्रहारंभ संवत्-**1955885123**
महावीर निर्वाण संवत् **-2549,**हिजरी सन् **-1443**
ऋतु-हेमन्त दिशाशूल- उत्तर -धनिया खाकर घर से निकले
तिथि- नवमी - **21-10** तक उपरान्त, दशमी
मास - कार्तिक शुक्ल पक्ष ,बुधवार, **02 Nov**
नक्षत्र -धनिष्ठा - **01 -42** - तक उपरान्त, शतभिषा
योग - गण्ड - **10 - 25** - तक उप- वृध्दि
करण- बालव **-10 - 05** - तक,उप- कौलव
विशेष:- अक्षय आंवला नवमी
व्रत -त्योहार - पंचक~१४~१५ से

विशेष:- राशिफल ग्रहों के गोचर के आधार पर लिखा गया है।सूक्ष्म फलादेश के लिए जन्म पत्रिका की सूक्ष्म स्थिति जानने के लिए जन्म कुण्डली दिखाना चाहिए।

**राहुकाल 11:59 से 13:25 तक**

**श्री पंचागुली ज्योतिष केन्द्र Hyd,Sec**

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| लाभ | 06:18 - 07:42 | शुभ | उत्पात | 17:43 - 19:17 | अशुभ |
| अमृत | 07:42 - 09:08 | शुभ | शुभ | 19:17 - 20:51 | शुभ |
| काल | 09:08 - 10:34 | अशुभ | अमृत | 20:51 - 22:26 | शुभ |
| शुभ | 10:34 - 11:59 | शुभ | चंचल | 22:26 - 23:59 | शुभ |
| रोग | 11:59 - 13:25 | अशुभ | रोग | 23:59 - 01:34 | अशुभ |
| उत्पात | 13:25 - 14:51 | अशुभ | काल | 01:34 - 03:08 | अशुभ |
| चंचल | 14:51 - 16:17 | शुभ | लाभ | 03:08 - 04:42 | शुभ |
| लाभ | 16:17 - 17:40 | शुभ | उत्पात | 04:42 - 06:18 | अशुभ |

# सीट बेल्ट मामला : अभी 10 दिन प्यार से समझा रही मुंबई पुलिस, 11 से वसूलेगी जुर्माना



मुंबई, 1 नवंबर (एजेंसियां)। टाटा संस के पूर्व अध्यक्ष साइरस मिस्त्री की सड़क हादसे में मौत के बाद अब मुंबई पुलिस ने कार की पिछली सीट पर बैठने वालों को सीट बेल्ट लगाना अनिवार्य कर दिया है. 1 नवंबर यानी आज से सीट बेल्ट नहीं लगाने पर कार्रवाई की बात थी लेकिन अब आज से जनजागृति करने का फैसला लिया गया है. 11 नवंबर से ई चालान काटा जाएगा. दरअसल, टैक्सी और ट्रांसपोर्ट यूनियन ने व्यवहारिक दिक्कतों का हवाला देते हुए आपत्ति दर्ज की है. आपको बता दें कि मुंबई से करीब 120 किलोमीटर दूर 4 सितंबर को अपराह्न करीब तीन बजे हुए सड़क हादसे में स्त्रीरोग विशेषज्ञ अनाहिता पंडोले (55) और उनके पति डेरियस पंडोले (60) बच गए. वहीं, साइरस मिस्त्री (54) और डेरियस के भाई जहांगीर पंडोले की मौत हो गई थी. अनाहिता ने पुलिस को बताया था कि मिस्त्री और जहांगीर पिछली सीटों पर बैठे थे, वहीं डेरियस अगली सीट पर थे और गाड़ी अनाहिता चला रही थीं. 75 साल की उम्र में जब रतन टाटा ने टाटा समूह के कार्यकारी अध्यक्ष पद को छोड़ा था तो 2012 में साइरस मिस्त्री कार्यकारी अध्यक्ष बने थे. मिस्त्री 2006 में एक निदेशक के रूप में टाटा समूह के साथ जुड़े थे. इससे पहले टाटा कंपनियों के कई अन्य बोर्ड में गैर-कार्यकारी पदों पर उन्होंने सेवा दी थी. मिस्त्री 142 वर्षों के इतिहास में टाटा परिवार के बाहर के दूसरे व्यक्ति थे, जिन्होंने समूह का नेतृत्व किया था. हालांकि, मात्र चार साल बाद ही उन्हें पद छोड़ना पड़ा था.

## आपका राशिफल

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ) — अपने आसपास के लोगों से अच्छी खासी सहायता और पहचान की उम्मीद रख सकते हैं।आप मजबूत आधार और आशावादिता से भरपूर हैं और नयी परियोजनाओं के लिए बिलकुल तैयार हैं लेकिन आपमें अभी भी अच्छी परियोजना को पहचानने की क्षमता बरक़रार है।इसके कारण आप केवल उन्ही परियोजनाओं में निवेश करेंगे।

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो) — अपनी आँखें खुली रखें,आज आपकी मुलाकात अपने सपनों के साथी से हो सकती है।प्रेम पाने की सम्भावना आज प्रबल है।हालाँकि अलग से अंदाज के कारण उसे पहचानना मुश्किल हो सकता है।आज आपको किसी अप्रत्याशित व्यक्ति से उपहार भी मिल सकता है।कुल मिलकर आज का दिन आपके लिए घटनाओं से भरा रहेगा।

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा) — आपको मदद की जरुरत है और आप जितनी जल्दी यह बात समझ लेंगे उतना ही अच्छा है।समय रहते किसी दोस्त या मेंटर से मिली मदद से आप फिर से जीवन में आपस आ पायेंगे। जिन बदलावों का आप विरोध करते आ रहे हैं,उनकी महत्ता आपको अब समझ में आएगी और आप खुद उन्हें करने की प्रक्रिया शुरू करेंगे।

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो) — आप पिछले कई दिन से बेचैन और नाखुश सा अनुभव कर रहें हैं लेकिन आज आपका रुख इस समस्या को और अधिक गंभीरता से लेने का है।आपको यह जानना है कि इस समस्या की जड़ क्या है,आज का दिन इस काम के लिए सबसे बेहतर है।लम्बे समय से उपेक्षित कुछ कामो की योजना बनाने के लिए भी अच्छा दिन है।

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे) — आप आवेगी मूड में हैं,किसी भी काम के बारे में भली प्रकार सोचे बिना ही करने दौड़ पड़ेंगे जिसके कारण आपको कार्यस्थल पर और पारिवारिक जीवन में भी दिक्कतें आ सकती हैं।हालाँकि इस समय ऐसा कर पाना थोडा मुश्किल है,लेकिन मन को शांत रखें।आपके सामने कई अवसर एक साथ आयेंगे,आपको सोच समझकर उनमें से चुनना है।

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो) — आज आप जिद्दीपन के प्रति अपना स्वाभाविक झुकाव महसूस करेंगे।लेकिन जब आपको यह अनुभव होगा की ऐसा करना आपके हित में नही है तो आप पछतावा भी महसूस करेंगे।अच्छे से स्थिति समझें आकस्मिक भावनाओं के बहाव में बहने के स्थान पर स्पष्ट सोच से काम लें।

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते) — आज आप अनुभव करेंगे कि आप सामान्य से कुछ अधिक बोल रहे हैं।आप पिछले कुछ समय से चालाकी भरा व्यवहार कर रहे हैं लेकिन आज आप इससे खुद ही परेशानी अनुभव करेंगे।आज आप वह सच्चाई नही उगलना चाहते जो शायद कईयों को अच्छी नही लगेगी।

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो या यी यू) — आज आपका विशेष ध्यान दोस्तों पर रहेगा।किसी पुराने दोस्त से या तो आप मिलेंगे या उनमे से कोई आपसे मिलने आज अचानक चला आएगा। आज अपनी किसी एक या अधिक दोस्तों की परेशानी में मदद भी करने वाले हैं।दूसरी ओर,एक दोस्त आपके ऊपर अपना गुस्सा भी निकल सकता है।

**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे) — आज आपको अपनी आरामदायक स्थिति से बाहर आकर कुछ गंभीर प्रयास करने हैं।सावधान रहें कि बिलकुल परम्पराओं के अनुसार चलने से आपको कुछ हासिल नही होगा।गंभीर होकर प्रयास करने से ही आपको बहाव के साथ बहते रहने के स्थान पर जीवन जीने की सही भावना आएगी।

**मकर** (भो जा जी खी खू खे खो गा गी) — आपकी जीभ तेज है और मस्तिष्क तार्किक है लेकिन आपकी यह योग्यता आज आपकी असुरक्षित प्रवृति के कारण प्रभावित होगी।हमेशा की तरह बहाव का विरोध करने के स्थान पर उसके साथ चलें। आपको अनुभव से काफी कुछ सीखने को मिल सकता है जबकि अभिमान से आपको कुछ नही मिलेगा।

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा) — आप आज रियल एस्टेट से जुडा कोई लाभकारी लेनदेन पूरा करने वाले हैं।सकारात्मक सोच आपकी शक्ति है और आपको इसका लाभ उठाना है आपका कोई करीबी भी आपको इसके लिए प्रोत्साहित करेगा।आप आध्यात्मिक विकास के साथ साथ जीवन की भौतिक खुशियों का भी आनंद ले पायेंगे।

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची) — आज आप खुद को अधिक समर्पित अनुभव करेंगे और सारा लंबित काम निपटा लेंगे।ये सारा काम ख़त्म करके आपको एक तरह की संतुष्टि मिलेगी जिसे आपके अन्य करीबी भी नोट करेंगे।इसका नतीजा यह होगा की आपको घर और कार्यस्थल ,दोनों ही जगह अधिक सराहना मिलेगी।

पं महेशचन्द्र शर्मा 9247132654,8309517693

# शिवराज सरकार की शराब नीति पर उठे सवाल

## कई खामियां गिना बोलीं उमा; मंदिर, मस्जिद के पास ना हो मदिरालय

छतरपुर, 1 नवंबर (एजेंसियां)। अब मध्य प्रदेश में शिवराज सरकार की शराब नीति पर सवाल उठाए गए हैं। यह सवाल किसी और ने नहीं बल्कि भारतीय जनता पार्टी की ही नेता और राज्य की पूर्व सीएम उमा भारती ने उठाए हैं। उमा भारती पहले से ही राज्य में शराबबंदी को लेकर मुखर रही हैं। एक मामले में छतरपुर में न्यायालय में पेशी के लिए पहुंचीं उमा भारती ने पत्रकारों से बातचीत में राज्य की शराब नीति में कई खामियां गिनाईं। उमा भारती ने कहा की जब वह मुख्यमंत्री थीं तो उन्होंने भी पूर्ण शराब बंदी नहीं की थी लेकिन जो हो सकता था वह किया था। उमा भारती ने दावा किया उनकी सरकार में शराब माफियाओं को मध्यप्रदेश में पूरी तरह से खत्म कर दिया गया था।



उमा भारती ने कहा कि मेरे शासन काल में शराब से केवल 900 करोड़ रुपये ही राजस्व आता था लेकिन आज लगभग 14000 करोड़ रुपये का राजस्व आता है। शराब से आने वाले राजस्व को अर्थतंत्र का हिस्सा नही मानना चाहिए। नशा एक रोग है, हमें यह कोशिश करनी है कि शराब कम से कम बिके यह कोशिश नहीं होनी चाहिए कि लोग ज्यादा से ज्यादा शराब पीएं।

**वर्तमान शराब नीति में त्रुटि**

उमा भारती ने कहा की वर्तमान शराब नीति में त्रुटि है जिसमे बदलाव की ज़रूरत है। उमा भारती ने कहा की शराब कहां बिकनी है और कहां नहीं इसके लिए एक गाइड लाइन होनी चाहिए। साथ ही शराब कहां पी जा सकती है इसके लिए भी सरकार को मापदंड तय करने होंगे। आज बुंदेलखंड के हर गली गांव में शराब बिक रहा है जिसका सीधा असर मजदूर वर्ग, महिलाओं एवं आने वाली पीढ़ी पर पड़ता है।

**मंदिर, मस्जिद के पास ना बिके शराब**

पूर्व मुख्यमंत्री उमा भारती ने कहा की वर्तमान में शराब की दुकानें कहीं पर खोल दी गई हैं। जिससे राजस्व तो बढ़ रहा है लेकिन सामाजिक माहौल खराब हो रहा है। मेरा मानना है कि जहां धार्मिक स्थल हैं जैसे- मंदिर, मस्जिद, गुरुद्वार या चर्च, शिक्षा केंद्र जैसे स्कूल, कॉलेज या अन्य ऐसी जगहें जहां पर महिलाओं का जमावड़ा लगता हो वहां से कम से कम एक किलोमीटर की दूरी पर ही शराब की दुकाने हों।

## महाराष्ट्र के सोलापुर में कार ने श्रद्धालुओं को कुचला:7 की मौत, कई घायल; पीड़ित परिवारों को सीएम ने 5-5 लाख देने का ऐलान किया

सोलापुर, 1 नवंबर (एजेंसियां)। महाराष्ट्र के सोलापुर में सोमवार शाम तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से 7 श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक श्रद्धालुओं का जत्था कार्तिक एकादशी के लिए जठरवाड़ी से मंदिर नगर पंढरपुर जा रहा था, तभी एक कार ने जत्थे में शामिल कई लोगों को कुचल दिया। एसयूवी कार को 75 साल के बुजुर्ग चला रहे थे। उनका कार से नियंत्रण हट गया, जिसके बाद उन्होंने श्रद्धालुओं पर कार चढ़ा दी।

**जत्थे में शामिल थे 32 श्रद्धालु**

पुलिस ने बताया कि हादसा सोमवार शाम करीब 6.45 बजे मुंबई से करीब 390 किलोमीटर दूर संगोला शहर के पास हुआ। 32 श्रद्धालुओं का जत्था तीन दिन पहले कोल्हापुर से चला था। संगोला के पास एक तेज रफ्तार एसयूवी ने पीछे से श्रद्धालुओं को कुचल दिया। हादसे की जानकारी मिलने के बाद से पुलिस मौके पर मौजूद है। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपए की आर्थिक मदद देने का ऐलान किया है।

# कांग्रेस के सवाल पर नरोत्तम का पलटवार

## बोले कर्ज लेकर सलमान और जैकलिन को नहीं बुलाया



भोपाल, 1 नवंबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश सरकार के बार-बार कर्ज लेने पर कांग्रेस समेत कमलनाथ के सवाल खड़े करने पर गृहमंत्री डॉ. नरोत्तम मिश्रा ने कांग्रेस पर पलटवार किया है। गृहमंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने कांग्रेस पर पलटवार करते हुए कहा कि कांग्रेस को हमारी सरकार पर उंगली उठाने का कोई हक नहीं है। कांग्रेस ने 15 महीने की सरकार में 15 हजार करोड़ का कर्ज लिया था। कर्ज लेकर पैसा आईफा की तैयारियों में लगा दिया था। कांग्रेस ने कर्ज लेकर सलमान, जैकलिन को कार्यक्रम के लिए बुलाया था। हमारी सरकार डेवलपमेंट, किसान, रोजगार, इंफ्रास्ट्रक्चर, के लिए लोन लेती है। बता दें शिवराज सरकार ने एक बार फिर भारतीय रिजर्व बैंक से कर्ज लिया है। इस साल अब तक करीब 8 हजार करोड़ रुपए का ऋण सरकार ले चुकी है। प्रदेश सरकार पर अब तक 3 लाख करोड़ रुपए तक का कर्ज है। 31 मार्च 2022 की स्थिति में सरकार पर कुल 3 लाख 3 हजार रुपए का कर्ज था। वहीं, विपक्ष सरकार से आर्थिक स्थिति पर श्वेत पत्र जारी करने की मांग कर रहा है। ताकि वित्तीय प्रबंधन की स्थिति स्पष्ट हो सके।

**कोर्ट के निर्देश का अक्षरशः पालन होगा**

सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्य सरकारों को निर्देश दिए है कि दुष्कर्म पीड़िता का टू फिंगर टेस्ट अब नहीं होगा। एससी ने टू फिंगर टेस्ट पर रोक लगा दी है। इस पर गृहमंत्री नरोत्त मिश्रा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश का मध्य प्रदेश में अक्षरसः पालन किया जाएगा। नारी की अस्मिता और गौरव को ठेस किसी भी स्थिति में हम नहीं पहुंचने देंगे।

**दिग्गी दूल्हा बनकर तैयार थे, नाथ ने घोड़ी खोल दी**

दिग्विजय सिंह के पोस्टर पर फोटो नहीं लगाने पर गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने तंज कसा है। दिग्विजय सिंह की पीड़ा अलग-अलग तरीकों से निकलकर सामने आ रही है। दिल्ली में वो दूल्हा बनकर तैयार थे और कमलनाथ ने जाकर घोड़ी खोल दी। भाईचारा दिखाते हैं, उनको बड़ा भाई मानते हैं लेकिन फिर ऐसे काम होते हैं। मिश्रा ने कहा कि कमलनाथ बड़े भाई होने का दावा करते थे। दिग्विजय सिंह की पीड़ा पोस्टर के माध्यम से निकल रही है।

**सामाजिक जागरण की भी आवश्यकता**

खंडवा में नाबालिग बच्ची के साथ हुई रेप की घटना पर गृह मंत्री डॉ नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि यह एक बहुत दुखद घटना है। आरोपी भिलाला समाज का रामकुमार है। बच्ची की सेहत में लगातार सुधार हो रहा है। दुष्कर्म के मामलों में पुलिस तत्परता से कार्य करती है, लेकिन इसमें सामाजिक जागरण की भी आवश्यकता है। अक्सर दुष्कर्म के मामलों में परिचितों और रिश्तेदारों की संलिप्तता पाई जा रही हैं।

# बेटी की चाह में 10 दिन के नवजात बेटे को कुएं में फेंका

## फरार महिला की पुलिस कर रही तलाश



मंगलुरु, 1 नवंबर (एजेंसियां)। अक्सर आपने सुना होगा कि बेटे की चाह में बेटी को मार डाला लेकिन कर्नाटक के मंगलुरु से एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है, यहां एक महिला ने बेटी की चाह में अपने 10 दिन के नवजात बेटे की हत्या कर दी। मामला सुलिया तालुक जिले के कूटकुंजा गांव है। पुलिस मामला दर्ज कर महिला की तलाश कर रही है। पुलिस ने बताया कि महिला की पहचान पवित्रा के रूप में हुई है। जिस पर शिकायत के आधार पर आईपीसी की धारा 302 (हत्या) के तहत केस दर्ज कर लिया है। आरोपी महिला की भाभी ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। वहीं महिला बच्चे को कुएं में फेंककर ही फरार है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर बताया कि आरोपी महिला ने 19 अक्टूबर को मेंगलुरु के एक अस्पताल में बच्चे को जन्म दिया था। पवित्रा जब गर्भवती हुई तो वह चाहती थी कि लड़की पैदा हो, लेकिन उसके बेटा पैदा हुआ, इच्छा पूरी न होने बाद वह गुमसुम सी रहने लगी। इसके बाद उसने नवजात बच्चे को कुएं में फेंक दिया। आगे उन्होंने बताया कि पवित्रा प्रसव के बाद से ही परेशान थी, वह लड़का होने से इतनी नाराज थी कि अपने बच्चे को उसने स्तनपान भी नहीं कराया था। शिकायत के मुताबिक शनिवार शाम को महिला अपने बच्चे को लेकर कमरे से बाहर निकली और अपनी भाभी से कहा कि उसे बच्चा पसंद नहीं है और उसने बच्चे को सामने वाले कूएं में फेंक दिया, इसके बाद वह घर से भाग गई। इसके बाद 10 दिन को नवजात को कूएं से निकालने के बहुत प्रयास किए, जिसके बाद बच्चे को बड़ी मुश्किल से कूएं से निकाला गया। आनन-फानन में बच्चे को एक सरकारी अस्पताल ले जाया गया। यहां डॉक्टरों ने नवजात को मृत घोषित कर दिया।

## लगातार भौंकने से नाराज होकर कुत्ते की चाकू घोंपकर हत्या, दो गिरफ्तार

इंदौर, 1 नवंबर (एजेंसियां)। इंदौर में एक कुत्ते की चाकू घोंप कर बेरहमी से हत्या के मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है. पुलिस के एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी. पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने बाणगंगा क्षेत्र में कुत्ते को इसलिए जान से मार डाला क्योंकि वह उन पर पिछले कई दिनों से भौंक रहा था. बाणगंगा पुलिस थाने के एक उप निरीक्षक ने बताया कि आरोपियों की पहचान विशाल नगेले और मोहित बोयत के रूप में हुई है. उनकी उम्र 20 से 25 साल के बीच है. उन्होंने बताया, ''आरोपियों ने पूछताछ में बताया कि कुत्ता उन पर पिछले कई दिनों से भौंक रहा था. रविवार रात कुत्ता उन पर फिर भौंका तो उन्होंने गुस्से में आकर इस जानवर पर चाकू से हमला कर दिया जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई.

# आदमपुर उपचुनाव में हरियाणा कांग्रेस को बड़ा झटका

## राष्ट्रीय प्रवक्ता संजय छौक्कर बीजेपी में शामिल होंगे, भूपेंद्र हुड्डा से नाराज थे

चंडीगढ़, 1 नवंबर (एजेंसियां)। आदमपुर उपचुनाव में हरियाणा कांग्रेस को बड़ा झटका लगने जा रहा है। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता संजय छौक्कर बीजेपी में शामिल होने जा रहे हैं। सीएम मनोहर लाल खट्टर की आदमपुर में होने जा रही रैली में वह पार्टी की सदस्यता लेंगे। बताया जा रहा है कि छोक्कर पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा की अनदेखी से नाराज चल रहे थे।

**यूथ कांग्रेस के रह चुके अध्यक्ष**

संजय छोक्कर हरियाणा की युवा राजनीति के बड़ा चेहरा रहे हैं। इससे पहले वह हरियाणा यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष भी रह चुके हैं। पार्टी के सूत्रों के अनुसार पिछले कुछ दिनों से पार्टी में उनकी अनदेखी की जा रही थी, जिसके कारण उन्होंने कांग्रेस छोड़ने का मन बनाया है। बीजेपी उन्हें हरियाणा में बड़ी जिम्मेदारी दे सकती है।



- मतदान से 2 दिन पहले दिया झटका
- हरियाणा यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष रह चुके
- केंद्रीय नेतृत्व से भी शिकायत कर चुके थे

**राहुल गांधी के करीबी**

कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता संजय छोक्कर राहुल गांधी के करीबी बताए जा रहे हैं। इन दिनों राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा में व्यस्त हैं। उनके साथ हरियाणा से राज्यसभा सांसद रणदीप सुरजेवाला भी हैं। वह भी पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा की पार्टी में मनमानी से नाराज चल रहे हैं। इस बारे में वह केंद्रीय नेतृत्व को भी कई बार जानकारी दे चुके हैं।

**कुरड़ाराम भी छोड़ चुके पार्टी**

आदमपुर उपचुनाव से पहले कांग्रेस नेता कुरडाराम नंबरदार भी पार्टी छोड़ चुके हैं। कांग्रेस छोड़ने के बाद कुरडाराम नंबरदार ने भी हुड्डा पिता-पुत्र पर निशाने साधे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी सिर्फ दो नेताओं की पार्टी रह गई है, जिसमें दीपेंद्र हुड्डा और भूपेंद्र हुड्डा ही शामिल हैं। कांग्रेस अपने आप को खत्म कर रही है।

**कुलदीप को नहीं बनने दिया अध्यक्ष**

पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा के कारण ही इससे पहले पूर्व सीएम भजन लाल के बेटे वर्तमान में भाजपा नेता कुलदीप बिश्नोई भी कांग्रेस छोड़ चुके हैं। वह हरियाणा में कांग्रेस संगठन की कमान संभालना चाहते थे, लेकिन हुड्डा ने उनकी यह इच्छा पूरी नहीं होने दी। मजबूरन उन्हे पार्टी छोड़ने के साथ ही विधायकी भी छोड़नी पड़ गई।

**हरियाणा कांग्रेस में चार गुट**

हरियाणा कांग्रेस में गुटबाजी इस कदर हावी है कि यहां चार गुट बन चुके हैं। पहला गुट पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा और उनके बेटे दीपेंद्र हुड्डा का बना हुआ है। वहीं दूसरा गुट रणदीप सुरजेवाला, तीसरा किरण चौधरी और चौथा गुट कुमारी शैलजा का बन गया है।

स्वतंत्र वार्ता

बुधवार, 2 नवंबर, 2022

## साइबर अपराधों का फैलता जाल

अपने यहां जब से कंप्यूटर युग आया है तब से कामकाज तो काफी आसान व तेज हो गया है लेकिन इसके साथ ही जोखिम भी अधिक बढ़ गया है। अब तो हालात यहां तक पहुंच गए हैं कि यह तकनीक निजी जिंदगी में भी हस्तक्षेप करने लगा है। हस्तक्षेप तक तो गनीमत थी लेकिन अब सारी निजी जानकारियों और सार्वजनिक गतिविधियां साइबर तंत्र के तहत ब्योरों और आंकड़ों में दर्ज होने लगी है। जाहिर है इन आंकड़ों का इस्तेमाल कुछ अवांछित वर्ग के लोग अपने फायदे के लिए करने लगे हैं। तकनीक पर निर्भरता के समांतर इसका दुरुपयोग करने के मामले भी तेजी से बढ़ने लगे हैं। देखा जाए तो अपने देश में साइबर अपराध रोकने के लिए सुरक्षा की दीवार बहुत मजबूत नहीं है, इसलिए यहां साइबर खतरे का दायरा बड़ा होना कोई आश्चर्य की बात नहीं है। दूसरे विकसित देशों में भी ऐसे जोखिम से निपटने के लिए अभी सुरक्षा की दीवार नहीं बनी है। बीते हफ्ते इनर्जी आस्ट्रेलिया में हुई आंकड़ों की चोरी उन घटनाओं की महज एक कड़ी है, जिनमें सिर्फ बीते एक महीने के दौरान आस्ट्रेलिया के सात प्रमुख व्यवसाय आंकड़ों की सेंधमारी से बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। साइबर अपराधों की बढ़ती संख्या ने दुनिया भर में यह चिंता पैदा की है कि आधुनिक होती तकनीकी की दुनिया में डेटा की चोरी क्या एक बड़ी चुनौती बनने जा रही है! आंकड़ों में सेंधमारी की लगातार बढ़ती घटनाएं दुनिया भर बढ़ती जा रही हैं। यह सब गैरकानूनी तरीके से चल रहे समूहों या कंपनियों के जरिए अंजाम दी जा रही हैं। कई समूह व लोग ऐसे हैं जो डेटा हासिल करके उनका सौदा करते हैं। पहले वे अपनी जरूरत के लक्षित तबकों के आंकड़ों में सेंध लगाते हैं, फिर उन्हें अन्य साइबर अपराधियों को बेच देती हैं। फिर भी इस तरह आंकड़ों में सेंधमारी करने वाले लोग आज भी विस्तृत साइबर अपराध के बड़े संजाल का एक छोटा-सा हिस्सा भर हैं। मुश्किल यह है कि अगर दुनिया भर में इस अपराध से निपटने के लिए कोई ज्यादा सक्षम और उपयोगी तरीका और तंत्र विकसित नहीं किया जाता है तो यह चुनौती किसी एक देश या वहां के नागरिकों के लिए ही नहीं, बल्कि दुनिया के एक बड़े हिस्से के लिए एक बड़ा खतरा बन जाएगी। बता दें कि पिछले कुछ समय से आनलाइन अपराध खासतौर पर आंकड़ों की चोरी के मामले में तेजी से पांव फैलाता जा रहा है और इसके सहारे बड़े साइबर हमलों को अंजाम देने की कोशिश की जा रही है। बताना जरूरी है कि साइबर अपराधों की दुनिया में आंकड़ों की चोरी के जरिए मुख्य रूप से बड़ी फिरौती हासिल करने की कोशिश की जाती है। तकनीकी दक्षता के साथ किसी व्यक्ति या फिर कंपनी के उपकरण या उसकी कंप्यूटर और इंटरनेट व्यवस्था को पूरी तरह ठप कर दिया जाता है और इसके बदले फिरौती वसूली जाती है। यह साइबर अपराधों की दुनिया में ज्यादा परिष्कृत तरीके के फैलता जाल है। ज्यादातर आम लोग तकनीक का इस्तेमाल तो करते हैं, मगर आमतौर पर उनके पास इसके सुरक्षित उपयोग का प्रशिक्षण नहीं होता है। तकनीक के विकास की रफ्तार इतनी तेज है कि जब एक यंत्र या उसके स्वरूप के साथ कोई व्यक्ति अभ्यस्त होने लगता है, तब तक कोई नई या बदली हुई तकनीक आ जाती है। आज जरूरत इस बात की है कि आधुनिक तकनीकी के फैलते दायरे को अगर एक व्यवस्था के तौर पर स्वीकृत किया गया है तो हर स्तर पर इसके उपयोगकर्ताओं और आम लोगों के आंकड़ों या डाटा की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सरकारें जरूरी कदम उठाएं। अगर इस पर जल्द काम नहीं किया गया तो यह आम लोगों के साथ खुद सरकारों के लिए भी एक बड़ा खतरना पैदा कर देगा।

## मैं नंबर वन थी, हूँ और रहूँगी



डॉ. सुरेश कुमार

गुरु ठनठनलाल आज अपने चेले ढुलमुलदास के साथ फिल्मों पर बातचीत कर रहे थे। बातों-बातों में चेले ने ढुलमुलाते हुए गुरु जी को ठनठनाने वाला सवाल पूछ लिया – गुरु जी क्या आपकी कभी किसी अभिनेत्री से भेंट हुई है? या बस यूँ ही हमारे जैसे एकाध चेले को पकड़कर फेंकते रहते हैं।

गुरु ने कहा – बच्चा! तुम हमें जितना बेवकूफ समझते हो हम उतने हैं नहीं। जब हम जवान हुआ करते थे, तब हमारी भेंट देश की जानी मानी अभिनेत्री से हुई थी। उनकी खूबसूरती ऐसी कि मेकअप के साथ शहद और बिना मेकअप के मधुमक्खी लगतीं थी। मुँह खोलो तो अंग्रेजी भाखड़ानंगल का बांध तोड़कर बहने लगती। उनमें अंग्रेजियत का गजब दीवानापन था। सच कहता हूँ कि अंग्रेजी के हाथ-पैर होते तो वह खुद से फांसी लगा लेती। वह तो लाचार थी बिना हड्डी के जीभ के आगे। इसका पता तो हमें उस दिन चला जब हमने उनसे पूछ लिया कि क्या आपके घरवालों ने आपको फिल्म में आने से रोका नहीं था? तब उन्होंने कहा – एक्चुली माय फादर एंटी वाज़ फिल्म। मुझे उनकी अंग्रेजी सुनकर अचपचा सा होने लगा था। मैं कुछ कहता उससे पहले वह बोल उठी – सी मिस्टर! मैं फादर कुक्क्ड़ हिंदू। आस्क डोन्ट क्वश्चन।

मेरे चेहरे की हवाइयाँ उड़ी हुई थी। अभिनेत्री को डर था कि कहीं मैं बेहोश न हो जाऊँ। उन्होंने मुझे समझाते हुए कहा – देखिए इसमें घबराने की क्या बात है। मैंने ऐसी कौनसी बात कह दी जो तुम्हारी जान निकली जा रही है। मेरे कहने का मतलब यह है कि मेरे पिता फिल्मों के सख्त खिलाफ थे। वे पक्के हिंदू थे। उन्हें नाच-गाना बिल्कुल पसंद नहीं था। यही सब मैं तुम्हें आसान अंग्रेजी में समझा रही थी कि तुम भाव पर भाव खाए जा रहे थे। फिल्म इंडस्ट्री में एक्टिंग से पहले अंग्रेजी भरभरकर आनी चाहिए। यहाँ तक कि उठने-बैठने और देखने भर से इतनी अंग्रेजी टपकनी चाहिए कि सामने वाले को यकीन हो जाए कि हमारे बदन में खून नहीं अंग्रेजी दौड़ती है। मैंने खुद को संभालते हुए हिम्मत करके पूछा - जब आपकी हिंदी इतनी अच्छी है तब यह अंग्रेजी का ढोंग क्यों? करती तो आखिर हिंदी फिल्में ही हैं।

अपने एक पैर को दूसरे पर पैर चढ़ाते हुए और सिगरेट का कश छोड़ते हुए कहा – सी मिस्टर! ये हिंदी फिल्में मजबूरी में करती हूँ। मेरा शौक तो अंग्रेजी करना है। जानते भी हो अंग्रेजी फिल्में मुझे क्यों अच्छी लगती हैं? तो सुन लो कान खोलकर। अंग्रेजी फिल्में एक्शन विथ डायरेक्शन होती हैं, हिंदी फिल्में वो होती हैं जिसमें रिएक्शन विथ नौ सेंसर होता है और जबकि देश की दूसरी भाषाओं की फिल्में एक्शन विथाऊट डायरेक्शन होती हैं। हमारे यहाँ की फिल्मों में रुलाने-धुलाने के लिए ग्लिसरिन से भरे ड्रम खाली हो जाते हैं जबकि अंग्रेजी फिल्मों के लिए ग्लिसरिन की आवश्यकता ही नहीं पड़ती। वहाँ चढ़ते डॉलर के साथ बुलंदियों पर चढ़ना पड़ता है और यहाँ गिरते रुपए के साथ गड्ढे में गिरना पड़ता है। मैं यह सब तुम्हें इसलिए बता पा रही हूँ क्योंकि मैं नंबर वन हूँ।

नंबर वन? यह किसने कह दिया आपको?

लगता है आप मेरी फिल्में नहीं देखते। मेरी वो 'सौतन' वाली फिल्म नहीं देखी क्या?

कौनसी वह जिसका नाम है – 'बीवी के रहते लाऊँ सौतन'। वही न! उसमें तो सिर्फ आपकी तस्वीर दीवार पर लटकी पड़ी थी।

# महाराष्ट्र-गुजरात से सीखो, मत बांटो इन्हें



आर.के. सिन्हा

महाराष्ट्र और गुजरात में आजकल निजी क्षेत्र के निवेश को आकर्षित करने को लेकर स्वस्थ स्पर्धा चल रही है। यह अपने आप में सुखद है। ये दोनों राज्य 01 मई, 1960 को अलग-अलग प्रदेश के रूप में देश के मानचित्र में आने से पहले "बॉम्बे स्टेट" के ही अंग थे। यानी वे एक ही प्रदेश का हिस्सा थे। यह सब जानते हैं। ये भाषायी आधार पर अलग-अलग होने के बावजूद एक दूसरे के बेहद निकट हैं। हाल के दिनों में ही "टाटा एयरबस परियोजना" गुजरात के पाले में गई। यह परियोजना पहले महाराष्ट्र के लिए तय थी, जिसे बाद में गुजरात में स्थापित करने का फैसला किया गया। परियोजना की जगह में बदलाव को लेकर मचे विवाद के बीच महाराष्ट्र के सीएम एकनाथ शिंदे ने सफाई दी। शिंदे ने कहा कि महाराष्ट्र के औद्योगिक क्षेत्र के लिए बड़े निवेश की तैयारी है। टाटा एयरबस प्लांट के 1.5 लाख करोड़ रुपये की वेदांत-फॉक्सकॉन परियोजना के गुजरात के पाले में जाने के करीब डेढ़ महीने बाद यह मुद्दा उछला है। वडोदरा में एयरबस सी-295 परिवहन विमान के उत्पादन के लिए एक विनिर्माण संयंत्र स्थापित किया जाना है। फ्रांस की कंपनी एयरबस और टाटा समूह की साझेदारी से इन विमानों का निर्माण किया जाएगा। कोई बात तो है कि बडे निवेश इन राज्यों को मिलते हैं। आखिर इन्होंने निवेशकों के अनुकूल अपनी नीतियां जो बनाई हैं। यूं कोई निवेशक कहीं पैसा नहीं लगाता। यह याद रखना जाना चाहिए। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा- विपक्ष हमें इस बात को लेकर निशाना बना रहा है कि बड़े निवेश महाराष्ट्र से गुजरात में जा रहे हैं। मैं इस मुद्दे पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दूंगा। हमारे उद्योग मंत्री उदय सामंत पहले ही इस पर सरकार का रुख स्पष्ट कर चुके हैं। महाराष्ट्र का भविष्य औद्योगिक निवेश को लेकर काफी बड़ा है।" दरअसल महाराष्ट्र और गुजरात देश के शेष राज्यों के लिए उदाहरण तो अवश्य ही पेश करते हैं, जिनमें आपस में किच-किच चलती रहती है। इसे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जैसे सिरफिरे अफसर से बने नेता गति देने की फिराक में रहते हैं। वे कुछ हफ्ते पहले ये कह रहे थे- "गुजरात भाजपा का अध्यक्ष मराठी है। भाजपा को अपना अध्यक्ष बनाने के लिए एक भी गुजराती नहीं मिला? लोग कहते हैं, ये केवल अध्यक्ष नहीं, गुजरात सरकार यही चलाते हैं। असली मुख्यमंत्री यही हैं। ये तो गुजरात के लोगों का घोर अपमान है।" उनका इशारा भारतीय जनता पार्टी की गुजरात इकाई के प्रमुख सीआर पाटिल की तरफ था। अगर अरविंद केजरीवाल को महाराष्ट्र तथा गुजरात के घनिष्ठ संबंधों के बारे में थोड़ा सा भी ज्ञान होता तो वे इस तरह की अनाप-शनाप टिप्पणी करने से बचते। वे भी तो हरियाणवी बनिया हैं तो क्यों दिल्ली की गद्दी पर आसीन करने के लिये उन्हें कोई "आप " का कार्यकर्ता नहीं मिला, जो खुद मुख्यमंत्री बने बैठे हैं ? यह समझना होगा कि भारत की आर्थिक प्रगति का

**महाराष्ट्र-गुजरात से अन्य प्रदेशों को सीखना चाहिए कि वे किस तरह से निजी क्षेत्र का निवेश अपने यहां भी ला सकें। फिलहाल तो ये दोनों प्रदेश ही बाकी राज्यों पर भारी पड़ रहे हैं।**

रास्ता इन दोनों ही राज्यों से ही होकर गुजरता है। महाराष्ट्र और गुजरात में परस्पर मैत्री और सहयोग का वातावरण सदैव बना रहा। गुजराती और मराठी समाज में तालमेल के मूल में बड़ी वजह यह रही कि ये दोनों में अहंकार या ईगो का भाव नहीं है। दोनों ने एक-दूसरे के पर्वों को आत्मसात कर लिया। गुजराती गणेशोत्सव को उसी उत्साह से मनाते हैं, जैसे मराठी नवरात्रि को आनंद और उत्साह के साथ मनाते हैं। इसलिए दो राज्यों के बनने के बाद भी इन दोनों समाजों और राज्यों में कभी दूरियां पैदा नहीं हुईं। मुंबई के गुजराती भाषियों ने इस महानगर को अपनी कुशल आंत्रप्योनर क्षमताओं से समृद्ध किया। वे 1960 से पहले की तरह से मुंबई में अपने कारोबार को आगे बढ़ाते रहे। मुंबई के अनाज, कपड़ा, पेपर और मेटल बाजार में गुजराती छाए हुए हैं। हीरे के 90 फीसद कारोबारी गुजराती भाई ही हैं और मुंबई स्टॉक एक्सचेंज की आप गुजरातियों के बगैर कल्पना भी नहीं कर सकते। मुंबई में मराठियों और गुजरातियों को आप अलग करके नहीं देख सकते। दोनों मुंबई की प्राण और आत्मा हैं। मुंबई यानी देश की वित्तीय राजधानी मुंबई में गुजराती मूल के लोगों के दर्जनों कालेज, स्कूल, सांस्कृतिक संस्थाएं वगैरह सक्रिय हैं। मुंबई के गुजराती भावनात्मक रूप से ही गुजराती रह गए हैं। वैसे वे मुंबई के जीवन में रच-बस गए गए हैं। और मुंबई में अब भी उन लोगों को याद है जब एक धीरूभाई अंबानी नाम का नौजवान अंधेरी के एक चाल में रहता था। क्या किसी को बताने की जरूरत है कि धीरूभाई अंबानी कौन थे? ये बातें होंगी पिछली सदी के पांचवें दशक की। तब धीरूभाई बिजनेस की दुनिया में अपनी दस्तक दे रहे थे। मुंबई में लगभग 30 लाख गुजराती रहते हैं। इसी मुंबई में धीरूभाई के बाद गौतम अडानी, अजीम प्रेमजी, रतन टाटा, आदी गोदरेज, समीर सोमाया जैसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कारोबारी दुनिया में जगह बनाने वाले अनेक गुजराती आए और आगे बढ़े। गुजराती और मराठी शुरू से आपसी सांमजस्य और भाईचारे के भाव से इसलिए भी रहते रहे, क्योंकि दोनों एक-दूसरे के पर्याय बन कर रहे। जहां गुजराती कारोबारी बनने को बेताब रहा, वहीं मराठी एक अच्छी सी पगार वाली नौकरी करने तक अपने को सीमित रखता था। दोनों ने एक-दूसरे के स्पेस को लांघा नहीं। मराठी समाज की रुचियों में शामिल रहे कला, संस्कृति, संगीत वगैरह। गुजराती समाज सच्चा और अच्छा कारोबारी है। दोनों में टोलरेंस का भाव भी रहा। अगर गुजरात की बात करें तो इसकी उत्तरी-पश्चिमी सीमा पाकिस्तान से लगी है। गुजरात का क्षेत्रफल 1,96,024 वर्ग किलोमीटर है।

यहां मिले पुरातात्विक अवशेषों से प्राप्त जानकारी के अनुसार इस राज्य में मानव सभ्यता का विकास 5 हजार वर्ष पहले हो चुका था। और मध्य भारत के सभी मराठी भाषी इलाकों का विलय करके एक राज्य बनाने को लेकर बड़ा आंदोलन चला और 01 मई, 1960 को कोंकण, मराठवाडा, पश्चिमी महाराष्ट्र, दक्षिण महाराष्ट्र, उत्तर महाराष्ट्र तथा विदर्भ, सभी संभागों को जोड़ कर महाराष्ट्र राज्य की स्थापना की गई। महाराष्ट्र राज्य आसपास के मराठी भाषी क्षेत्रों को मिलाकर बनाया गया था।

इनमें मूल रूप से ब्रिटिश मुंबई प्रांत में शामिल दमन तथा गोवा के बीच का जिला, हैदराबाद के निजाम की रियासत के पांच जिले, मध्य प्रांत (मध्य प्रदेश) के दक्षिण के आठ जिले तथा आसपास की ऐसी अनेक छोटी-छोटी रियासतें शामिल थीं, जो समीपवर्ती जिलों में मिल गई थीं।

महाराष्ट्र-गुजरात से अन्य प्रदेशों को सीखना चाहिए कि वे किस तरह से निजी क्षेत्र का निवेश अपने यहां भी ला सकें।

फिलहाल तो ये दोनों प्रदेश ही बाकी राज्यों पर भारी पड़ रहे हैं।

# कांग्रेस की दक्षिणायन राजनीति



राज कुमार सिंह

राजनयिक से राजनेता बने शशि थरूर को भारी अंतर से हरा कर 80 साल के मल्लिकार्जुन खड.गे 137 साल पुरानी कांग्रेस के 98 वें अध्यक्ष तो बन गये हैं, पर उनकी असली परीक्षा अब होगी। सिर्फ इसलिए नहीं कि 24 साल के अंतराल के बाद कोई गैर गांधी कांग्रेस की कमान संभाल रहा है, बल्कि इसलिए भी कि देश की सबसे पुरानी यह राजनीतिक पार्टी अपने सबसे बुरे दौर से गुजर रही है। लगातार दो लोकसभा चुनाव और दर्जन भर से भी ज्यादा विधानसभा चुनावों में शर्मनाक पराजय से उपजी निराशा और हताशा का अंदाजा इसीसे लगाया जा सकता है कि जिस गांधी परिवार को कांग्रेस का स्वाभाविक नेतृत्व माना जाता रहा, उसी पर जी-23 ने बाकायदा पत्र लिख कर सवाल उठाये। जी-23 के अग्रणी नेता गुलाम नबी आजाद ने तो पहले ही राहुल गांधी पर सीधा हमला बोलते हुए जम्मू-कश्मीर में अपनी अलग डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी बना ली, पर गांधी परिवार ने मल्लिकार्जुन खड.गे को अध्यक्ष चुनवा कर परिवारवाद और आंतरिक लोकतंत्र, दोनों बिंदुओं पर आलोचकों को जवाब देने की कोशिश की है। बेशक खड.गे की प्रचंड जीत गांधी परिवार के आशीर्वाद का ही परिणाम रही, पर उनके पक्ष में मतदान करनेवाले कांग्रेस डेलीगेट्स अपनी जिम्मेदारी-जवाबदेही से मुंह नहीं चुरा सकते। राजनीति की सामान्य समझ रखनेवाला भी जानता था कि नया अध्यक्ष गांधी परिवार का विश्वस्त ही होगा। अशोक गहलोत ने मुख्यमंत्री पद के मोह में जैसे रंग बदले, उसके बाद तो यह और भी जरूरी था कि कांग्रेस के साथ स्वयं भी साख के संकट से गुजर रहा गांधी परिवार किसी तरह का जोखिम न उठाये। इसीलिए अंतिम क्षणों में खड.गे पर दांव लगाया गया। परिवार का आशीर्वाद खड.गे को मिला, तो उसके मूल में भावी राजनीति की रणनीति भी खोजी जा सकती है। दलित समुदाय से आनेवाले खड.गे पिछला लोकसभा चुनाव हारने से पहले कर्नाटक के गुलबर्गा से लगातार 10 बार जीत भी चुके हैं। पराभव के दौर से गुजर रही कांग्रेस में चुनावी जीत का ऐसा रिकॉर्ड रखनेवाले नेता ज्यादा नहीं हैं, पर खड.गे को चुनने का यही एकमात्र कारण नहीं है। विधानसभा चुनावों के संदर्भ में राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ. और हरियाणा को अपवाद मान लें तो उत्तर भारत से कांग्रेस लगभग लुप्त हो चुकी है। बिहार और झारखंड में भी थोडी.-बहुत बची है तो राजद, जद यू और झामुमो से गठबंधन की बदौलत। नहीं भूलना चाहिए कि यही उत्तर भारत भाजपा का मुख्य शक्ति केंद्र भी है। उत्तर भारत के 10 राज्यों और केंद्र शासित क्षेत्रों : उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पंजाब, दिल्ली, जम्मू और कश्मीर से 180 लोकसभा सांसद चुने जाते हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में इनमें 122 सीटें भाजपा की झोली में गयीं। भाजपा को उत्तर भारत से कितनी जबर्दस्त शक्ति मिलती है, इसका अनुमान इसीसे लगाया जा सकता है कि उसने 50 प्रतिशत मत हासिल करते हुए उत्तर प्रदेश की 80 में से 62 लोकसभा सीटें जीती थीं, जबकि देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस रायबरेली की एकमात्र सीट तक सिमट गयी। स्वयं राहुल गांधी अमेठी से हार गये। उन्हे ऐसी आशंका रही होगी, तभी शायद वह केरल के कोट्टायम से भी लोकसभा चुनाव लडे., और जीत भी गये। राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ. में कांग्रेस ने भाजपा से 2018 के विधानसभा चुनावों में सत्ता छीन ली थी, लेकिन चंद महीने बाद हुए लोकसभा चुनाव में पासा पलट गया। हरियाणा में कांग्रेस खाता तक नहीं खोल पायी। इसी साल हुए विधानसभा चुनाव में आप ने पंजाब में जैसी प्रचंड जीत हासिल की है, उसके मद्देनजर वहां भी कांग्रेस की राह दुष्कर हो गयी है। संभव है कि नीतीश कुमार की महा गठबंधन में वापसी से बिहार के चुनावी समीकरण कुछ बदल जायें, पर उसमें कांग्रेस की हिस्सेदारी बहुत ज्यादा नहीं होगी। ऐसे में मल्लिकार्जुन खड.गे को अध्यक्ष बना कर कांग्रेस ने दक्षिण भारत में अपनी जमीन बचाने और भाजपा का विस्तार रोकने की रणनीति बनायी लगती है। बेशक दक्षिण भारत में उत्तर के मुकाबले लोकसभा सीटों की संख्या कम है, लेकिन वहां भाजपा का प्रभाव तो और भी कम है। 2019 के लोकसभा चुनाव की ही बात करें तो दक्षिण भारत की कुल 130 सीटों में से भाजपानीत राजग के हिस्से मात्र 30 सीटें ही आयीं, जिनमें से 25 कर्नाटक से मिलीं। कर्नाटक में लोकसभा की कुल 28 सीटें हैं। पिछले विधानसभा चुनाव के बाद के घटनाक्रम से तो लगता है कि इस बार भाजपा के लिए कर्नाटक में पुराना प्रदर्शन दोहरा पाना ही मुश्किल होगा। तमिलनाडु के मतदाता अपने मन का संकेत विधानसभा चुनाव में दे ही चुके हैं। वहां भी बडे. परिवर्तन का कोई कारण फिलहाल नजर नहीं आता। पुड्डुचेरी और लक्षद्वीप में एक-एक लोकसभा सीट ही है। आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में क्षेत्रीय दलों: क्रमशः वाईएसआर कांग्रेस और टीआरएस का राज है। वाईएसआर का रुख केंद्र सरकार के प्रति सहयोगात्मक ही रहा है, पर वह भाजपा को राज्य में पैर जमाने देने का जोखिम तो नहीं ही उठायेगी, जबकि टीआरएस प्रमुख के चंद्रशेखर राव तो खुद ही प्रधानमंत्री बनने के लिए विपक्षी ध्रुवीकरण में जुटे हैं। ऐसे में दक्षिण भारत में कांग्रेस को बडी. चुनावी सफलता मिले या नहीं, पर वह भाजपा का प्रभाव सीमित करने में कोई कसर नहीं छोड.ना चाहेगी। भाजपा से मित्रता न रखनेवाले क्षेत्रीय दल भी दक्षिण में बढ.त पायें तो कांग्रेस को ज्यादा परेशानी नहीं होगी। कांग्रेस की इस रणनीति की पहली परीक्षा अगले साल हो जायेगी, जब कर्नाटक, तेलंगाना समेत देश के 10 राज्यों में विधानसभा चुनाव होंगे। इनमें कांग्रेस शासित राजस्थान और छत्तीसगढ. के अलावा मध्य प्रदेश भी शामिल है, जहां ज्योतिरादित्य सिंधिया के दलबदल के चलते कांग्रेस की सरकार गिर गयी। पूर्वोत्तर के राज्य छोटे अवश्य हैं, पर वहां कांग्रेस, भाजपा को सीधी टक्कर देने मे समर्थ है। ऐसे में निकट भविष्य में होनेवाले हिमाचल प्रदेश और गुजरात के विधानसभा चुनाव तथा अगले साल होनेवाले 10 राज्यों के विधानसभा चुनाव केंद्रीय सत्ता के लिए 2024 में होनेवाले मुकाबले का सेमीफाइनल माने जा सकते हैं। ताजपोशी के तुरंत बाद हो रहे हिमाचल और गुजरात के चुनावों के परिणामों की कसौटी पर खड.गे को कसना उनके साथ अन्याय होगा, लेकिन अगले साल के चुनाव –परिणामों की जिम्मेदारी-जवाबदेही से वह नहीं बच पायेंगे।

# भारत विश्व शक्ति कैसे बने?



डॉ. वेदप्रताप वैदिक

भारत की सरकारों से मेरी शिकायत प्रायः यह रहती है कि वे शिक्षा और चिकित्सा के क्षेत्र में क्रांतिकारी कदम क्यों नहीं उठाती हैं? कांग्रेस और भाजपा की सरकारों ने छोटे-मोटे कुछ कदम इस दिशा में जरूर उठाए पर नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के बाद 2018 में आयुष्मान बीमा योजना सो देश के करोड़ों गरीब लोगों को राहत मिल रही है। यह योजना सराहनीय है। मगर इस देश का स्वास्थ्य मूल रूप से सुधरे, इसकी कोई तदबीर आज तक सामने नहीं आई है।

फिर भी इस योजना से देश के लगभग 40-45 करोड़ लोगों को लाभ मिलेगा। वे अपना 5 लाख रुपये तक का इलाज मुफ्त करवा सकेंगे।

उनके इलाज का पैसा सरकार देगी। अभी तक देश में लगभग 3 करोड़ 60 लाख लोग इस योजना के तहत अपना मुफ्त इलाज करवा चुके हैं। उन पर सरकार ने अब तक 45 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा खर्च किया है। देश की कुछ राज्य सरकारों ने भी राहत की इस रणनीति को अपना लिया है लेकिन क्या भारत के 140 करोड़ लोगों की स्वास्थ्य-रक्षा और चिकित्सा की भी योजना कोई सरकार लाएगी? इसी प्रकार भारत में जब तक प्रारंभिक से लेकर उच्चतम शिक्षा भारतीय भाषाओं के जरिए नहीं होती है, तब तक भारत की गिनती पिछड़े हुए देशों में ही होती रहेगी। जब तक यह मैकाले प्रणाली की गुलामी का ढर्रा भारत में चलता रहेगा, भारत से प्रतिभापलायन होता रहेगा।

अंग्रेजीदां भारतीय युवजन भागकर विदेशों में नौकरियां ढूंढेंगे और अपनी सारी प्रतिभा उन देशों पर लुटा देंगे। इसका अर्थ यह नहीं कि हमारे बच्चे विदेशी भाषाएं न पढ़ें। उन्हें सुविधा हो कि वे अंग्रेजी के साथ कई अन्य प्रमुख विदेशी भाषाएं भी जरूर पढ़ें लेकिन उनकी पढ़ाई का माध्यम कोई विदेशी भाषा न हो।

सारे भारत में किसी भी विदेशी भाषा को पढ़ाई का माध्यम बनाने पर कड़ा प्रतिबंध होना चाहिए। कौन करेगा, यह काम? यह काम वही संसद, वही सरकार और वही प्रधानमंत्री कर सकते हैं, जिनके पास राष्ट्रोन्नति का मौलिक चिंतन हो और नौकरशाहों की नौकरी न करते हों। जिस दिन यह सोच पैदा होगी, उसी दिन से भारत विश्व शक्ति बनना शुरू हो जाएगा।

# मनुष्य के आत्म बल को बाधित कर सकने वाले कारक



रेखा शाह

यह सर्वविदित है मनुष्य का मन अ त्या धि क चलायमान होता है अभी इसी पल यहां है अभी इसी पल हजारों योजन दूर पहुंच जाता है । मन की गति संसार में सभी चलायमान वस्तुओं से तीव्र गति से चलती है हमारे मन में यदि अच्छी और सकारात्मक बातें चलती है तो वहीं पर यह अनेक दुर्गुणों का भी खान है मन अत्यधिक शक्तिशाली भी है अगर ठान ले तो पर्वत चीर कर राह बना ले और यदि दुर्गुणो की ओर आसक्त हो जाए तो आपका पतन होने से भी कोई नहीं रोक सकता है । हमारा ह्रदय और हमारा मन हमारे व्यक्तित्व के निर्माण करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है अगर हम अपने व्यक्तित्व को सद्गुणों की गरिमा प्रदान करना चाहते हैं सफलता के शिखर को छूना चाहते हैं तो हमें कुछ चीजों का या यूं कहिए कुछ अवगुणो का त्याग करना या उन दुर्गुणों पर विजय प्राप्त करना अत्यावश्यक होता है ।जैसे भय.. भय भी एक दुर्गुण है किसी भी चीज में किसी बात से भयभीत होकर उसे नहीं करना छोड़ देना हमारे व्यक्तित्व को विकसित नहीं होने देता और हमारे विकास को अवरुद्ध करने का कार्य करता है । जबकि आत्म बल के द्वारा हम अपने भय को परास्त आसानी से कर सकते हैं।

दूसरा फिक्र और चिंता यह अनायास ही हमें मानसिक रूप से कमजोर बना देता हैं हम जिन कार्यों को करने में सक्षम होते हैं जिन कार्यों को हम थोड़े मेहनत और थोड़े प्रयासों के द्वारा संपन्न कर सकते हैं उन कार्यों को भी नहीं कर पाते हैं अपने व्यर्थ की भय और चिंता के कारण.. कभी-कभी चिंता और फिक्र के कारण जो समस्याएं होती भी नहीं वह भी हमें अपने इस स्वभाव के कारण अवरोधक के रूप में हमारा मार्ग बाधित करती हैं। कहा भी गया है चिंता और चिता दोनों एक समान है जो मनुष्य को पल-पल मृत्यु की ओर अग्रसर करती हैं।अत व्यर्थ की चिंता और फिक्र ,लाभ -हानि की चिंता किए बिना बस हमें अपने कर्म को श्रेष्ठतम रूप में करते रहना चाहिए अगर किसी कार्य में हम अपना सर्वश्रेष्ठ देते हैं तो उस कार्य में सफलता सुनिश्चित होती है। इसी प्रकार जीवन के प्रति निराशा यदि हम हमारे अंदर जीवन के प्रति कोई उत्साह नहीं जीने की ललक नहीं है तो हम अपने मानसिक शक्ति को सबल नहीं बना सकते हैं अगर जीवन में हमारा दृष्टिकोण उत्साह से भरा हुआ है तो किसी भी कार्य को करने में हमें आनंद मिलता है किसी भी कार्य को करने में अतिरिक्त ऊर्जा प्राप्त होती है जिसके के द्वारा हम सफलता को प्राप्त होते हैं । और वहीं पर यदि आधे अधूरे मन से किसी कार्य को किया जाए तो उसमें सफलता संदिग्ध हो जाती है। इसी प्रकार यदि हमारे अंदर व्यर्थ की ईर्ष्या और जलन, बदमिजाजी, चिड़चिड़ापन है। तो हम उन व्यर्थ की बातों में ही उलझे रहते हैं जिनका हमारे व्यक्तित्व के विकास से कोई लेना देना नहीं होता है। व्यर्थ की ईर्ष्या जलन हमें अपने लक्ष्य से भटकाती है । अगर किसी के कार्य से हम प्रभावित हैं तो हमें उससे सीख लेनी चाहिए ना की ईर्ष्या जलन करनी चाहिए..यह व्यर्थ ईर्ष्या या जलन भी हमारे व्यक्तित्व का विकास और सफलता के बीच अवरोधक का कार्य करते हैं। क्रोध -गुस्सा यह ऐसे अवगुण हैं जो मनुष्य के हर बनते काम को बिगाड़ कर उसे पतन की ओर ले जाते हैं हम अक्सर क्रोध में अपने मन पर काबू नहीं रख पाते अगर कभी किसी बात पर क्रोध आए उस समय उस बात को कुछ समय के लिए छोड़ देने के उपरांत उस पर विचार किया जाए तो निश्चित ही हमारा उस पर निर्णय बदल जाता है। क्रोध हमारे बुद्धि विवेक का हरण कर लेती है अतः जीवन में जब भी क्रोध आए उस समय ठहर जाए और विचार करें कुछ समय बाद उस पर निर्णय ले.. जिसके कारण आप उचित निर्णय लेने के परिस्थिति में पहुंच जाएंगे कहा भी गया है खुशी में किसी को वचन नहीं देना चाहिए और क्रोध में कोई भी प्रतिज्ञा नहीं करनी चाहिए। उपरोक्त उल्लेखित यह कुछ कारक हमारे जीवन में ऐसे है कि हमारे आत्मबल को अनेक प्रकार से प्रभावित करते हैं हमारे संयम की परीक्षा लेते हैं अगर जीवन में हमें सफलता का स्वाद चाहिए तो इन सब अवगुणो से पार पाना ही उसका एकमात्र उपाय है अगर हम इन सब अवगुणों पर पार पा लेते हैं तो जीवन में सफलता हमारे मुट्ठी में होगी।

# अक्षय नवमी से समझें सेहत और प्रकृति का महत्व



दीपावली के बाद बुधवार, 2 नवंबर को महालक्ष्मी की पूजा का एक और पर्व है। इस दिन अक्षय नवमी है, इसे आंवला नवमी भी कहा जाता है। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की नवमी पर आंवले से जुड़े तीन काम खासतौर पर किए जाते हैं- आंवले के पेड़ की पूजा, इसका रस पानी में मिलाकर स्नान करना और खाने में आंवला शामिल करना। ये पर्व सेहत और प्रकृति का महत्व समझाता है। देवी लक्ष्मी की पूजा में आंवला खासतौर पर चढ़ाया जाता है।

आंवला नवमी पर पानी में आंवले का रस मिलाकर स्नान करने की परंपरा पुराने समय से चली आ रही है। जो लोग अक्षय नवमी पर महालक्ष्मी और आंवले की पूजा करते हैं, उन्हें देवी लक्ष्मी की विशेष कृपा मिलती है। आंवले की पूजा करने का संदेश ये है कि हमें प्रकृति का सम्मान करना चाहिए। खाने में आंवला शामिल करने का संदेश ये है कि हमें सेहत के लिए हमेशा सजग रहना चाहिए।

**आंवले से मिलते हैं ये स्वास्थ्य लाभ**

आयुर्वेद में आंवले का महत्व काफी अधिक है। कई बीमारियों में आंवले का उपयोग अलग-अलग रूप में किया जाता है। आंवले का रस, चूर्ण और आंवले का मुरब्बा ये सभी हमारे स्वास्थ्य के लिए लाभदायक होते हैं। इसके नियमित उपयोग से अपच, एसिडिटी, कब्ज, गैस जैसी बीमारियां दूर रहती हैं। आंवले का रस पानी में मिलाकर नहाने से त्वचा रोगों में लाभ मिलता है। आंवले के रस के सेवन से हमारी त्वचा की चमक बढ़ती है।

**आंवले के नीचे करें विष्णु-लक्ष्मी की पूजा**

अक्षय नवमी पर आंवले के नीचे विष्णु जी और महालक्ष्मी की पूजा करनी चाहिए। पीपल, तुलसी की तरह ही आंवला भी पूजनीय है। इस दिन आंवले के नीचे बैठाकर गरीबों को भोजन कराने की भी परंपरा है।

# विष्णु-लक्ष्मी जी का पसंदीदा फल है आंवला

## इसे पानी में डालकर नहाने और दान करने की परंपरा है



बुधवार, 2 नवंबर को कार्तिक महीने के शुक्ल पक्ष की नवमी है। इस तिथि को आंवला नवमी कहते हैं। पुराण कहते हैं कि इस तिथि पर सूर्योदय से पहले उठकर पानी आंवला डालकर नहाना चाहिए और आंवले के पेड़ की पूजा के बाद आंवला खाना और इसका दान भी करना चाहिए। ऐसा करने से मिलने वाला पुण्य कभी खत्म नहीं होता। साथ ही बीमारियां दूर होती हैं और उम्र भी बढ़ती है।

**आंवले के पानी से दूर होती हैं बीमारियां**

ज्योतिषी का कहना है कि इस तिथि पर आंवले के पेड़ की पूजा करने से समृद्धि बढ़ती है और लक्ष्मी जी की विशेष कृपा मिलती है। इस दिन पानी में आंवले का रस मिलाकर नहाने से पवित्रता बढ़ती है। आंवले के पानी से नहाने पर नकारात्मक ऊर्जा खत्म होती है। बीमारियां भी दूर होती हैं।

**भगवान विष्णु-लक्ष्मी का पसंदीदा फल**

आयुर्वेद के अनुसार आंवला सेहत के लिए वरदान है। इसे रोज खाने से उम्र बढ़ती है। पुराणों में बताया है कि आंवला, विष्णु और लक्ष्मी जी का पसंदीदा फल है। इसलिए इसे खाने से पुण्य भी बढ़ता है और पाप खत्म हो जाते हैं। पीपल और तुलसी की तरह आंवला भी पूजनीय और पवित्र है। इसी वजह से आंवला नवमी पर इसकी पूजा करते हैं।

**आंवले को कहते हैं लक्ष्मी फल**

आदिशंकराचार्य को एक गरीब ने भिक्षा में सुखा आंवला दान किया था। गरीब की दशा देख शंकराचार्य दुखी हुए। उन्होंने से उस आंवले पर कनकधारा स्तोत्र पढ़कर सोने की बारिश करवा दी थी। इसलिए आंवले को लक्ष्मी फल भी कहा गया है। तब से आंवला दान करने की भी परंपरा है। माना जाता है इसके दान से लक्ष्मी जी की कृपा बनी रहती है।




# अक्षय नवमी पर करें ये अचूक टोटके

हिंदू धर्म में हर पर्व का अपना महत्व होता है वही कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को अक्षय नवमी का पर्व मनाया जाता है जिसे बेहद खास माना गया है इसे आंवला तिथि के नाम से भी जाना जाता है इस साल आंवला नवमी या अक्षय नवमी का त्योहार कल यानी 2 नवंबर दिन बुधवार को मनाया जाएगा। इस दिन विशेष तौर पर आंवले के पेड़ और श्री हरि विष्णु की पूजा का विधान होता है

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार आंवले के वृक्ष में भगवान श्री हरि वास करते हैं ऐसे में अक्षय नवमी पर इसकी पूजा करने से वे प्रसन्न होकर कृपा बरसाते हैं अधिकतर भक्त कामना पूर्ति से लिए भी अक्षय नवमी के दिन आंवले के पेड़ की पूजा करते हैं इस दिन पूजा पाठ के साथ साथ कुछ टोटके और उपायों को भी करना लाभकारी होता है इन उपायों को करने से परेशानियां दूर हो जाती है और सुख समृद्धि का आगमन होता है तो आज हम आपको इन्हीं टोटकों के बारे में बता रहे हैं तो आइए जानते हैं।

**जानिए आसान टोटके—**

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार अक्षय नवमी का दिन श्री हरि विष्णु को समर्पित होता है ऐसे में इस दिन आंवले के पेड़ की पूजा और दान करने का खास महत्व बताया गया है इस दिन आंवले का दान



करने से जातक की सभी मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती है और जीवन में चल रही परेशानियों से भी छुटकारा मिलता है आंवला नवमी के दिन आंवले का पौधा लगाना शुभ माना जाता है

इससे घर की नकारात्मकता दूर हो जाती है परिवार में सुख समृद्धि बनी रहती है आंवले का पौधा घर को बुरी नजर से भी बचाता है और चारों ओर सकारात्मकता का संचार करता है। जिससे धन की देवी मां लक्ष्मी का घर में आगमन होता है।

मान्यता है कि एकादशी की पवित्र तिथि पर स्नान के पानी में आंवले का रस डालकर नहाने से सारे पाप नष्ट हो जाते हैं अक्षय नवमी तिथि पर आंवले के पेड़ के नीचे गरीबों को भोजन कराना उत्तम होता है ऐसा करने से दरिद्रता दूर हो जाती है और अन्न व धन के भंडार घर में भरे रहते हैं।

# हाथों में शुभ होता है इन निशान का होना, मिलता है राजयोग



जिस प्रकार से कुंडली देखकर मनुष्य के बारे में पता लगाया जा सकता है। वैसे ही सामुद्रिक शास्त्र में शरीर की बनावट, हथेली की रेखाएं एवं चिह्नों को देखकर बहुत कुछ अंदाजा लगाया जा सकता है। पुरुषों की बात करें तो उनके शरीर पर उपस्थित कुछ चिह्न भविष्य और बर्ताव के बारे में जानकारी देते हैं। इसके साथ ही उनके आगामी भविष्य, अमीरी, गरीबी, धन, पैसा सबके बारे में बहुत कुछ पता लगाया जा सकता है।

चक्रः-किसी मनुष्य के हाथ में चक्र का निशान होना बहुत सौभाग्यशाली माना जाता है। ऐसे व्यक्तियों को उच्च पद मिलता है। वहीं, धन की भी कभी कमी नहीं होती है। ऐसे लोग, जीवन में जो कुछ भी चाहते हैं, उनको मिलता है।

**ध्वज या मकर चिह्नः-**

जिस मनुष्य के हाथ में ध्वज या मकर चिह्न होते हैं, वे अमीर होते हैं। ऐसे व्यक्तियों की जिंदगी में पैसों की कभी कमी नहीं रहती है। वहीं, किसी पुरुष की हथेली पर तिल है तो इसका अर्थ है कि वह बहुत धनवान है। ऐसे व्यक्तियों को समाज में हमेशा मान-सम्मान प्राप्त होता है।



**यव का चिह्नः-**

यव का चिह्न होना भी सौभाग्य की निशानी है। किसी मनुष्य के हाथ के अंगूठे पर यदि यव का चिह्न बना है तो वह बहुत धनवान होते हैं तथा काफी प्रॉपर्टी के मालिक होते हैं। ऐसे लोग ऐशो-आराम की जिंदगी जीते हैं तथा इन्हें हर प्रकार की सुविधाओं को भोगने का सुख प्राप्त होता है।

**हथेली की रेखाएंः-**

हाथों की रेखाएं बहुत कुछ बयां करती हैं। जिन व्यक्तियों की हथेली की रेखाएं साफ नहीं नजर आती हैं। ऐसे लोगों को जीवन में बहुत संघर्ष करना पड़ता है। ऐसे लोगों की आर्थिक हालत भी कमजोर होती है। वहीं, जिन पुरुषों की हाथ की रेखाएं गहरी या स्पष्ट हैं तो उसे जीवन में कभी धन की कमी नहीं होती।




हर मनुष्य अपने जीवन में परिवार के लिए कड़ी मेहनत करके सुख-सुविधा अर्जित करने की पूरी कोशिश करता है। कई बार ऐसा होता है कि आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने के चलते मनुष्य को कर्जा लेना पड़ जाता है। अगर आर्थिक स्थिति मजबूत है तो कर्जा समय पर चूक जाता है, वहीं स्थिति खराब होने पर समय पर कर्ज उतारने में बड़ी समस्याएं आती है। यह परिस्थिति वास्तु दोष के चलते निर्मित हो सकती है। ऐसे में भोपाल निवासी ज्योतिषी एवं वास्तु सलाहकार पंडित हितेंद्र कुमार शर्मा बता रहे हैं वास्तु शास्त्र के कुछ सरल उपाय, जो आपको कर्ज से मुक्ति दिला सकते हैं।

**1. इस दिशा में लगाएं दर्पण**

वास्तु शास्त्र के अनुसार कर्ज से छुटकारा पाने के लिए घर या दुकान में उत्तर-पूर्व दिशा में दर्पण लगाना चाहिए। ऐसा करने से व्यक्ति का कर्जा जल्द ही उतर जाता है।

**2. गलवार का दिन शुभ**

वास्तु शास्त्र के अनुसार यदि आपके ऊपर कर्ज है और आप उसे उतारना चाहते हैं तो इसके लिए सबसे अच्छा दिन मंगलवार का माना जाता है। इस दिन पैसा लौटाने से आपका कर्ज जल्द ही उतर जाता है।

**3. इस दिशा में ना हो बाथरूम**

वास्तु शास्त्र के अनुसार घर का बाथरूम भी सही दिशा में होना बहुत जरूरी है। घर का बाथरूम कभी भी दक्षिण-पश्चिम दिशा में नहीं होना चाहिए इस दिशा में बाथरूम होने से मनुष्य पर बड़ा कर्जा हो जाता है।

**4. माता लक्ष्मी और भगवान कुबेर की मूर्ति लगाएं**

वास्तु शास्त्र के अनुसार यदि आप अधिक कर्ज में डूबे हैं तो घर या दुकान की उत्तर दिशा में माता लक्ष्मी और भगवान कुबेर की मूर्ति लगाकर उनकी पूजा करें। जल्द ही कर्ज से छुटकारा मिलेगा।

**5. तिजोरी का मुख हो सही दिशा में**

वास्तु शास्त्र के अनुसार घर की तिजोरी की कर्ज उतारने में महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। इस बात का ध्यान रखें कि आपके घर या दुकान की तिजोरी हमेशा उत्तर दिशा की तरफ हो।

**6. इस रंग की ना हो दीवार**

वास्तु शास्त्र के अनुसार घर या दुकान की दीवार गहरे नीले रंग की कभी भी ना पुतवाएं। इस रंग से मनुष्य को धन हानि होती है और व्यक्ति कर्ज में डूब सकता है

**7. झूठे बर्तन ना छोड़ें**

वास्तु शास्त्र के अनुसार, मनुष्य को खाना खाने के तुरंत बाद झूठे बर्तन साफ कर देना चाहिए। झूठे बर्तन किचन में छोड़ने से व्यक्ति के ऊपर कर्ज बढ़ जाता है।

# घर में दें इन चीज़ों की धुनी, बढ़ जाएगा सकारात्मक ऊर्जा का संचार




हिंदू धर्म में धुनी या धूप देने की परंपरा बहुत पहले से चली आ रही है। इसके पीछे की मान्यता है कि घर में नियमित रूप से धुनी देने से नकारात्मक ऊर्जा दूर होती है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार बढ़ जाता है।

1/ यदि आपके घर में अनावश्यक रूप से पैसा खर्च हो रहा है और तरक्की में बाधाएं बढ़ गई हैं तो आपको अपने घर में चंदन की धुनी देना चाहिए। चंदन, इलायची और कपूर को एक साथ जलाएं। इससे आपके घर में सुख-समृद्धि बनी रहेगी। यदि आपके घर में अनावश्यक रूप से पैसा खर्च हो रहा है और तरक्की में बाधाएं बढ़ गई हैं तो आपको अपने घर में चंदन की धुनी देना चाहिए। चंदन, इलायची और कपूर को एक साथ जलाएं। इससे आपके घर में सुख-समृद्धि बनी रहेगी।

2/ यदि आपके घर में आए दिन क्लेश बना रहता है तो इसके लिए गुगल की धुनी देना बहुत फायदेमंद होता है। इससे नज़र दोष दूर होता है और आक्समिक घटना नहीं होती। इसके लिए कंडे पर गुगल डाल कर धुनी दें।




यदि आपके घर में आए दिन क्लेश बना रहता है तो इसके लिए गुगल की धुनी देना बहुत फायदेमंद होता है। इससे नज़र दोष दूर होता है और आक्समिक घटना नहीं होती। इसके लिए कंडे पर गुगल डाल कर धुनी दें।

3/ यदि आपके घर में आपसी तालमेल नहीं बन पा रहा है तो इसके लिए पीली सरसों की धुनी देना सबसे अच्छा उपाय है। यदि आपके घर में आपसी तालमेल नहीं बन पा रहा है तो इसके लिए पीली सरसों की धुनी देना सबसे अच्छा उपाय है।








4/ यदि आपको अपने घर में नकारात्मक और बुरी शक्तियों का प्रभाव महसूस होता है तो इसके लिए आप गायत्री केसर में गुगल मिलाकर धुनी दें। इस उपाय को लगातार 21 दिन करने से लाभ मिलता है। यदि आपको अपने घर में नकारात्मक और बुरी शक्तियों का प्रभाव महसूस होता है तो इसके लिए आप गायत्री केसर में गुगल मिलाकर धुनी दें। इस उपाय को लगातार 21 दिन करने से लाभ मिलता है।

5/ यदि आपके घर में धन संबंधी परेशानियां हैं, पैसा आता है, लेकिन बरकत ना होने की वजह से बच नहीं पाता है तो इसके लिए आपको कपूर और लौंग की धुनी देना चाहिए। इससे माता लक्ष्मी का आशीर्वाद आपके ऊपर बना रहता है। यदि आपके घर में धन संबंधी परेशानियां हैं, पैसा आता है, लेकिन बरकत ना होने की वजह से बच नहीं पाता है तो इसके लिए आपको कपूर और लौंग की धुनी देना चाहिए। इससे माता लक्ष्मी का आशीर्वाद आपके ऊपर बना रहता है।



# एक्ट्रेस रंभा का कनाडा में हुआ कार एक्सीडेंट : बेटी साशा हॉस्पिटल में एडमिट

बॉलीवुड एक्ट्रेस रंभा का कनाडा में कार एक्सीडेंट हो गया। इस दौरान उनके साथ कार में उनके बच्चे और बच्चों की नैनी मौजूद थीं। हालांकि इस एक्सीडेंट में किसी को गंभीर चोटें नहीं आई हैं, लेकिन उनकी बेटी साशा अभी भी हॉस्पिटल में एडमिट है। इस बात की जानकारी रंभा ने सोशल मीडिया पर फोटोज शेयर कर दी है। इसके साथ ही उन्होंने लोगों से गुजारिश की है कि वो उनकी बेटी के लिए दुआ करें।

रंभा ने इन फोटोज को शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा, 'स्कूल से बच्चों को पिक करने के बाद हमारी कार को दूसरी कार ने टक्कर मार दी। कार में बच्चों के साथ मैं और नैनी थे। थोड़ी चोटें आई हैं, लेकिन हम सभी सुरक्षित हैं। पर मेरी बेटी साशा अभी भी हॉस्पिटल में एडमिट है। प्लीज हमारे लिए प्रार्थना करें। आप सभी की प्रार्थना हमारे लिए बहुत मायने रखती है।'

रंभा ने सोशल मीडिया पर कार एक्सीडेंट की फोटोज शेयर की हैं। इसमें उनकी कार बुरी तरह डैमेज नजर आ रही है। इसके साथ ही उन्होंने बेटी साशा की हॉस्पिटल से एक फोटो शेयर की है, जिसमें डॉक्टर्स उनका इलाज कर रहे हैं। रंभा का ये पोस्ट देखने के बाद फैंस से लेकर सेलेब्स तक उनकी बेटी की जल्द रिकवरी के लिए दुआ कर रहे हैं।

कौन हैं रंभा?

रंभा इंडस्ट्री की जानी-मानी एक्ट्रेस हैं। वो हिंदी के साथ-साथ तेलुगु, तमिल, कन्नड़, मलयालम, बंगाली, भोजपुरी और इंग्लिश फिल्मों में काम कर चुकी हैं। रंभा का असली नाम विजयलक्ष्मी है। उन्होंने दो दशक में 100 से ज्यादा फिल्मों में काम किया है। रंभा, सलमान खान के साथ जुड़वा फिल्म में नजर आई थीं। इस फिल्म से ही उन्हें असली पहचान मिली थी। 'जुड़वा' के अलावा रंभा ने 'घरवाली बाहरवाली', 'क्योंकि मैं झूठ नहीं बोलता' समेत कई फिल्मों में काम किया है।

# 'बीवी को खुश करने के लिए क्या नहीं करना पड़ता', विक्की कौशल ने सिखाईं कैटरीना को हैलोवीन पीक्स ट्रिक्स



बॉलीवुड एक्ट्रेस कैटरीना कैफ लोगों की पसंदीदा एक्ट्रेस हैं। एक्ट्रेस ने हाल ही में सोशल मीडिया पर अपना हैलोवीन लुक शेयर किया। इस लुक में कैटरीना ने अपने बाल दो रंगों में रंगे हैं। उनका लुक काफी डरावना लग रहा था। एक्ट्रेस ने शूटिंग का भी एक वीडियो शेयर किया है जिसमें उनके पति और अभिनेता विक्की कौशल कैटरीना के हैलावीन शूट में उनकी मदद करते नज़र आ रहे हैं। इस वीडियो को कैटरीना ने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। जिसमें उन्होंने डीसी कॉमिक्स के चरित्र हार्ले क्विन की तरह कपड़े पहने थे।

कैटरीना ने हार्ले के सिग्नेचर बेसबॉल बैट को पकड़ रखा था और उसे बंदूक की निशाना बनाती हुईं दिख रही हैं। इस वीडियो में विक्की कैटरीना को गाइड कर रहे हैं कि बैट को कैसे पकड़ना है। निशाना कैसे लगाना है। इस वीडियो को शेयर कर कैटरीना ने कैप्शन में लिखा- "जब पति के निर्देशक बन गए। उन्होंने अपने कैप्शन में किसिंग फेस इमोजी जोड़े।

कैटरीना के इस वीडियो पर लोगों ने जमकर कमेंट किया। एक यूजर ने लिखा- तुम लोग बहुत प्यारे हो। वहीं एक ने लिखा- अमेजिंग लग रहे हो। वर्क फ्रंट की बात करे तो जल्द ही फिल्म फोन भूत में दिखाई देंगी। फिल्म में ईशान खट्टर, सिद्धांत चतुर्वेदी और जैकी श्रॉफ भी मुख्य भूमिकाओं में हैं। फिल्म 4 नवंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए पूरी तरह तैयार है।

# 'द वर्जिन ट्री' में मौनी रॉय-पलक तिवारी के साथ नजर आएंगे संजय दत्त



**संजय दत्त** के फैंस के लिए खुशखबरी है। अभिनेता एक बार फिर पर्दे पर दर्शकों को गुदगुदाते नजर आएंगे। इस फिल्म में संजय दत्त मौनी रॉय, पलक तिवारी, सनी सिंह, आसिफ खान के साथ स्क्रीन शेयर करते नजर आएंगे और फिल्म का नाम है 'द वर्जिन ट्री'। दिलचस्प बात यह है कि इस फिल्म में अभिनय के साथ-साथ संजय दत्त इसे प्रोड्यूस भी कर रहे हैं। इसके लिए उन्होंने फिल्म निर्माता दीपक मुकुट के साथ हाथ मिलाया है। हाल ही में सजंय दत्त ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए दर्शकों से यह जानकारी साझा की है। फैंस के बीच इस फिल्म को लेकर जबरदस्त उत्साह है।

अभिनेता संजय दत्त ने अपने आधिकारिक ट्विटर अकाउंट से फिल्म का मोशन पोस्टर साझा किया है। इसमें डरावनी आवाजों के साथ-साथ फिल्म की हॉरर थीम दिख रही है। साथ ही इसमें मेकर्स ने फिल्म की स्टार कास्ट का भी एलान किया कर दिया है। बता दें कि वानुक्ष अरोड़ा और सिद्धांत सचदेवा द्वारा लिखी इस फिल्म को सिद्धांत सचदेवा ही निर्देशित करने वाले हैं।

फिल्म को लेकर संजय दत्त का कहना है, 'जिस फिल्म की मुझे तलाश थी, उसका एलान करते हुए बेहद खुशी हो रही है। इस फिल्म में कॉमेडी और हॉरर का तड़का है।' उन्होंने आगे कहा कि दीपक मुकुट के रूप में एक पार्टनर को पाकर मैं बेहद खुश हूं। मैं हमेशा से इंडस्ट्री में यंग टैलेंट्स को बढ़ावा देना चाहता था और इस फिल्म के साथ हम अपने इस विजन पर काम कर रहे हैं। 'द वर्जिन ट्री' से हम नए कलाकार और डायरेक्टर को लॉन्च कर रहे हैं।'

इस फिल्म को लेकर दीपिक मुकुट का कहना है कि 'द वर्जिन ट्री' एक ऐसी फिल्म है, जिसमें मनोरंजन के सारे एलीमेंट्स मौजूद हैं। यह दर्शकों को हंसा-हंसाकर लोटपोट कर देगी। उन्होंने कहा, 'संजय दत्त के साथ इस फिल्म को करना, इसे मेरे लिए और स्पेशनल बनाता है।' संजय दत्त के वर्कफ्रंट की बात करें तो इस वर्ष वह कई फिल्मों में नजर आ चुके हैं। इनमें 'केजीएफ चैप्टर 2' जैसी ब्लॉकबस्टर भी शामिल है। इसके अलावा वह 'शमशेरा', 'सम्राट पृथ्वीराज' में भी नजर आए। हालांकि, दोनों फिल्में बॉक्स ऑफिस पर नहीं चलीं, लेकिन संजय दत्त ने अपनी एक्टिंग से दिल जीत लिया। जल्द ही सजंय दत्त 'द गुड महाराज' और 'घुड़चढ़ी' जैसी फिल्मों में भी नजर आने वाले हैं।

# थिएटर ओनर्स ने हटाए थैंक गॉड और राम सेतु के शोज, कांतारा ने किया फिल्मों को रिप्लेस



अक्षय कुमार और अजय देवगन की फिल्में बॉक्स ऑफिस पर मुंह के बल गिरी हैं। दिवाली के मौके पर जहां एक तरफ अजय और सिद्धार्थ मल्होत्रा की फिल्म थैंक गॉड थी, तो वहीं दूसरी तरफ अक्षय की फिल्म राम सेतु रिलीज हुई थी। लेकिन साउथ की फिल्म कांतारा दोनों ही फिल्मों पर भारी पड़ी है।

फिल्मों का बुरा हाल देखते हुए कई जगहों पर थिएटर्स के मालिकों ने दोनों फिल्मों को रिप्लेस कर दिया। उन जगहों पर थैंक गॉड और राम सेतु को रिप्लेस करके हिंदी भाषा में कांतारा दिखाई जा रही है।

कांतारा की लगातार सक्सेस को देखते हुए थिएटर के मालिकों ने थैंक गॉड और राम सेतु के शोज कम कर दिए है। वहीं उन जगहों पर अब कांतारा की शो-केसिंग बढ़ रही है। सोमवार से थैंक गॉड और राम सेतु के शोज में कटौती करते कांतारा को बाकी शो दिए जा रहे हैं। बता दें कि पिछले वीकेंड ही दोनों फिल्मों का बॉक्स ऑफिस रिस्पॉन्स बेहद खराब रहा है, ऐसे में थिएटर मालिकों को डर हैं कि कहीं वीक डेज हॉल्स खाली ही न रह जाएं।

**फिल्म के हिंदी वर्जन ने कमाए 40 करोड़**

बता दें कि 3 हफ्तों में कांतारा के हिंदी वर्जन ने 40 करोड़ रुपए की कमाई की है। वहीं अकेले कांतारा के कन्नड़ वर्जन ने 200 करोड़ से ज्यादा का बिजनेस किया है। कमाई के मामले में अब तक फिल्म KGF 1 और KGF2 का भी रिकॉर्ड तोड़ चुकी है। महज 15 करोड़ के बजट में बनी इस फिल्म ने अब तक 250 करोड़ से ज्यादा कमाई कर ली है। तमाम कॉन्ट्रोवर्सी के बावजूद ऑडियंस के बीच फिल्म को लेकर अच्छा रिस्पॉन्स देखने को मिल रहा है।

# हादसे का शिकार हुए सिंगर एपी ढिल्लन! फैंस मांग रहे सलामती की दुआएं



**मशहरू सिंगर** और रैपर एपी ढिल्लन को लेकर एक चौंकाने वाली खबर सामने आई है। सिंगर को गंभीर चोटें आई हैं, इसके बाद अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है। सिंगर ने सोशल मीडिया के जरिए खुद यह जानकारी फैंस के साथ साझा की है। अपने चहेते सिंगर को यूं तकलीफ में देख फैंस परेशान हैं और एपी ढिल्लन की सलामती के लिए दुआएं कर रहे हैं। साथ ही लोग यह जानना चाह रहे हैं कि आखिर एपी ढिल्लन जख्मी कैसे हुए!

एपी ढिल्लन ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक तस्वीर साझा की है। इसमें वह अस्पताल के बिस्तर पर जख्मी हालत में नजर आ रहे हैं। हालांकि, सिंगर को इतनी गंभीर चोट कैसे आईं, इस बारे में उन्होंने कोई जानकारी साझा नहीं की है। उन्होंने अपनी पोस्ट के जरिए सिर्फ इतनी जानकारी दी है कि इंटरनेशनल टूर के दौरान उन्हें गंभीर चोट आई हैं। इसकी वजह से लॉस एंजिल्स में उनके कॉन्सर्ट कैंसिल हो गए हैं।

**फैंस से मांगी माफी!**

एपी ढिल्लन ने एक तस्वीर शेयर की है। इसके साथ उन्होंने लिखा है, 'कैलिफोर्निया में अपने चाहने वालों के साथ यह खबर शेयर करते हुए मेरा दिल भारी है कि लॉस एंजिल्स में मेरे शो पोस्टपोन किए जा रहे हैं, क्योंकि टूर के दौरान मैं अचानक घायल हो गया हूं। मैं ठीक हूं और जल्द ही पूरी तरह से रिकवर हो जाऊंगा। हालांकि, मैं इस समय परफॉर्म नहीं कर पाऊंगा। मैं आप सभी से जल्द मिलने के लिए बेकरार हूं और मेरी वजह से आपको किसी भी तरह की परेशानी हुई हो तो उसके लिए मैं माफी मांगता हूं।'

**जल्द मुलाकात का किया वादा**

पोस्ट में एपी ढिल्लन ने कुछ ही हफ्तों के अंदर फैंस से मिलने का वादा भी किया है। उन्होंने कहा कि आपके टिकट्स नए शेड्यूल किए गए शोज के लिए वैलिड रहेंगे। बता दें कि एपी ढिल्लन के प्रति फैंस में गजब का क्रेज देखा जाता है। उनके गानों के लिए फैंस की दीवानगी देखते बनती है। सोशल मीडिया पर सिंगर की तगड़ी फैन फॉलोइंग हैं। उनके शोज दुनियाभर में काफी पॉपुलर हैं।

# आदिपुरुष की रिलीज डेट हुई पोस्टपोन



**बॉक्स ऑफिस क्लैश से बचने के लिए मेकर्स ने लिया फैसला**

साउथ सुपरस्टार प्रभास, कृति सेनन और सैफ अली खान की मच अवेटेड फिल्म आदिपुरुष की रिलीज डेट में बदलाव किया गया है। पहले यह फिल्म 12 जनवरी को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब मेकर्स ने फिल्म को पोस्टपोन करने मन बनाया है। इस फैसले के साथ अब आदिपुरुष को गर्मियों में रिलीज किया जाएगा। खबरों की मानें तो मेकर्स ने यह फैसला बॉक्स ऑफिस क्लैश से बचने के लिए किया है।

**एक साथ रिलीज होंगी साउथ की बड़ी फिल्में**


बता दें कि मकर संक्रांति के मौके पर साउथ इंडस्ट्री की कई बड़ी फिल्में रिलीज हो रही हैं। जिसमें चिरंजीवी की वाल्टेयर वीरैया, नंदमुरी बालकृष्ण की वीर सिम्हा रेड्डी, ममूटी की एजेंट और थलापति विजय फिल्म वारिसु रिलीज होगी। इन सभी बड़ी फिल्मों के बीच आदिपुरुष को साउथ में ज्यादा स्क्रीन्स नहीं मिल पाती, यही वजह है कि मेकर्स ने फिल्म की रिलीज डेट को बदलने का मन बनाया है। इसके अलावा मेकर्स इन बड़ी फिल्मों के साथ बॉक्स ऑफिस पर नहीं टकराना चाहते हैं।

**गर्मियों में रिलीज होगी आदिपुरुष**

मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो अब फिल्म आने वाली गर्मियों में रिलीज होगी। हालांकि अभी तक फिल्म की नई रिलीज डेट को लेकर मेकर्स ने कुछ भी ऑफिशियल नहीं किया है, उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही मेकर्स फिल्म की नई रिलीज डेट कंफर्म कर देंगे।

ओम राउत का कहना है कि फिल्म के टीजर पर आ रहे नेगेटिव रिस्पॉन्स से वो काफी निराश थे। उनका बस चलता तो वो फिल्म का टीजर कभी यूट्यूब पर नहीं रिलीज करते। फिल्म को फोन की स्क्रीन के लिए नहीं बल्कि थिएटर स्क्रीन के लिए बनाया गया है। हालांकि, विवादों के बीच फिल्म को पोस्टपोन कर दिया गया है। ऐसे में फैंस उम्मीद कर रहे हैं कि फिल्म के VFX में सुधार लाने के लिए मेकर्स ने यह फैसला लिया है।

# हुमा कुरैशी के साथ 'पूजा मेरी जान' में मृणाल ठाकुर




अभिनेत्री मृणाल ठाकुर, जिन्होंने अपनी फिल्म 'सीता रामम' के लिए बहुत सारी सकारात्मक प्रतिक्रियाएं और सफलता हासिल की, हुमा कुरैशी के साथ अपनी अगली परियोजना 'पूजा मेरी जान' के लिए पूरी तरह तैयार हैं। अभिनेत्री ने फिल्म में अपनी भूमिका के बारे में बात की और बताया कि यह उनकी पिछली फिल्म के चरित्र से कैसे अलग होगी। सीता रामम की तरह, मृणाल अपनी अगली फिल्म में मुख्य भूमिका निभाती नजर आएंगी। उनका कहना है, मैं जो किरदार निभा रही हूं वह सीता रामम में मेरी भूमिका से बिल्कुल अलग है। पूजा जिस तरह से कपड़े पहनती है वह मेरे बात करने का तरीका है, यह एक बिल्कुल नया व्यक्ति है जिसे मैंने बनाया है।

एक्ट्रेस को अंतर्राष्ट्रीय फिल्म 'लव सोनिया' में एक शीर्षक भूमिका में भी देखा गया था। 2022 में, वह शाहिद कपूर के साथ 'जर्सी' का हिस्सा बनीं और उन्होंने हनु राघवपुडी की 'सीता रामम' में दुलकर सलमान के साथ तेलुगु फिल्म की शुरूआत की। मृणाल ने कहा कि, वह हमेशा अलग-अलग तरह की भूमिकाएं करने के लिए उत्सुक रहती हैं और वह अपनी फिल्मों में अलग-अलग किरदार निभाने का मौका पाकर खुश हैं। अभिनेत्री ने कहा, मैं हमेशा उन भूमिकाओं के लिए भूखी रही हूं जो एक-दूसरे से अलग हैं और मैं आभारी हूं कि निर्देशकों ने मुझे उन हिस्सों को करने के लिए चुना है। इस विशेष फिल्म में, मैं वादा कर सकती हूं कि लोग मेरे अभिनय कौशल का एक नया पक्ष देखेंगे, जो भी है मेरे लिए भी उतना ही रोमांचक है। 'पूजा मेरी जान' में हुमा कुरैशी और विजय राज भी हैं। हाल ही में, दिनेश विजान की मैडॉक फिल्म्स ने फिल्म के लिए शूटिंग रैप की घोषणा की।

# '6 महीने रुको किसी और पर रेप का केस...', राखी सावंत ने शर्लिन चोपड़ा को सुनाई खरी-खोटी




**टेलीविजन** पर्सनालिटी और एक्ट्रेस अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में रहती हैं, लेकिन इन दिनों वो साजिद खान को प्रोटेक्ट करने में लगी हुई हैं। 'बिग बॉस 16' में साजिद खान की एंट्री के बाद से उन पर मीटू का आरोप लगाने वाली महिलाओं ने उन्हें शो से निकालने की मांग कर रही हैं। इन्ही में से एक एक्ट्रेस-मॉडल शर्लिन चोपड़ा ने साजिद के खिलाफ केस दर्ज कराया था, जिसके चलते वो सुर्खियों में बनी हुई हैं। उधर, साजिद खान को सपोर्ट कर रहीं राखी सावंत लगातार फिल्म डेयरेक्टर के खिलाफ बोलने वालों पर बरस रही हैं।

**राखी ने शर्लिन चोपड़ा को सुनाई खरी-खरी**

कुछ दिनों पहले शर्लिन चोपड़ा का एक वीडियो सामने आया था, जिसमें उन्होंने दावा किया कि साजिद खान को बचाने के लिए सलमान खान उनके साथ खड़े हैं। साजिद के सिर पर सलमान खान का हाथ है। शर्लिन के इन दावों पर सलमान की तरफ से तो कोई रिस्पॉन्स नहीं आया, लेकिन राखी सावंत ने शर्लिन पर बड़ा हमला बोला है। शर्लिन के आरोपों पर बोलते हुए एक वीडियो में राखी कहती हैं, 'क्यों पुलिस साजिद के खिलाफ केस रजिस्टर करेगी, जबकि वो कुसूरवार ही नहीं है।'

**'चुल्लू भर पानी में डूब नहीं जाती तुम'**

राखी ने आगे कहा, 'उसके (साजिद) के खिलाफ किसी ने गवाही नहीं दी। कोर्ट ने साजिद को सजा-ए-फांसी या काला पानी की सजा नहीं दी है। तुम (शर्लिन) मेकअप 4 किलो का लगा के साड़ी पहन के, मीडिया के सामने दूसरों पर दोश लगाती हो, शरम नहीं आती तुम्हें?

चुल्लू भर पानी में डूब नहीं जाती तुम। पुलिस को भी पता चल गया है कि केस में दम नहीं है। ये मैडम रोज नींद से उठ के कंप्लेन करती हैं। कभी मेरे भाई राज कुंद्रा के लिए, कभी मेरे भाई साजिद खान के लिए।'

**6 महीने रुको किसी और रेप...**

राखी यहीं नहीं रुकीं उन्होंने आगे कहा, 'क्या है इसकी प्रॉब्लम? अभी 6 महीने रुको किसी और रेप का केस लेकर आ जाएगी। पहले खुद तो सुधरो, फिर दूसरों को सुधारना।' बता दें कि शर्लिन ने आरोप लगाया कि साल 2005 में जब उनकी मुलाकात साजिद से हुई तो डायरेक्टर ने अपना प्राइवेट पार्ट बहर निकालकर उसे छूने को कहा। शर्लिन के अलावा साजिद के खिलाफ करीब 9 महिलाओं ने मीटू का आरोप लगाया था।

# बेटी मालती के बिना इंडिया लौटीं प्रियंका चोपड़ा, यूजर्स बोले- बेटी कहां है?



एक्ट्रेस प्रियंका चोपड़ा लगभग 3 साल बाद भारत लौट आई हैं। उन्होंने इस बात की जानकारी सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर कर दी है। इसके साथ ही एक और वीडियो सामने आया है, जिसमें वो मुंबई एयरपोर्ट से बाहर आती नजर आ रही हैं। इस दौरान प्रियंका ब्लू आउटफिट में दिखाई दीं। अब उनको यूं अकेले देखकर सोशल मीडिया पर यूजर्स उनकी बेटी के बारे में पूछ रहे हैं। प्रियंका ने एक दिन पहले सोशल मीडिया पर अपने बोर्डिंग पास की फोटो शेयर कर अपनी एक्साइटमेंट शेयर की थी। आपको बता दें प्रियंका अमेरिका में अपने पति निक जोनस और बेटी मालती मैरी चोपड़ा के साथ रहती हैं।






# बच्चों को बीमारियों से बचाने के लिए एक्सरसाइज के लिए प्रेरित करें

**आज के समय** में बच्चें अपने माता-पिता की बात नहीं सुन रहे है। लेकिन माता-पिता अपने बच्चों को अच्छी सीख देकर उनकी जिंदगी को सुखमय बना सकेत है। कोरोना काल समाप्ता होने के बाद भी अन्य कई बीमारियों का खतरा उन पर हमेशा बना रहता है, जिसके लिए उनको व्यायाम करने के लिए प्रेरित करना ही एक रास्ता बचा हुआ है।



**आप अपने बच्चों को इस बात के लिए प्रेरित करें कि वे एक्सरसाइज जरूर करें।**

अच्छी बात ये है कि बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता बड़ों की तुलना में काफी मजबूत होती है। लेकिन पिछले डेढ़ साल से पूरे विश्व में इस महामारी के चलते बच्चों की दिनचर्या यानी खेलकूद, शारीरिक व्यायाम जैसी गतिविधियां सिमट गई हैं। जिसका उनके शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य पर भी गहरा असर पड़ा है।

नतीजन, इसने कहीं न कहीं उनकी इम्युनिटी को भी कमजोर किया है। कोरोना की तीसरी लहर कितनी खतरनाक होगी, यह तो समय आने पर ही पता चलेगा, लेकिन जो गलतियां हमने पहले की थीं, उससे सीख लेने की जरूरत है।

हमें इस बात से बचना होगा कि आखिर हम कर ही क्या सकते हैं क्योंकि वैक्सीन तो है ही । आप जरा अपने पुराने दौर में जाएं और बचपन के वे दिन याद करें, जब हम सब घर की गली-कूचों में बिंदास खेला करते थे। बिना इस फिक्र के कि बाहर की तेज धूप हमें काला कर देगी, धूल-मिट्टी से हम गंदे हो जाएंगे अथवा पेड़ों से चोरी से तोड़े गए अमरूद, आम जैसे फल यूं ही खाना हमें बीमार कर देगा।

**आप जरा अपने पुराने दौर में जाएं और बचपन के वे दिन याद करें, जब हम सब घर की गली-कूचों में बिंदास खेला करते थे।**

आज वातावरण और परिस्थितियां बदल गईं हैं। हम कुछ ज्यादा ही हेल्थ कॉन्शियस हो गए हैं पर हमने स्वयं को व अपने बच्चों को प्रकृति से बिल्कुल काट दिया है। मोबाइल फोन्स के ऑनलाइन गेम्स व अन्य गैजेट्स ने बच्चों को घर की चार दीवारी में कैद कर दिया, ऊपर से इस प्राणघातक कोरोना ने उनकी बाकी गतिविधियों पर विराम लगा दिया। उसके सेकंड स्ट्रेन ने भय का ऐसा वातावरण बना दिया कि यदा-कदा बाहर निकल कर खेलने वाले बच्चे भी अपने घर में सिमटे पड़े थे। दूसरी लहर में हुई मौतों ने लोगों को बहुत ज्यादा भयभीत कर दिया है।



### बच्चों का हौसला बढ़ाएं

सबसे पहले तो आप अपने बच्चों को इस बात के लिए प्रेरित करें कि वे घर पर एक्सरसाइज करें। छोटे बच्चे अक्सर अपने माता-पिता का अनुसरण करते हैं, इसलिए आप नियमित रूप से उनके सामने व्यायाम करें। यदि आपके घर में छत है तो सुबह कुछ समय धूप में अपने बच्चों को अवश्य ले जाएं, ताकि उन्हें प्राकृतिक इम्युनिटी बूस्टर विटामिन डी'' मिल सके। आपके घर में या आसपास कोई वृक्ष हो तो अपने बच्चों को मास्क पहनाकर वहां ले जाएं। हवा में वायरस तभी मौजूद हो सकता है, जब कोई कोरोना पॉजिटिव 10 मीटर के इर्द-गिर्द मौजूद हो और उसने मास्क नहीं लगाया हो। अन्यथा आप सुरक्षित हैं। कोशिश करें कि आपके बच्चे एक निश्चित व निर्धारित समय के लिए ही मोबाइल अथवा अन्य गैजेट्स का उपयोग करें। बच्चों को संतुलित पौष्टिक आहार अवश्य खिलाएं। उन्हें जंक फूड, चिप्स अथवा तली हुई चीजें देने से बचें। अंकुरित आहार, पनीर, ताजा दूध-दही व सीजनल फ्रूट्स खाने को प्रेरित करें। बहरहाल, आज जरूरत इस बात की है कि तीसरी लहर की खबरों से बेवजह घबराने के बजाय हम पहले से ही स्वयं को इसके लिए पूरी तरह से तैयार रखें, ताकि यदि इस तरह का कोई स्ट्रेन आता भी है तो हमारे बच्चे बहादुरी से उसका सामना कर सकें। सबसे जरूरी बात ये है कि बगैर डॉक्टर की सलाह के बच्चों को किसी भी तरह की दवा न दें। जितनी जल्दी हो सके खुद को और परिवार के दूसरे सदस्यों को वैक्सीन लगवा दें।



# पिंपल्स दूर करने और झाइयों से बचाने के लिए कैमोमाइल और गुड़हल की चाय से होगा फायदा

आजकल बाजार में मिलने वाली तरह-तरह की चाय का उपयोग वेट लॉस से लेकर कोलेस्ट्रॉल कम करने के लिए किया जाता है। लेकिन इनमें से कुछ चाय स्किन संबंधी समस्याएं दूर करने में भी फायदेमंद हैं। इन्हें नियमित रूप से पीने पर न सिर्फ कील-मुंहासे दूर होते हैं, बल्कि चेहरे की चमक भी बढ़ती है।

ग्रीन टी में एंटी-एजिंग और एंटीऑक्सीडेंट्स होते हैं। यह बढ़ती उम्र का असर कम करने में मदद करती है। ग्रीन टी पीने या इसे पीसकर त्वचा पर लगाने से चेहरे के दाग-धब्बे और रिंकल्स कम होते हैं। इसमें पॉलीफेनोल्स होते हैं जो हानिकारक रेडिकल्स को बेअसर करने में मदद करते हैं।



कैमोमाइल टी में पॉलीफेनोल्स और फाइटोकेमिकल्स होते हैं जो स्किन सेल्स को बनाने और फ्री रेडिकल से लड़ने में मदद करते हैं। आंखों की पफीनेस और डार्क सर्कल दूर करने के लिए इससे बनी चाय को आइस क्यूब्स में डालकर जमा दें। इस क्यूब्स को कुछ देर आंखों पर रखने से फायदा होगा।

गुड़हल की चाय में एंटी बैक्टीरियल गुण होते हैं जो त्वचा को बैक्टीरियल इंफेक्शन से बचाने में मदद करते हैं। नियमित रूप से इस चाय को पीने पर त्वचा में निखार आता है।

# इन वॉल आर्ट से घर का मूड बदलें

**घर के** लिए वॉल आर्ट चुनना सजावट का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है। दीवार पर सजी कला संदेश देती है और आपके व्यक्तित्व के बारे में बहुत कुछ कहती भी है। वॉल आर्ट घर का मूड बदल देती है। फोटो प्रिंट्स और वॉल पोस्टर्स खाली दीवारों को ऐसे भरते हैं कि छोटे-छोटे डिफेक्ट्स ढक जाते हैं। लिविंग से लेकर किचन तक के लिए वॉल आर्ट चुन सकते हैं।

### एनिमल पोर्टेट्स

पेट लवर्स ये वॉल आर्ट चुन सकते हैं। कोई खास एनिमल पसंद है तो उसके पोर्टेट्स लगाए जा सकते हैं। पिलो, रग्स, कार्पेट, कुशन और पर्दों पर भी एनिमल प्रिंट देखे जा सकते हैं।

### क्रिएटिव फोटोग्राफी

घर में हाई कॉन्ट्रास्ट ब्लैक एंड व्हाइट या कलर इमेज के साथ अपनी इच्छाएं व जुनून दर्शा सकते हैं। एक ही प्रोफेशनल फोटो में पूरी कहानी या सोच दर्शाई जा सकती है।

### कैनवास वॉल आर्ट

लिविंग रूम के लिए बोल्ड आर्ट चुन सकते हैं। बड़े कमरे में बड़ा कैनवास और बाथरूम व बेडरूम में छोटा या मीडियम साइज कैनवास लगाया जा सकता है।



### बोल्ड एब्सट्रैक्ट्स

अलग-अलग रंग और शेड्स के साथ डिजाइनर्स ऐसे कॉम्बिनेशंस लेकर आ रहे हैं जो मूड बदल सकते हैं। वाइब्रेंट रंग घर के अलग-अलग हिस्सों के लिए चुने जा रहे हैं।

### स्टेटमेंट पोर्ट्रेट्स

दीवार पर फ्रेम किए गए स्टाइलिश, बोल्ड और खूबसूरत चेहरे भावनाओं को दर्शाते हैं। ये वॉल आर्ट किसी भी स्पेस को ज्यादा शांत और रिलैक्सिंग बना देते हैं।

### लाइन आर्ट

जो अपने कमरे में मिनिमलिस्टक लुक चाहते हैं उनके लिए लाइन आर्ट अच्छा विकल्प है। सरल ब्लैक लाइन्स के साथ यह वॉल आर्ट व्हाइट बैकग्राउंड पर ड्रैमेटिक विजुअल बन सकता है।

लाइन आर्ट में क्लासिक और कंटेम्परारी शेप्स होते हैं। इन दिनों लाइन आर्ट की मांग तेजी से बढ़ रही है। पिलो, वाज़, कुशन और वॉल पेपर्स पर भी लाइन आर्ट देखी जा सकती है। लाइट व्हाइट बैक ग्राउंड और अर्दी कलर की हाउस एसेसरीज पर लाइन आर्ट खूब सजता है।

# जींस के साथ बेली शूज और स्कर्ट के साथ ओवर नी लेंथ बूट्स का कॉम्बिनेशन देगा स्टाइलिश लुक




फुटवियर हमारे लुक्स में अहम भूमिका निभाता है। आपने कितनी ही सुंदर ड्रेस क्यों न पहनी हो, लेकिन अगर उसके साथ परफेक्ट फुटवियर नहीं पहने तो आपका पूरा का पूरा लुक बर्बाद हो जाता है। हर ड्रेस के साथ एक जैसे फुटवियर कैरी नहीं किए जा सकते। स्टाइलिश दिखने के लिए ड्रेस के साथ-साथ सही फुटवियर का चयन करना भी जरूरी है। ऐसे में जानते हैं कुछ लेटेस्ट फुटवियर स्टाइल के बारे में।

### सैंडल

आमतौर पर पैरों में पहनने वाले हर तरह के फुटवियर को हम सैंडल कह देते हैं, लेकिन सैंडल हमेशा पीछे से यानी एड़ी से बंद होती है। इसे हर वर्ग के लोग यूज करते हैं। यह 200 रुपए की रेंज से मिलना शुरू होती है।

### बेली शूज



बेली शूज को लगभग हर लड़की पहनना पसंद करती है। ये जूतियां जींस के साथ-साथ सलवार सूट और ड्रेसेज पर भी खूब जंचती हैं। ये बहुत ही कंफर्टेबल होती हैं। आगे से गोल डिजाइन वाली इन जूतियों को बेली शूज कहते हैं।





### लोफर

लोफर भी बेली शूज की तरह ही होते हैं। हालांकि ये पैर के ऊपरी हिस्से को थोड़ा ज्यादा ढंकते हैं। साथ ही इस तरह की जूती में सिलाई ऊपर की ओर से नजर आती है। ये आसानी से ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों जगह मिल जाते हैं।

### स्पोर्ट शूज

स्पोर्ट शूज ज्यादातर स्पोर्ट्र्स एक्टिविटी के लिए ही होते हैं। फिट रहने के लिए हम क्या-क्या नहीं करते हैं। कभी जिम जाते है तो कभी रनिंग करते हैं। जिम या रनिंग के लिए शूज पर ध्यान देना बहुत जरूरी है। इस तरह के शूज ऑफलाइन और ऑनलाइन दोनों जगह मिलते हैं।

### ओवर नी लेंथ बूट्स

इन बूट्स को थाई हाई बूट्स भी कहते हैं। ये घुटनों से काफी ऊपर तक भी होते हैं। इसके अलावा जो भी बूट्स मार्केट में मिलते हैं, उन्हें उनके डिजाइन के हिसाब से नाम दिया जाता है।

### पुल ऑन शॉर्ट बूट्स

कैजुअल और फॉर्मल, दोनों ही लुक्स के साथ मैच करने वाले ये बूट्स आपको सर्दियों के मौसम में फैशनेबल दिखाएंगे। वैसे इनमें डार्क और वुडन कलर के पुल ऑन शॉर्ट पैटर्न के बूट्स को ज्यादा पसंद किया जाता है। पैरों के कंफर्ट का पूरा ध्यान रखने वाले इन बूट्स को आप वन पीस ड्रेस या फिर शॉर्ट लेदर जैकेट के साथ कैरी कर सकती हैं।

# सेल्फी का ट्रेंड हमेशा रहता है लेकिन कई बार जैसा चाहते हैं वैसी तस्वीर आती नहीं



**सेल्फी की** दीवानगी युवाओं में हमेशा रहती है। अपने आप ख़ुद को मनचाहे फ्रेम में क़ैद करना मनभावन जो होता है। दूसरे, जीवन के हर एक ख़ुशनुमा पल को सेल्फीबद्ध कर सकते हैं। लेकिन सेल्फी लेने के भी कुछ तरीक़े होते हैं जो तस्वीर को बेहद ख़ास और आकर्षक बनाते हैं।

बैकग्राउंड लाइट चैक करें सेल्फी लेने से पहले बैकग्राउंड लाइट चैक करें। ऐसा न हो कि सेल्फी ले रहे हों और पीछे से लाइट आ रही हो। लाइट के कारण चेहरा साफ़ नहीं आएगा। जब भी फोटो क्लिक करें तो ध्यान रखें कि उजाला सामने से आ रहा हो या फिर साइड से। इससे फोटो स्वाभाविक दिखती है।

प्राकृतिक रोशनी का प्रयोग तस्वीर की ख़ूबसूरती बढ़ानी है तो हमेशा प्राकृतिक रोशनी का प्रयोग करें। यदि कमरे में भी फोटो ले रहे हैं तो कोशिश करें कि उस कमरे की खिड़कियां या दरवाज़े खोल दें। इससे आप देखेंगे कि पहले ली गई सेल्फी और प्राकृतिक रोशनी में ली गई सेल्फी में कितना अंतर है।

हंसते हुए फोटो खिंचाएं सेल्फी तस्वीर लेने का मज़ेदार रूप है। इसलिए सेल्फी लेते समय चेहरा बहुत गंभीर न रखें। हमेशा हंसते हुए फोटो खिंचाएं। मुस्कराने के बजाय खुलकर हंसने पर फोटो और भी प्यारी आएगी, क्योंकि गंभीर मुद्रा तस्वीर को उतनी रौनक़ नहीं दे पाती जितनी कि हंसती हुई मुद्रा देती है।

साइड प्रोफाइल लें तस्वीर लेते समय यह बिल्कुल ज़रूरी नहीं है कि आप चेहरा बीच में ही रखें। साइड प्रोफाइल से भी तस्वीर अच्छी आती है। पतला दिखने में भी साइड से ली गई सेल्फी मददगार होती है।

अगर हाथ कांपते हो तों सेल्फी लेते समय हाथ कांपते हो या किसी तरह की समस्या आती हो तो टाइमर लगाकर सेल्फी लें। टाइमर को आप अपने हिसाब से सैट कर सकते हैं 3 सेकंड का, 5 सेकंड का। इससे आपके हाथ भी मोबाइल पर सैट हो जाएंगे और टाइमर होने पर पोज़ देने का भी समय मिल जाएगा।

जब ग्रुप सेल्फी लें ध्यान रखें समूह को मोबाइल कैमरे में क़ैद करना मुश्किल इस लिहाज़ से होता है कि सारे लोग एक फ्रेम में ठीक से नहीं आ पाते, ख़ासकर जब किसी न किसी एक्शन में फोटो लेना चाह रहे हों। ऐसे में सेल्फी स्टिक से सेल्फी लें। इससे सभी लोग तस्वीर में आ जाएंगे।

ओवर एडिट न करें आजकल एडिट फोटोज़ का चलन है। लेकिन इस बात का ख़्याल रखें कि ज़्यादा एडिट करने से फोटो दिखावटी लगती है। एडिट करने के लिए अलग से एप्स की जगह फोन के कैमरे में दिए एडिट फीचर्स का भी इस्तेमाल कर सकते हैं।

फ्लैश लाइट का इस्तेमाल अगर दिन के समय सेल्फी ले रहे हैं तो फ्लैश लाइट का इस्तेमाल न करें। इससे स्वाभाविक फोटो नहीं आती है और अधिक रोशनी के कारण तस्वीर बिगड़ सकती है या दिखावटी लग सकती है।

### इनका रखें ख़्याल

कभी भी बहुत पास से सेल्फी न लें।

एक और बात सेल्फी क्लिक करते समय फोन के स्क्रीन पर देखने के बजाय फोन के कैमरे को देखें।

सेल्फी लेने से पहले ध्यान रखें कि आपका बैकग्राउंड साफ़ हो। ऐसा ना हो कि पहले तस्वीर लेने के बाद नोटिस करें कि पीछे कई ऐसी चीजें. आ रही हैं जिन्हें फोटो में नहीं होना चाहिए था।



## इकोनॉमी के लिए गुड न्यूज, दूसरी बार जीएसटी कलेक्शन 1.50 लाख करोड़ के पार

नई दिल्ली, 1 नवंबर (एजेंसियां)। बीते माह यानी अक्टूबर के जीएसटी कलेक्शन के आंकड़े आ गए हैं। अक्टूबर माह में कलेक्शन 1.5 लाख करोड़ रुपये के पार पहुंच गया। यह दूसरी बार है जब कलेक्शन के आंकड़े इस स्तर के पार गए हैं। इससे पहले अप्रैल 2022 में जीएसटी कलेक्शन 1.68 लाख करोड़ रुपये के रिकॉर्ड उच्चस्तर पर था। वहीं, यह लगातार 8वां महीना है जब जीएसटी कलेक्शन 1.40 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा है। अक्टूबर का कलेक्शनः वित्त मंत्रालय ने




बताया कि अक्टूबर 2022 में ग्रॉस जीएसटी कलेक्शन 1,51,718 करोड़ रुपये था। अक्टूबर में सेंट्रल गुड सर्विसेज टैक्स यानी सीजीएसटी का आंकड़ा 26,039 करोड़ रुपये था। वहीं, स्टेट गुड सर्विसेज टैक्स यानी एसजीएसटी 33,396 करोड़, आईजीएसटी 81,778 करोड़ और उपकर 10,505 करोड़ था। एक साल पहले की स्थितिः बीते साल यानी अक्टूबर 2021 में जीएसटी कलेक्शन 1,30,127 करोड़ रुपये था। वहीं, सितंबर 2022 में ग्रॉस जीएसटी कलेक्शन 1,47,686 करोड़ रुपये रहा। यह एक साल पहले के मुकाबले 26 फीसदी ज्यादा है।

## किसी 'दबाव' में नहीं मोदी सरकार

### रूस से तेल खरीदने के सवाल पर हरदीप पुरी का करारा जवाब

नई दिल्ली, 1 नवंबर (एजेंसियां)। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने एक अमेरिकी पत्रकार को करारा जवाब दिया है। केंद्रीय मंत्री ने अमेरिकी पत्रकार को यह भी साफ कर दिया है कि अमेरिका और यूरोप के साथ भी बातचीत जारी है। उन्होंने कहा है कि पीएम नरेंद्र मोदी की सरकार किसी दवाब में नहीं है। रूस से तेल खरीद से जुड़े एक अमेरिकी पत्रकार के सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि पीएम मोदी की सरकार किसी के दबाव में नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारी नैतिक जिम्मेदारी है कि उपभोक्ताओं को पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति निर्बाध रूप से




जारी रहे। बता दें कि एक कार्यक्रम के दौरान अमेरिकी पत्रकार बेकी एंडरसन ने दावा कर रही थीं कि भारत रियायती कीमत पर तेल खरीदने के मौके का फायदा उठा रहा है। उन्होंने भारत के रूस से तेल खरीदना जारी रखने पर भी केंद्रीय मंत्री से सवाल किया। इसके जवाब में केंद्रीय मंत्री पुरी ने कहा, 'मैं पहले आपकी धारणा को सही करने की कोशिश करता हूं। 31 मार्च 2022 को समाप्त हुए वित्तीय वर्ष में रूस से तेल की खरीद 0.2 प्रतिशत थी ना कि 0.2 प्रतिशत। जितना तेल यूरोप सिर्फ एक दिन में खरीदता है, उसकी तुलना में हम रूस से तेल की एक चौथाई खरीदारी भी नहीं कर रहे। इसके साथ ही केंद्रीय मंत्री ने पत्रकार को बताया कि बीते महीने में भारत से इराक से सबसे ज्यादा तेल खरीदारी की है ना कि रूस से।'अमेरिकी पत्रकार के सवाल का जवाब देते हुए केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि उपभोक्ताओं को पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति निर्बाध रूप से जारी रहे यह हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। केंद्रीय मंत्री के अनुसार रूस से तेल खरीदने के मामले में हम नैतिक रूप से कोई संघर्ष नहीं कर रहे। हम एक्स या वाई से तेल नहीं खरीदते बल्कि बाजार में जहां तेल उपलब्ध है वहां से खरीदते हैं। तेल की खरीदारी पेट्रोलियम कंपनियां करती हैं। इस दौरान केंद्रीय मंत्री हरदीप पुरी ने यह भी साफ किया कि भारत अमेरिका और यूरोप के साथ भी बातचीत कर रहा है। उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि पीएम मोदी की सरकार किसी दबाव में नहीं है।

## ट्विटर ब्लू टिक के लिए देना होगा चार्ज:मस्क ने कहा- एडवर्टाइजर्स पर निर्भर नहीं रह सकते

### 650 रुपए का चार्ज कैसा रहेगा?

नई दिल्ली, 1 नवंबर (एजेंसियां)। ट्विटर ब्लू सब्सक्रिप्शन के लिए एलन मस्क कितना चार्ज वसूलने की सोच रहे हैं इसका उन्होंने अंदाजा दिया है। पहले कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में कहा गया था कि मस्क 20 डॉलर (करीब 1,600 रुपए) वसूल सकते हैं। हालांकि जब एक यूजर ने मस्क से इसके बारे में पूछा तो उन्होंने जवाब में कहा, हमें कई तरह के बिलों का पेमेंट भी करना होगा। पूरी तरह से हम एडवर्टाइजर्स पर निर्भर नहीं रह सकते। 8 डॉलर (करीब 650 रुपए) का चार्ज कैसा रहेगा? मस्क ने ये भी कहा कि 'मैं इसे लागू करने से पहले तर्क को लंबे रूप में समझाऊंगा। यह बॉट्स और ट्रोल्स को हराने का एकमात्र तरीका है।' इससे पहले कुछ रिपोर्टों में ये दावा किया गया है कि जिन




वैरिफाइड यूजर्स को अपने अकाउंट का ब्लू टिक बरकरार रखना है उन्हें ट्विटर ब्लू का सब्सक्रिप्शन लेना होगा। इसके लिए उन्हें 90 दिनों का समय दिया जाएगा। अभी ट्विटर ब्लू का मंथली चार्ज 4.99 डॉलर (करीब 410 रुपए) है। ट्विटर फिलहाल वैरिफिकेशन प्रोसेस को नया रूप देने पर काम कर रहा है। ट्विटर के इस प्रोजेक्ट पर काम कर रहे कर्मचारियों को इस फीचर को लॉन्च करने के लिए 7 नवंबर की डेडलाइन दी गई है। अगर वो ऐसा नहीं कर पाते हैं तो उन्हें कंपनी से निकाल दिया जाएगा। अभी कंपनी का ज्यादातर रेवेन्यू विज्ञापन से आता है लेकिन मस्क कंपनी के कुल रेवेन्यू का आधा हिस्सा सब्सक्रिप्शन से चाहते हैं। ट्विटर ब्लू को पिछले साल जून में प्लेटफॉर्म की पहली सब्सक्रिप्शन सर्विस के रूप में लॉन्च किया गया था। सब्सक्रिप्शन सर्विस को यूएस, कनाडा, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में लॉन्च किया गया था। ऐसे में ये देखना होगा कि मस्क ग्लोबल लेवल पर इस सर्विस को कैसे शुरू करेंगे। इसमें मंथली सब्सक्रिप्शन के आधार पर प्रीमियम फीचर्स का एक्सक्लूसिव एक्सेस मिलता है।

## मेहुल चोकसी पर सेबी ने कसा शिकंजा

### 10 साल के बैन के साथ लगाया 5 करोड़ का जुर्माना

नई दिल्ली, 1 नवंबर (एजेंसियां)। भारतीय प्रतिभूति एवं विनियम बोर्ड (सेबी) ने भगोड़े उद्योगपति मेहुल चोकसी को प्रतिभूति बाजार से 10 साल के लिए प्रतिबंधित कर दिया है और पांच करोड़ रुपये का जुर्माना भी लगाया है।सेबी की तरफ से यह कार्रवाई गीतांजलि जेम्स लिमिटेड के शेयरों में धोखाधड़ी के कारोबार में शामिल होने को लेकर की गई है। बाजार नियामक के सोमवार को जारी आदेश के अनुसार, चोकसी को 45 दिन में जुर्माना भरने का निर्देश दिया गया है। चोकसी गीतांजलि जेम्स के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक होने के साथ कंपनी के प्रवर्तक समूह का हिस्सा थे। चोकसी और



उसके भांजे नीरव मोदी पर पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) के साथ कथित तौर पर 14,000 करोड़ रुपये से अधिक की धोखाधड़ी करने का आरोप है। वर्ष 2018 की शुरुआत में पीएनबी घोटाला सामने आने के बाद चोकसी और मोदी दोनों भारत से भाग गए। चोकसी को एंटीगुआ और बारबुडा में होने का दावा किया जाता है। मोदी एक ब्रिटिश जेल में बंद है और उसने भारत के प्रत्यर्पण अनुरोध को चुनौती दी है। सेबी के पूर्णकालिक सदस्य अश्विनी भाटिया ने अपने 20 पृष्ठ के आदेश में कहा, ''चोकसी ने धोखाधड़ी और अनुचित व्यापार व्यवहार निषेध (पीएफयूटीपी) विनियम के प्रावधानों का उल्लंघन किया है।'' इसी वजह से चोकसी को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से किसी भी तरह से प्रतिभूतियों में लेनदेन या अन्यथा व्यवहार करने से रोक दिया है। साथ ही दस साल के लिए प्रतिभूति बाजार से प्रतिबंधित कर दिया है और पांच करोड़ का जुर्माना भरने के लिए कहा है।

## सोना हुआ और सस्ता, चांदी के भाव 58000 के पार

### जीएसटी समेत लेटेस्ट रेट

नई दिल्ली, 1 नवंबर (एजेंसियां)। नवंबर महीने के पहले दिन सोने-चांदी की कीमतों में बदलाव देखने को मिल रहा है। एक नवंबर को सर्राफा बाजारों में सोने की कीमत जहां गिरावट देखने को मिल रही है, वहीं चांदी के भाव में उछाल है। आज 24 कैरेट सोने का भाव महज 18 रुपये प्रति 10 ग्राम सस्ता होकर 50462 रुपये पर आ गया है। वहीं, चांदी आज 850 रुपये प्रति किलो महंगी होकर 58200 प्रति किलो के रेट से खुली है। बता दें ये रेट आईबीजेए द्वारा जारी किए गए औसत रेट हैं, जो कई शहरों से लिए गए हैं। इस पर जीएसटी और ज्वेलरी मेकिंग चार्ज नहीं लगा है। हो सकता है कि आपके शहर में सोना-चांदी इस रेट से 500 से 2000 रुपये तक महंगा



या सस्ता बिक रहे हों। अगर सर्राफा बाजारों के रेट की बात करें तो अब शुद्ध सोना अपने ऑल टाइम हाई रेट से 56254 रुपये प्रति 10 ग्राम से 5792 रुपये सस्ता रह गया है। जबकि, चांदी अपने दो साल पहले के उच्च रेट 76008 रुपये प्रति किलो से अब केवल 17808 रुपये सस्ती है।

24 कैरेट सोने का जीएसटी समेत भाव 51975 रुपये है। इसमें 99.99 पर्सेंट सोना होता है और इससे कोई जेवर नहीं बनता। 23 कैरेट गोल्ड की कीमत अब जीएसटी के साथ 51767 रुपये है। आज यह 50260 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट से खुली। इसमें 95 पर्सेंट सोना होता है। इस पर अगर ज्वेलर का मुनाफा जोड़ लें तो यह 57173 रुपये पड़ेगा। ज्वेलरी मेकिंग चार्ज के साथ यह 61000 रुपये के पार पहुंच जाएगा। 22 कैरेट गोल्ड की कीमत 46223 रुपये प्रति 10 ग्राम है। अब 3 फीसद जीएसटी के साथ इस सोने की कीमत 47609 रुपये है। इसमें 85 फीसद गोल्ड होता है। ज्वेलरी मेकिंग चार्ज और ज्वेर का मुनाफा जोड़ने के बाद यह आपको करीब 59000 रुपये का पड़ेगा। 18 कैरेट गोल्ड का रेट 37847 रुपये प्रति 10 ग्राम है और जीएसटी के साथ इसकी कीमत अब 38982 रुपये हो गई है।

## अक्टूबर में भारत का मैन्युफैक्चरिंग पीएमआई बढ़कर 55.3 हुआ

### हायरिंग 33 महीने की ऊंचाई पर

नई दिल्ली, 1 नवंबर (एजेंसियां)। नये ऑर्डर और उत्पादन में धीमी, लेकिन मजबूती गति से बढ़ोतरी के बीच भारत में विनिर्माण गतिविधियां अक्टूबर में मजबूत रहीं। हालांकि, इस दौरान कीमतों का दबाव भी बना रहा। एक मासिक सर्वेक्षण में मंगलवार को यह बात कही गई। मौसमी रूप से समायोजित एसएंडपी ग्लोबल इंडिया विनिर्माण खरीद प्रबंधक सूचकांक (पीएमआई) सितंबर में 55.1 से बढ़कर अक्टूबर में 55.3 हो गया। अक्टूबर के पीएमआई आंकड़ों के साथ ही लगातार 16वें महीने में समग्र परिचालन स्थितियों में सुधार देखने को मिला। पीएमआई की भाषा में 50 से अधिक अंक का अर्थ है कि गतिविधियों में विस्तार हो रहा है, जबकि 50 से कम अंक संकुचन को दर्शाते हैं। एसएंडपी ग्लोबल मार्केट इंटेलिजेंस में अर्थशास्त्र की संयुक्त निदेशक पोल्याना डी लीमा ने कहा, भारतीय विनिर्माण उद्योग ने अक्टूबर में फिर से लचीलापन दिखाया। कारखाने के ऑर्डर और उत्पादन में जोरदार वृद्धि हुई। सर्वेक्षण के मुताबिक भारतीय विनिर्माता अक्टूबर 2023 तक उत्पादन में बढ़ोतरी को लेकर आश्वस्त हैं। लीमा ने कहा कि विनिर्माताओं को उम्मीद है कि आने वाले महीनों में मांग में उछाल बना रहेगा।

## कॉमर्शियल एलपीजी पर रहम, घरेलू पर सितम

### एक साल में कितनी बार सस्ता हुआ 19 केजी वाला सिलेंडर

नई दिल्ली, 1 नवंबर (एजेंसियां)। करीब पिछले एक साल में घरेलू एलपीजी सिलेंडर के रेट 5 बार बदले और और हर बार महंगा ही हुआ। इसके विपरीत 19 किलो वाले कॉमर्शियल एलपीजी सिलेंडर के रेट में कुल 18 बार बदलाव हुए। इसमें 12 बार सिलेंडर सस्ता हुआ और केवल 6 बार महंगा। क्या आप जानते हैं कि आखिरी बार घरेलू एलपीजी के दाम कब बदले थे? इस साल 6 जुलाई को 14.2 किलो वाले घरेलू एलपीजी सिलेंडर के भाव में बदलाव किया गया था। वह भी उपभोक्ताओं की जेब पर 50 रुपये का बोझ डालते हुए। इस एक साल में घरेलू एलपीजी सिलेंडर दिल्ली में जहां 153.5 रुपये महंगा हुआ, वहीं




कॉमर्शियल सिलेंडर केवल 34.5 रुपये। 6 अक्टूबर 2021 899.50 15 रुपये बढ़ा 22 मार्च 2022 949.50 50 रुपये बढ़ा 7 मई 2022 999.50 50 रुपये बढ़ा 19 मई 2022 1003 3.50 रुपये बढ़ा 6 जुलाई 2022 1053 50 रुपये बढ़ा 1 नवंबर 2022 1744 115.50 1 अक्टूबर 2022 1859.50 25.50 रुपये सस्ता 1 सितंबर 2022 1885.00 91.50 रुपये सस्ता 1 अगस्त 2022 1976.50 36 रुपये सस्ता 6 जुलाई 2022 ।

### शेयर बाजार हरे निशान पर बंद, सेंसेक्स 374 अंक चढ़ा पर एक्सिस बैंक के शेयर 4% टूटे

नई दिल्ली, 1 नवंबर (एजेंसियां)। घरेलू शेयर बाजार हफ्ते के दूसरे कारोबारी दिन बढ़त के साथ बंद हुआ। मंगलवार को बाजार बंद होते समय सेंसेक्स 374.76 अंकों की बढ़त के साथ 61,121.35 अंकों के लेवल पर बंद हुआ। सेंसेक्स में 0.62 प्रतिशत का उछाल आया। वहीं दूसरी ओर निफ्टी 133.20 अंकों (0.74) की बढ़त के साथ 18,145.40 अंकों के लेवल पर बंद हुआ। निफ्टी फिफ्टी के शेयरों में एक्सिस बैंक के शेयर टॉप लूजर रहे। मंगलवार को इनमें लगभग चार प्रतिशत तक की गिरावट आई। एक्सिस बैंक के शेयरों में यह गिरावट बैन कैपिटल की ओर से एक्सिस बैंक में अपनी 1.24 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने के बाद आई है।

## डॉलर नहीं, ये है दुनिया की सबसे महंगी करेंसी, रुपये से कई गुना है 'ताकतवर'



नई दिल्ली, 1 नवंबर (एजेंसियां)। जब भी हम दुनिया की सबसे महंगी करेंसी के बारे में सोचते हैं तो हमारे दिमाग में सबसे पहला नाम डॉलर का आता है. इसका कारण है कि ज्यादातर रुपये की तुलना डॉलर से की जाती है लेकिन डॉलर दुनिया की सबसे मजबूत करेंसी नहीं है. आपको जानकर शायद हैरानी होगी कि कुवैती दीनार दुनिया की सबसे ज्यादा शक्तिशाली मुद्रा है. दरअसल कुवैत के पास ढेर सारा ऑयल रिजर्व है और बढ़ती तेल की मांग की वजह से कुवैती करेंसी की डिमांड भी काफी ज्यादा हाई है. जहां एक कुवैती दीनार की कीमत 265 रुपये से भी ज्यादा है तो वहीं एक डॉलर की कीमत 82 रुपये है. हालांकि ये रेट फ्लक्चुएट होता रहता है. फिर भी आप देख सकते हैं कि कुवैती दीनार और डॉलर के बीच कितना ज्यादा अंतर है. आपको बता दें कि एक कुवैती दीनार की कीमत लगभग 266 रुपये के आसपास है. इस बात से ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि भारत की करेंसी के मुकाबले कुवैती दीनार कितना ज्यादा मजबूत है. कुवैती दीनार, बहरीन दीनार, ओमानी रियाल, जॉर्डन दिनार और पाउण्ड स्टर्लिंग दुनिया की पांच सबसे ज्यादा महंगी करेंसी में शामिल हैं. आपको बता दें कि ये सभी दुनिया की सबसे पुरानी मुद्राओं में भी शामिल हैं. इन सभी की कीमत भारतीय रुपये से कहीं ज्यादा है.

## रुपये में गिरावट से व्यापार पर असर को लेकर संसदीय समिति करेगी चर्चा

नई दिल्ली, 1 नवंबर (एजेंसियां)। संसद की एक समिति ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सदस्यों के विरोध के बावजूद रुपये में गिरावट का व्यापार पर असर को लेकर चर्चा करने का फैसला किया है। वरिष्ठ



कांग्रेस नेता अभिषेक मनु सिंघवी की अगुवाई वाली इस समिति की पुनर्गठन के बाद सोमवार को पहली बैठक हुई। इस बैठक में उन विषयों पर बातचीत की गई जिन पर चर्चा होनी है। सूत्रों के मुताबिक, बैठक के दौरान सिंघवी ने रुपये में गिरावट के व्यापार पर प्रभाव को लेकर चर्चा का प्रस्ताव रखा। हालांकि, उनके इस प्रस्ताव का भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने विरोध किया। दुबे ने कहा कि यह गिरावट अस्थायी है और समिति को दीर्घावधि के असर पर विषयों मसलन व्यापार संतुलन पर चर्चा करनी चाहिए। उनकी इस राय का समिति में शामिल अन्य भाजपा सदस्यों ने भी समर्थन किया। वहीं विपक्ष के लगभग सभी सदस्य इस मुद्दे पर चर्चा के पक्ष में थे। सूत्रों ने कहा कि रुपये की गिरती कीमत के व्यापार पर असर को लेकर संसदीय समिति व्यापार संगठनों एवं शीर्ष सरकारी अधिकारियों को चर्चा के लिए बुलाएगी।

### कपूर वॉच कंपनी पर आयकर विभाग की दबिश

#### रोलेक्स और टैग ह्यूअर जैसे ब्रांड्स की रिटेलर है कंपनी

नई दिल्ली, 1 नवंबर (एजेंसियां)। 55 साल पुरानी कपूर वॉच कंपनी में आयकर विभाग छापेमारी कर रहा है। बता दें कि हाल ही में फिल्म स्टार रणवीर कपूर ने कपूर वॉच कंपनी की ओर से आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में भारत के पहले सीमित-संस्करण फ्रेंक मुलर वेरिएंट का अनावरण किया। सूत्रों के अनुसार मंगलवार को आयकर विभाग की ओर से कंपनी के करीब 20 परिसरों में छापेमारी शुरू की गई है। कपूर वॉच कंपनी आधिकारिक रोलेक्स खुदरा विक्रेताओं के एक विश्वव्यापी नेटवर्क का हिस्सा है जिसे रोलेक्स घड़ियों को बेचने और बनाए रखने की अनुमति है। कपूर वॉच कंपनी ऑडेमर्स पिगुएट, बीवलगारी, कार्टियर, ओमेगा और टैग ह्यूअर ब्रांड की भारतीय रिटेलर भी है।

## पूरी तरह सौर ऊर्जा पर निर्भर गुजरात का गांव मोढेरा

### 'सूर्य देव' ने बदल दी लोगों की जिंदगी !

नई दिल्ली, 1 नवंबर (एजेंसियां)। भारत में एक ऐसा गांव है, जो पूरी तरह से अपनी बिजली संबंधी सभी जरूरतों को सौर ऊर्जा से पूरा कर रहा है।नाम है मोढेरा।गुजरात में मौजूद इस गांव को पूरी तरह सौर ऊर्जा पर निर्भर गांव घोषित किया गया है।यहां रहने वाले लोग मुख्य तौर पर मिट्टी के बर्तन बनाने, कपड़े सिलाई करने, खेती और जूते बनाने के काम से जुडे.हैं। खास बात ये है कि मोढेरा को अपने प्राचीन सूर्य मंदिर के लिए भी जाना जाता है।ऐसे में यह कहना अतिश्योक्ति नहीं होना चाहिए कि गांव पर वाकई 'सूर्य देव' की कृपा है और पूरा गांव अपनी विभिन्न आवश्यकताओं के लिए एनर्जी सूर्य से ही पा रहा है। इस




गांव को थोड़ा गहराई से जानने की कोशिश की और अपनी एक शानदार रिपोर्ट लिखी है।इस रिपोर्ट के मुताबिक, केसा भाई प्रजापति मिट्टी के बर्तन बनाने वाले पहिये पर जब फूलदान ढालते हैं तो हल्का-सा मुस्कुराते हैं। मोढेरा गांव के 68 वर्षीय प्रजापति ने कुछ महीने पहले की तुलना में अपने द्वारा बनाए गए मिट्टी के बर्तनों की मात्रा को दोगुना कर दिया है, क्योंकि अब उन्हें पहिया को मैन्युअली नहीं चलाना पड़ता।बिजली से चलाने पर खर्च काफी ज्यादा (प्रति माह 1,500 रुपये ) आता था, जोकि वह वहन नहीं कर सकते थे। परंतु अब सबकुछ सेटल है। प्रजापति ने कहा, "इस बिजली ने हमें समय की बचत होती है और अधिक उत्पाद बना सकते हैं।"ज्ञात रहे कि भारत दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जक देश है।भारत का लक्ष्य 2030 तक ऊर्जा के अक्षय स्रोतों, जैसे सौर और पवन से अपनी ऊर्जा की आधी मांग को पूरा करना है।यह लक्ष्य इसके पिछले लक्ष्य 40% से अधिक है।मोढेरा में परियोजना को केंद्र और राज्य सरकार द्वारा वित्तपोषित (लगभग 10 मिलियन डॉलर) किया गया है। इस प्रोजेक्ट में आवासीय और सरकारी भवनों पर 1,300 से अधिक रूफटॉप पैनल स्थापित करना शामिल था, जो एक पावर प्लांट से जुड़े हैं।सरकार यहां के घरों में पैदा होने वाली उस अतिरिक्त ऊर्जा को खरीदती है, जो वे घरों को उपयोग नहीं करते हैं।चूंकि सरकार बिजली लेने के बदले पैसा देती है तो इस पैसे से 43 वर्षीय दर्जी प्रवीण भाई गैस कनेक्शन और चूल्हा खरीदने की योजना बना रहे हैं, क्योंकि गांव के कई घर लकड़ी के चूल्हे में खाना पकाते हैं, जिससे धुंआ फैलता है।उन्होंने कहा, "मुझे अपने बच्चों को स्ट्रीट लाइट में पढ़ाना पड़ता था।

## टाटा अपनी फ्रैक्ट्री में 45,000 महिलाओं की भर्ती करेगा

### आईफोन पार्ट बनाने वाले प्लांट में हायरिंग का प्लान, अभी यहां केवल 10,000 कर्मचारी




चेन्नई, 1 नवंबर (एजेंसियां)। टाटा ग्रुप तमिलनाडु के होसुर में अपने इलेक्ट्रॉनिक फ्रैक्ट्री में एम्प्लॉइज की संख्या बढ़ाने का प्लान बना रहा है। यहां आईफोन केस बनते हैं। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक टाटा नई प्रोडक्शन लाइन की स्थापना के साथ 18-24 महीनों के भीतर 45,000 महिलाओं को काम पर रखेगा। इस फैक्ट्री में पहले से ही 10,000 कर्मचारी कार्यरत हैं, जिनमें से अधिकांश महिलाएं हैं। सितंबर में कंपनी ने लगभग 5,000 महिलाओं को काम पर रखा था। रिपोर्ट में कहा गया है कि होसुर प्लांट में महिला श्रमिकों को 16,000 रुपए से ज्यादा की ग्रॉस सैलरी मिलती है, जो इंडस्ट्री ऐवरेज से करीब 40% ज्यादा है। श्रमिकों को परिसर के भीतर भोजन और आवास भी मिलता है। इसके अलावा, टाटा की योजना श्रमिकों को भी ट्रेनिंग और एजुकेशन देने की भी है। यह प्लांट 500 एकड़ से ज्यादा में फैला हुआ है। भारतीय कंपनियां वर्क फोर्स में जेंडर इमबैलेंस सुधारने पर काम कर रही हैं। टाटा ग्रुप भारत में आईफोन को असेंबल करने के लिए एक इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग ज्वाइंट वेंचर स्थापित करने के लिए विस्ट्रॉन के साथ भी बातचीत कर रहा है। आईफोन मैन्युफैक्चरिंग के जरिए टाटा टेक्नोलॉजी मैन्युफैक्चरिंग में एक ताकत बनना चाहता है। यदि टाटा की विस्ट्रॉन के साथ आईफोन बनाने की डील फाइनल होती है, तो यह टाटा को आईफोन बनाने वाली पहली भारतीय कंपनी बना देगा। चीन के इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग में डॉमिनेंस को कोविड लॉकडाउन और अमेरिका के साथ राजनीतिक तनाव ने खतरे में डाल दिया है। एपल भी अपने मैन्युफैक्चरिंग बेस को चीन के बाहर शिफ्ट करना चाहता है। अब वह आईफोन मैन्युफैक्चरिंग के लिए अकेले चीन पर डिपेंड नहीं रहना चाहता। कंपनी चीन से दूर अपने उत्पादन में विविधता लाना चाहती है और भारत में अपनी सप्लाई चेन को गहरा करना चाहती है। आईफोन का सबसे ज्यादा प्रोडक्शन चीन में होता है। एपल फॉक्सकॉन, विस्ट्रॉन और पेगाट्रॉन जैसे अपने कॉन्ट्रैक्ट मैन्युफैक्चर्स को पार्ट सप्लाई करती है और फिर वो मैन्युफैक्चरर इसे असेंबल कर आईफोन तैयार करते हैं। एपल ने 2017 में आईफोन एसई के साथ भारत में आईफोन्स की मैन्युफैक्चरिंग शुरू की थी। भारतीय कंपनी टाटा के आईफोन बनाना शुरू करने से चीन को कड़ी टक्कर मिलेगी।

# साउथ कोरिया के साथ अमेरिका ने किया सैन्य अभ्यास

## तो आग बबूला हुआ उत्तर कोरिया, दे डाली यह बड़ी चेतावनी

### चेतावनी के तौर पर है परीक्षण गतिविधियां

उत्तर कोरिया ने कहा है कि उसकी परीक्षण गतिविधियां संयुक्त सैन्य अभ्यास के बीच चेतावनी के तौर पर हैं।

कुछ विशेषज्ञों का कहना है कि प्योंगयांग ने नए हथियार प्रणालियों का परीक्षण करने, अपनी परमाणु क्षमता को बढ़ावा देने और वाशिंगटन और सियोल के साथ भविष्य के सौदों में अपने लाभ को बढ़ाने के लिए अभ्यास का इस्तेमाल किया है।

एक अज्ञात प्रवक्ता ने बताया कि उत्तर कोरियाई विदेश मंत्रालय के बयान में कहा गया है कि सैन्य अभ्यास ने अमेरिका को 'शांति और सुरक्षा को नष्ट करने में मुख्य अपराधी' के रूप में उजागर किया है।

उत्तर कोरिया बाहरी सैन्य खतरों से बचाव के लिए 'सभी आवश्यक उपाय' करने के लिए तैयार है।

प्रवक्ता ने उत्तर कोरिया के औपचारिक नाम, डेमोक्रेटिक पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ कोरिया का उपयोग करते हुए कहा, 'अगर अमेरिका लगातार गंभीर सैन्य उकसावे में रहता है, तो डीपीआरके अधिक शक्तिशाली अनुवर्ती उपायों को ध्यान में रखेगा।'

हालांकि बयान में यह निर्दिष्ट नहीं किया गया कि वे उपाय क्या हो सकते हैं।



सियोल, 1 नवंबर (एजेंसियां)। उत्तर कोरिया के विदेश मंत्रालय ने दक्षिण कोरिया के साथ संयुक्त सैन्य अभ्यास का विस्तार करने के लिए संयुक्त राज्य अमेरिका की आलोचना की है। उन्होंने इसे संभावित आक्रमण के लिए अभ्यास करार देते हुए मंगलवार को इसके जवाब में 'अधिक शक्तिशाली उपायों' की चेतावनी दी। विदेश मंत्रालय का यह बयान तब आया है, जब अमेरिका और दक्षिण कोरिया ने अपने उन्नत एफ35 फाइटर जेट सहित 200 से अधिक युद्धक विमानों को शामिल करते हुए हवाई अभ्यास किया।

**उत्तर कोरिया ने लॉन्च की 40 से अधिक मिसाइलें**

उत्तर कोरिया ने इस साल अपने हथियारों के प्रदर्शन को रिकॉर्ड स्थान पर पहुंचा दिया है, जिसमें 40 से अधिक बैलिस्टिक मिसाइलें लॉन्च की गई हैं, जिसमें विकासात्मक अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल और जापान पर दागी गई एक मध्यवर्ती श्रेणी की मिसाइल शामिल हैं।

**दक्षिण कोरिया ने फिर से शुरू किया सैन्य अभ्यास**

अमेरिका और दक्षिण कोरिया ने प्योंगयांग के साथ राजनयिक स्थान बनाने के प्रयासों के तहत और महामारी के कारण पिछले वर्षों में उन्हें कम करने या निलंबित करने के बाद इस साल बड़े पैमाने पर सैन्य अभ्यास फिर से शुरू किया है। संयुक्त राज्य अमेरिका और दक्षिण कोरिया का 'विजिलेंट स्टॉर्म' वायु सेना अभ्यास, जो शुक्रवार तक जारी रहना है, दक्षिण कोरिया द्वारा अपना वार्षिक 12-दिवसीय 'होगुक' क्षेत्र अभ्यास पूरा करने के बाद आया है।

**लॉन्च बैराज का विस्तार कर रहा उत्तर कोरिया**

उत्तर कोरिया का ताजा बयान देश द्वारा समुद्र में दो छोटी दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल दागने के कुछ ही दिनों बाद आया है, जो सितंबर के अंत से लॉन्च की एक बैराज का विस्तार कर रहा है। उन प्रक्षेपणों में से कुछ को उत्तर द्वारा दक्षिण कोरियाई और अमेरिकी लक्ष्यों पर नकली परमाणु हमलों के रूप में वर्णित किया गया है।

**उत्तर कोरिया ने बफर जोन में दागे कई गोले**

हाल के हफ्तों में, उत्तर कोरिया ने अंतर-कोरियाई समुद्री बफर जोन में सैकड़ों गोले दागे हैं, जिसे दोनों कोरियाई देशों (उत्तर कोरिया और दक्षिण कोरिया) ने 2018 में फ्रंटलाइन सैन्य तनाव को कम करने के लिए स्थापित किया था। उत्तर कोरिया ने कहा है कि फायरिंग दक्षिण कोरिया के भूमि सीमा क्षेत्रों में लाइव-फायर अभ्यास की प्रतिक्रिया में थी।

### हैलोवीन की रात अमेरिका में फिर खूनी खेल, सामूहिक गोलीबारी में अब तक 14 घायल

शिकागो, 1 नवंबर (एजेंसियां)। अमेरिका में सामूहिक गोलीबारी का सिलसिला जारी है. यहां हैलोवीन की रात यानी 31 अक्टूबर 2022 को शिकागो के वेस्ट साइड में एक सामूहिक गोलीबारी की घटना में कम से कम 14 लोगों के घायल होने की खबर है. घायलों में बच्चों की संख्या ज्यादा है. शिकागो पुलिस ने इस घटना की पुष्टि करते हुए बताया कि शूटिंग साउथ कैलिफोर्निया एवेन्यू और वेस्ट पोल्क स्ट्रीट के इलाके में हुई है. पुलिस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि घायलों में एक 3 साल का और 11 साल का बच्चा है. इसके अलावा 13 साल के एक किशोर को भी गोली लगी है. पुलिस ने कहा कि शूटिंग के बाकी शिकार वयस्क थे. गोलीबारी में घायल हुए लोगों के अलावा, एक व्यक्ति को एक कार ने टक्कर मारकर घायल किया है.

# ब्रिटेन में एवियन फ्लू का कहर

## सरकार ने सभी पक्षियों को घर में रखने का दिया आदेश

लंदन, 1 नवंबर (एजेंसियां)। यूके सरकार ने एवियन फ्लू को रोकने के लिए बड़ा कदम उठाया है. ब्रिटिश सरकार ने कहा कि देश में एवियन फ्लू के अब तक के सबसे बड़े प्रकोप से निपटने के उपायों के तहत इंग्लैंड में सभी पोल्ट्री और पक्षियों को कानूनी तौर पर 7 नवंबर से घर के अंदर रखने की आवश्यकता होगी. सरकार ने कहा कि पक्षी पालकों को कपड़ों, जूतों, उपकरणों और वाहनों को कीटाणुरहित करने और मृत्यु दर रिकॉर्ड रखने सहित कड़े बायोसिक्योरिटी उपायों का पालन करना होगा.

जंगली पक्षियों में बर्ड फ्लू के मामलों में बढ़ोतरी के बाद ये आदेश सफ़ोक, नॉरफ़ॉक और एसेक्स के कुछ हिस्सों के हॉट स्पॉट क्षेत्र में पहले से लागू है.



यूके की मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी क्रिस्टीन मिडिलमिस ने कहा कि हम इस साल बर्ड फ्लू के सबसे बड़े प्रकोप का सामना कर रहे हैं. पूरे इंग्लैंड में एवियन फ्लू के मामलों की संख्या में तेजी से वृद्धि देख रहे हैं.

**पक्षियों को अंदर रखने का आदेश जारी**

उन्होंने कहा कि पक्षियों के बीमारी के संपर्क में आने का जोखिम एक ऐसे बिंदु पर पहुंच गया है जहां अब सभी पक्षियों को अगली सूचना तक अंदर रखा जाना आवश्यक है. मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी अब पूरे इंग्लैंड में सभी पक्षी पालकों को उचित कदम उठाने, अपने निजी पशु चिकित्सक से परामर्श करने के लिए प्रोत्साहित कर रहे हैं. वहीं यूके की स्वास्थ्य सुरक्षा एजेंसी ने कहा कि वायरस से लोगों के स्वास्थ्य के लिए जोखिम बहुत कम है. एजेंसी ने कहा कि अंडे सहित ठीक से पकाए गए पोल्ट्री उत्पाद खाने के लिए सुरक्षित हैं.

**यूके में बढ़े एवियन फ्लू के केस**

पिछले एक वर्ष के दौरान, यूनाइटेड किंगडम ने एवियन इन्फ्लूएंजा के अपने अब तक के सबसे बड़े प्रकोप का सामना किया है. जिसमें अक्टूबर 2021 के बाद से 200 से अधिक मामलों की पुष्टि हुई है. इस साल अक्टूबर की शुरुआत से 70 से अधिक परिसरों में बीमारी का पता चलने के बाद सरकार ने ये आदेश जारी किया है. ये फ्लू एक इन्फ्लूएंजा ए वायरस से होने वाली बीमारी है. ये बीमारी पक्षियों की कई प्रजातियों में होती है.

### मध्य प्रदेश में चार साल की मासूम से दरिंदगी

**प्राइवेट पार्ट में इंजरी, झाड़ियों में गंभीर हालत में मिली**

खंडवा, 1 नवंबर (एजेंसियां)। मध्य प्रदेश के खंडवा में एक चार साल की मासूम को रहस्यमय ढंग से लापता होने के करीब 16 घंटे बाद गंभीर अवस्था में पाया गया है। बच्ची घर से करीब दो किलोमीटर दूर झाड़ियों में पड़ी हुई थी। प्रथम दृष्टया बच्ची के साथ दुष्कर्म की आशंका जताई जा रही है। बच्ची के प्राइवेट पार्ट में गंभीर इंजरी है। उसे इंदौर रेफर कर दिया गया है। पुलिस ने बच्ची के घर पास स्थित ढाबे के एक कर्मचारी को हिरासत में लिया है। पुलिस अधीक्षक विवेक सिंह ने बताया कि बच्ची की मेडिकल जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट होगी। पुलिस अधिकारी ने बताया कि हिरासत में लिए गए युवक ने पूछताछ में एक अन्य व्यक्ति के बारे में जानकारी दी है। वह बच्ची का रिश्तेदार है। चिकित्सकों ने बच्ची के प्राइवेट पार्ट में गंभीर इंजरी होने की पुष्टि की है।

# रूस के खिलाफ यूक्रेन को मिला यूएस का 28 करोड़ डालर का सिक्योरिटी असिसटेंस



नई दिल्ली, 1 नवंबर (एजेंसियां)। अमेरिका ने यूक्रेन पर रूस के बढ़ते हमलों को देखते हुए कीव को 28 करोड़ डालर का सुरक्षा सहयोग दिया है। अमेरिका के रक्षा मंत्री लायड आस्टिन ने एक ट्वीट कर इसकी जानकारी दी है। अपने ट्वीट में उन्होंने लिखा है कि अमेरिका यूक्रेन की हर संभव मदद करने के लिए वचनबद्ध है। अमेरिका यूक्रेन की कुछ समय तक नहीं बल्कि लंबे समय तक मदद के लिए तैयार है।

**सिक्योरिकी पैकेज से मिलेगी यूक्रेन को मदद**

अमेरिका से यूक्रेन को मिला सिक्योरिटी पैकेज उनकी सुरक्षा को मजबूती देने और रूस पर भारी पड़ने में मदद करेगा। अपने एक और ट्वीट में उन्होंने नाटो सदस्य देशों की सुरक्षा के लिए कदम बढ़ाने की भी बात कही है। लायड ने लिखा है कि उन्होंने पौलेंड के डिप्टी पीएम से बात की है। ये बातचीत दोनों देशों के बीच सुरक्षा सहयोग को लेकर थी और इसमें यूक्रेन को मदद की भी बात की गई। इसमें कहा गया कि नाटो सदस्य देशों की रक्षा के लिए पूरी तरह से तैयार है।

**जंग के बीच कई उतार-चढ़ाव**

गौरतलब है कि यूक्रेन और रूस के बीच की जंग अब 9 माह से अधिक समय हो गया है। इस दौरान जंग के इतर कई तरह के उतार-चढ़ाव देखने को मिले हैं। जंग के बीच में हुई यूक्रेन-रूस अनाज डील को मास्को ने रद कर दिया है। वहीं काला सागर स्थित अपने नेवल बेस पर हुए हमले से रूस बुरी तरह से तिलमिलाया हुआ है। यूक्रेन के करीब 20 लाख लोग बिना बिजली के जीवन गुजारने को मजबूर हैं। अनाज डील रद करने के बाद एक बार फिर से पूरी दुनिया में अनाज की किल्लत की समस्या खड़ी हो सकती है। कई देशों ने रूस से इस बारे में दोबारा विचार करने की अपील की है तो कुछ ने इस फैसले को लेकर राष्ट्रपति पुतिन की कड़ी आलोचना भी की है।

### नाबालिगों को रस्सी से बांध कर घसीटने वाला गिरफ्तार

इंदौर, 1 नवंबर (एजेंसियां)। इंदौर की चोइथराम मंडी में दो नाबालिगों को रस्सी से सब्जी वाहन में बांध कर घसीटने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। पुलिस ने दोनों किशोरों को अमानवीय सजा देने वाले ग्रामीण को गिरफ्तार कर लिया है। वह इंदौर के पास काटकूट गांव का रहने वाला है और इंदौर से आलू-प्याज खरीदकर ग्रामीण हाट में बेचता है। राजेंद्र नगर पुलिस के अनुसार मुख्य आरोपी का नाम सुनील वर्मा है। उसके दो अन्य साथियों को भी पुलिस ने पकड़ा है। सुनील ने पुलिस को बताया कि मंडी में उसके 10 हजार रुपये चोरी हो गए थे। मंडी में काम करने वाले हम्मालों ने अहीरखेड़ी में रहने वाले दो नाबालिगों के नाम लिए थे। जब मैंने दोनों किशोरों से रुपये के बारे में पूछा तो वह बताने को तैयार नहीं थे।

# ईरान में हिजाब का विरोध करने वालों को नहीं छोड़ेगी सरकार

## 1,000 लोगों के खिलाफ शुरू हो रहे मुकदमे, मिलेगी कड़ी सजा!

तेहरान, 1 नवंबर (एजेंसियां)। ईरान के लोगों ने बड़ी संख्या में सड़कों पर उतरकर हिजाब का विरोध किया था। इनमें महिलाओं के अलावा पुरुषों ने भी बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। लेकिन अब इन प्रदर्शनकारियों को कड़ी सजा दिए जाने की तैयारी पूरी हो गई है। प्रदर्शनों के वक्त लोगों पर पुलिस और सुरक्षा बलों ने आंसू गैस के गोले छोड़े थे और कई जगहों पर गोलीबारी भी हुई। ईरान में मानवाधिकार कार्यकर्ताओं के समूह के अनुसार, जिसमें कम से कम 270 लोगों की मौत हुई है। इसके साथ ही 14,000 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। अब 1000 लोगों के खिलाफ मुकदमे शुरू किए जा रहे हैं।

अधिकारियों ने घोषणा की है कि वे देश में छह सप्ताह से जारी विरोध प्रदर्शनों को लेकर राजधानी तेहरान में 1,000 लोगों के लिए जन सुनवाई आयोजित करेंगे। बड़े पैमाने पर अभियोग सरकार की पहली बड़ी कानूनी कार्रवाई को चिह्नित करते हैं, जिसका उद्देश्य असंतोष को दबाना है। ईरान की सरकार संचालित 'इरना' समाचार एजेंसी ने न्यायिक अधिकारियों के हवाले से कहा है कि विरोध प्रदर्शनों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले एक हजार लोगों पर उनके 'विध्वंसक कार्यों' के लिए तेहरान में मुकदमा चलाया जाएगा। इनमें सुरक्षा गार्ड पर हमला करने, सार्वजनिक संपत्ति में आग लगाने जैसे अन्य आरोप भी शामिल हैं।



**अमीनी को हिरासत में लिया गया था**

पुलिस की हिरासत में 22 वर्षीय महसा अमीनी की 16 सितंबर को मौत के बाद देशव्यापी विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया। महिलाओं के लिए ईरान के सख्त ड्रेस कोड का कथित रूप से उल्लंघन करने के आरोप में अमीनी को हिरासत में लिया गया था। हालांकि, शुरुआत में विरोध प्रदर्शन ईरान में हिजाब पहनने की अनिवार्यता पर केंद्रित थे। बाद में प्रदर्शनों का सिलसिला बढ़ता गया और ये 1979 की इस्लामी क्रांति के बाद सत्तारूढ़ शासकों के लिए सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक में बदल गए हैं।

**विदेशी सरकारों पर लगाया प्रदर्शन का आरोप**

ईरान के न्यायपालिका प्रमुख घोलम-हुसैन मोहसेनी एजेई ने कहा, 'जो लोग शासन से टकराने और उसे तबाह करने का इरादा रखते हैं, वे विदेशियों पर निर्भर हैं और उन्हें कानूनी मानकों के अनुसार दंडित किया जाएगा।' उन्होंने संकेत दिया कि कुछ प्रदर्शनकारियों पर विदेशी सरकारों के साथ सहयोग करने का आरोप लगाया जाएगा। तेहरान के अधिकारियों ने बार बार उन दावों को दोहराया है कि ईरान के 'विदेशी दुश्मनों' ने देश में अशांति को बढ़ावा दिया है। उन्होंने कहा, 'बेशक, हमारे न्यायाधीश हाल के उपद्रव के मामलों को सटीकता के साथ और तेजी से देखेंगे।'

**रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने युवाओं को चेताया था**

सुरक्षा बलों ने विरोध प्रदर्शनों के दौरान प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए गोला-बारूद और आंसू गैस का इस्तेमाल किया था। इस बीच, अर्द्धसैन्य बल रिवोल्यूशनरी गार्ड ने भी युवाओं को प्रदर्शन के लिए चेताया है। न्यायिक अधिकारियों ने ईरान के अन्य प्रांतों में भी सैकड़ों लोगों के खिलाफ आरोपों की घोषणा की है। कुछ पर ऐसे आरोप लगाए गए हैं, जिनमें मृत्युदंड का प्रावधान है।

# बेबी वाइप्स में छिपाई करोड़ों की हेरोइन जब्त

**असम सीएम हिमंत बिस्वा ने शेयर किया वीडियो**

गुवाहाटी 1 नवंबर (एजेंसियां)। असम के करीमगंज में पुलिस ने 676 ग्राम हेरोइन जब्त की है। आरोपियों ने इसे बेबी वाइप्स के अंदर पैक किया था, जिसे गाड़ी के साउंड बॉक्स में छिपाकर रखा था। पुलिस की कार्रवाई का यह वीडियो प्रदेश के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने सोशल मीडिया पर शेयर किया है। साथ ही पुलिस ऐक्शन की तारीफ की है। असम के मुख्यमंत्री ने हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि पुलिस ने पड़ोसी राज्य से आ रहे एक वाहन को रोका और साबुन के 52 डिब्बों में पैक 676 ग्राम हेरोइन को जब्त किया। आरोपियों ने इसे बेहद सावधानी से बेबी वाइप्स के अंदर पैक करके रखा था। हेरोइन युक्त इन डिब्बों को वाहन के साउंड बॉक्स के अंदर रखा गया था। ग्रेट वर्क असम पुलिस।

मुख्यमंत्री द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में पुलिस को साउंड बॉक्स से बेबी वाइप के पैकेट्स से ड्रग्स निकालते हुए देखा जा सकता है। गौरतलब है कि असम पुलिस की ओर से की गई यह नवीनतम छापेमारी 15 करोड़ रुपये से अधिक की हेरोइन और भांग जब्त करने और तीन जिलों से नौ लोगों को गिरफ्तार किए जाने के कुछ दिनों बाद हुई है। पुलिस अधिकारियों ने 26 अक्टूबर को समाचार एजेंसी पीटीआई को बताया कि उन्होंने करीमगंज जिले के बदरपुरघाट में एक वाहन को रोका और 4 करोड़ रुपये की अनुमानित 621 ग्राम हेरोइन बरामद की थी। इस जब्ती में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया था।

# पाक से भारत पर वायरस 'अटैक' का खतरा




## पड़ोस में फैला पोलियो, राजस्थान में रिस्क ज्यादा कोरोना से 4 गुना खतरनाक

पेशावर, 1 नवंबर (एजेंसियां)। जब पूरी दुनिया कोरोना वायरस को काबू करने में जुटी थी, उसी बीच उसका ध्यान एक ऐसे जानलेवा वायरस से हट गया, जो साइज में तो कोरोना से 4 गुना छोटा है, लेकिन उससे 4 गुना ज्यादा तेजी से फैलता है। इस वायरस का नाम है पोलियो, जिससे हजारों सालों से इंसानों की जंग जारी है। अफगानिस्तान में गृहयुद्ध जैसे हालात और पाकिस्तान में बाढ़ की वजह से दोनों देशों में इस साल पोलियो के मामले बढ़ गए हैं। जिससे भारत में खासकर बॉर्डर से सटे राजस्थान में भी वायरस के फैलने का खतरा मंडरा रहा है। आज जब लग रहा था कि हम इस वायरस से जंग जीतने के करीब हैं और पूरी धरती से इसका नामोनिशान मिटने ही वाला है, तब अचानक एक बार फिर अमेरिका, यूरोप से लेकर भारत तक पोलियो का खौफ बढ़ गया है। वायरस मिलने के बाद न्यूयॉर्क इमर्जेंसी डिक्लेयर कर चुका है। डर है कि कहीं यह बाजी पलट न जाए।

पूरी दुनिया में क्यों बजी खतरे की घंटी 2022 में न्यूयॉर्क के 3 जिलों (काउंटी) के सीवेज वॉटर में पोलियो वायरस पाया गया है। पहला केस जुलाई में सामने आया, जिसमें 20 साल के एक युवक को पैरों को लकवा मार गया। इससे पहले जून में लंदन में भी सीवेज वॉटर में पोलियो वायरस पाया गया था। अमेरिका में पोलियो से बचाव के लिए टीकाकरण अभियान शुरू हो गया है। दूसरे देशों में भी वायरस से बचाव के लिए तैयारियां जारी हैं। कोलकाता में भी सीवेज में यह वायरस पाया गया है। वहीं, 2022 में 25 अक्टूबर तक पाकिस्तान में पोलियो के 20 और अफगानिस्तान में 2 मामले सामने आ चुके थे। बता दें कि दुनिया भर में पोलियो के लिए बने सर्विलांस सिस्टम में सीवर के पानी का सैंपल लेकर उसकी टेस्टिंग की जाती है।

**कोविड की वजह से करोड़ों बच्चों को नहीं मिल सकी दवा**

यूनिसेफ 8 के मुताबिक कोविड की वजह से पूरी दुनिया का ध्यान उससे लड़ने में लगा था। ऐसे में दुनियाभर में 2.3 करोड़ बच्चों को समय पर पोलियो की दवा नहीं मिल सकी। इनमें पाकिस्तान और भारत के 40 लाख बच्चे भी शामिल हैं। वैक्सीनेशन नहीं हो सका तो वायरस से लड़ने के लिए लोगों की इम्युनिटी भी कमजोर हो गई और वायरस फैलने लगा।

यही वजह है कि WHO सहित पूरी दुनिया अलर्ट मोड पर आ गई है और आनन-फानन में कदम उठाए जा रहे हैं। अगर जरा सी भी लापरवाही हुई, तो 70 साल से जारी जंग में बाजी पलट जाएगी। पोलियो से बचाने के लिए खर्च किए गए अरबों रुपए और लाखों लोगों की मेहनत बर्बाद हो जाएगी। पोलियो के कैम्पेन का नारा ही है- 'एक भी बच्चा छूट गया- संकल्प हमारा टूट गया।' ऐसा क्यों है, रोटरी इंटरनेशनल इंडिया की नेशनल पोलियो प्लस कमेटी के चेयरपर्सन दीपक कपूर बताते हैं कि जब तक दुनिया के किसी भी हिस्से में एक भी बच्चे में पोलियो वायरस मौजूद है, तब तक दुनिया का कोई भी देश सुरक्षित नहीं होगा और बीमारी के फिर से फैल जाने का खतरा दुनिया पर मंडराता रहेगा। ऐसे में पोलियो से बचाव के लिए एक ही तरीका है, 5 साल तक के हर बच्चे को नियमित तौर पर दवा पिलाई जाए।

# दुनियाभर के खालिस्तान समर्थकों को एकजुट कर रहा पाक

## आईएसआई की घिनौनी साजिश




नई दिल्ली, 1 नवंबर (एजेंसियां)। पाकिस्तान और उसकी खुफिया एजेंसी आईएसआई की भारत के खिलाफ नई साजिश का खुलासा हुआ है। खालिस्तान रेंफरेंडम के जरिए ये दुनियाभर के सिख अलगाववादियों को एकजुट कर रहे हैं। इनकी साजिश पहले भी नाकाम हो चुकी है, लेकिन ये अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। पाक खुफिया एजेंसी इंटर सर्विसेस इंटेलिजेंस यानी आईएसआई अपने देश की आंतरिक सुरक्षा से ज्यादा भारत के अंदरुनी मामलों में टांग अड़ाना पसंद करती है। वह भारत के विभिन्न हिस्सों में अलगाववाद व आतंकवाद को बढ़ावा देने में दशकों से जुटी है। खालिस्तान को लेकर भी वह पहले कई बार मुंह की खा चुकी है, लेकिन पड़ोसी देश व उसकी यह एजेंसी भारत के खिलाफ लगातार साजिशें रचती रहती हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार आईएसआई ने लाहौर में खालिस्तानी आतंकियों के साथ कई गुप्त बैठकें कीं। इनमें भारत के पंजाब प्रांत में अशांति फैलाने की नई साजिशों का ताना बाना बुना गया। इस साजिश में पाकिस्तान दुनिया भर में स्थित अपने दूतावासों की भी मदद ले रहा है। पाक दूतावासों से कहा गया है कि वे खालिस्तानी अलगाववादियों व आतंकियों को एकजुट करें, उन्हें पैसा और हथियार मुहैया कराकर पंजाब में गड़बड़ी फैलाने के लिए उकसाएं। इसके लिए आईएसआई ने 'खालिस्तान घोषणापत्र' नाम से साजिश तैयार की है।

**फर्जी ट्विटर हैंडल बना लिए**

कथित खालिस्तान समर्थक सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) ने अपने खालिस्तान रेफरेंडम के एजेंडे को फैलाने के लिए बड़ी संख्या में फर्जी ट्विटर हैंडल बनाए हैं। 1450 ऐसे फर्जी अकाउंट पाए गए हैं। इनका मकसद खालिस्तानी एजेंडे व खालिस्तान हैशटैग को इस सोशल साइट में ट्रेंड कराना है।

**एक माह में बढ़ा समर्थन**

बीते एक माह में खालिस्तान रेफरेंडम के समर्थन में 29032 ट्वीट किए गए हैं। इन्हें 7826 लोगों ने रिट्वीट किया। अक्तूबर में खालिस्तान के समर्थन में 334 नए ट्विटर अकाउंट भी बनाए गए। खालिस्तान का समर्थन करने वाले ट्विटर अकाउंट से हिजाब बैन, पाकिस्तान सेना, कश्मीर से जुड़े हैशटैग वाले ट्वीट भी सामने आए हैं। ये खाते ज्यादातर पाकिस्तान से संचालित किए जा रहे हैं। अनेक खालिस्तानी ट्विटर अकाउंट को भी पाकिस्तान से ट्रेंड कराया गया।

# गुनहगारों का एफआईआर में नाम नहीं

## उसने पुल को अपनी प्रॉपर्टी की तरह इस्तेमाल किया, गार्ड-मजदूर व क्लर्क अरेस्ट

एक्सक्लूसिव डेस्क, 1 नवंबर। गुजरात के मोरबी में मच्छू नदी का केबल ब्रिज गिरने से मरने वालों की संख्या 141 हो चुकी है। इनमें 50 से ज्यादा बच्चे हैं। सोमवार को पुलिस ने इस केस में जिन 9 लोगों को गिरफ्तार किया, उनमें ओरेवा के दो मैनेजर, दो मजदूर, तीन सिक्योरिटी गार्ड और दो टिकट क्लर्क शामिल हैं।

पुलिस की एफआईआर में न तो पुल को ऑपरेट करके पैसे कमाने वाली ओरेवा कंपनी का जिक्र है, न रिनोवेशन का काम करने वाली देवप्रकाश सॉल्युशन का। पुल की निगरानी के लिए जिम्मेदार मोरबी नगर पालिका के इंजीनियरों का भी नाम इसमें नहीं है।

एक झटके में 141 जानें लेने वाले इस हादसे को लेकर अफसर कितने गंभीर हैं, इसकी बानगी यह है कि राज्य सरकार ने जांच के लिए जिन 5 अधिकारियों की कमेटी बनाई थी, उसने भी महज 25 मिनट में अपनी जांच पूरी कर ली।

**एग्रीमेंट में मुनाफे पर फोकस, जिम्मेदारियों से किनारा**

सस्पेंशन पुल को ऑपरेट करने के लिए ओरेवा कंपनी और मोरबी नगर पालिका के बीच 6 मार्च 2022 को जो एग्रीमेंट हुआ था। 300 रुपए के स्टांप पेपर पर हुए एग्रीमेंट में लिखा है कि कंपनी कब टिकट की दर बढ़ा सकेगी, कैसे पुल का कॉमर्शियल इस्तेमाल कर सकेगी और इसमें सरकारी एजेंसियों का दखल नहीं होगा। तीन पेज के एग्रीमेंट में इस बात का कहीं नहीं है कि हादसा होने की स्थिति में कौन जिम्मेदार होगा।

**एग्रीमेंट की शर्तें तोड़कर महंगे टिकट बेचे**

मोरबी नगरपालिका के साथ ओरेवा के समझौते के मुताबिक मरम्मत पूरी होने के बाद पुल को खोला जाना था। इस ब्रिज पर मार्च 2023 तक वयस्कों से से 15 रुपये और बच्चों से 10 रुपये टिकट लेने का प्रावधान था। साल 2023-24 से हर साल टिकट में 2 रुपए बढ़ाए जाने थे, लेकिन ओरेवा ने पुल खुलते ही ज्यादा मुनाफा कमाने के लिए बड़ों के लिए 17 रुपए और बच्चों के लिए 12 रुपए का टिकट बेचना शुरू कर दिया।

**टिकट में नगर पालिका के नाम का जिक्र तक नहीं**

नियम के मुताबिक, जब कोई सरकारी संपत्ति किसी निजी कंपनी को संचालन के लिए दी जाती है, तो उस पर मालिकाना हक सरकारी संस्था के पास ही रहता है। जैसे, हाईवे पर टोल वसूली निजी कंपनियां करती हैं, लेकिन रसीद राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के नाम से ही जारी की जाती है। मोरबी के सस्पेंशन ब्रिज के मामले में ऐसा नहीं था। पुल और टिकट दोनों पर मोरबी नगर पालिका का जिक्र तक नहीं था।

**7 महीने रिनोवेशन, 2 करोड़ खर्च लेकिन जिन एंकर पिन पर पुल टिका था, उन्हें देखा ही नहीं**

मोरबी के ऐतिहासिक पुल को सात महीने में दो करोड़ रुपए के खर्च से पुल को रिनोवेट करने का दावा किया गया था, लेकिन खुलने के पांच दिन बाद ही यह भरभराकर गिर गया। पुल पर लोगों की भीड़ के अचानक आ जाने से ओवरलोड होकर पुल गिर गया। स्ट्रक्चरल इंजीनियरों के साथ-साथ स्थानीय इंजीनियरों ने त्रासदी की शुरुआती जांच की। इसमें पता चला कि मरम्मत के दौरान पुल का वजन संभालने वाली एंकर पिन की मजबूती पर ध्यान ही नहीं दिया गया। यही वजह रही कि लोड पड़ने से पुल के दरबारगढ़ सिरे पर लगी एंकर पिन उखड़ गई और एक तरफ से कमजोर होकर पुल नदी में जा गिरा।







**एंकर पिन क्या होती है, इसका क्या काम है?**

किसी भी सस्पेंशन ब्रिज को थामने वाली केबल को दोनों किनारों पर बांधा जाता है। इसके लिए पुल के दोनों किनारों पर पक्के फाउंडेशन बनाकर उनमें लोहे के मजबूत हुक लगाए जाते हैं। ब्रिज की केबल इन्हीं हुक्स में कसी जाती है और जरूरत के मुताबिक इन्हें कसा या ढीला किया जा सकता है। यही हुक्स एंकर पिन या लंगर पिन कहलाते हैं।

**पुल के रखरखाव में कहां लापरवाही हुई?**

सस्पेंशन ब्रिज के रिनोवेशन का काम देवप्रकाश सॉल्यूशंस को दिया गया था। उसके जिम्मे पुल के स्ट्रक्चर को मजबूत रखने की जिम्मेदारी थी। उसने पुल की नींव यानी एंकर पिन को अनदेखा कर दिया। 143 साल पुराने ब्रिज के दोनों तरफ लगी चारों एंकर पिन कितनी मजबूत हैं और क्या उन्हें बदले जाने की जरूरत है, इस पर काम करने के बजाय पूरा पैसा ब्रिज की सजावट पर खर्च कर दिया गया।

**मोरबी पुल की एंकर पिन कितनी मजबूत थी?**

मोरबी पुल में लगी एंकर पिन की क्षमता 125 लोगों की थी, लेकिन रविवार को 350 से ज्यादा लोगों को एक साथ पुल पर जाने दिया गया। ठेकेदार और अफसरों को यह ध्यान ही नहीं था कि पुल 143 साल पुराना है। उसकी एंकर पिन इतना बोझ संभालने में सक्षम नहीं थीं। नतीजा यह हुआ कि लोगों का बोझ पड़ने से ऐसी ही एक पिन टूट गई और लोग नीचे जा गिरे।

गुजरात के मोरबी में रविवार को सस्पेंशन ब्रिज हादसे में कई परिवार बर्बाद हो गए। शाम करीब साढ़े छह बजे मच्छू नदी पर बना 143 साल पुराना ब्रिज अचानक टूट गया। करीब 500 लोग नदी में जा गिरे। बचाओ-बचाओ की पुकार और चारों तरफ अफरा-तफरी। कुछ लोग तैरकर बाहर आ गए। कुछ ने दूसरों को निकाला भी। कई लोग टूटे ब्रिज पर जिंदगी और मौत के बीच झूल रहे थे। कुछ लाशें लेकर अस्पताल की ओर दौड़ रहे थे। किसी ने औलाद खो दी, किसी ने जीवन साथी। किसी की कोख में ही उसकी औलाद की कब्र बन गई। किसी के अपने उसकी आंखों के आगे डूब गए। कहीं मासूम परिवार में अकेला बचा, तो किसी के घर से एक साथ कई अर्थियां उठीं, एक शख्स ने 8 महीने की गर्भवती की लाश देखी और फिर उसकी आंखें ये दहलाने वाला दृश्य भूल नहीं पाईं। इस भयानक हादसे ने मोरबी के लोगों की फिर से एक दर्दनाक घटना की याद दिला दी थी। यह हादसा मच्छू नदी के डैम टूटने से हुआ था। आइए जानते हैं कि किस तरह 11 अगस्त 1979 को यह पूरा शहर किस तरह श्मशान में तब्दील हो गया था।

# भूत बनने का डरावना शौक

## सियोल में 151 लोगों की जान ली, भारत में भी तेजी से बढ़ा प्रेत आत्मा वाला खेल

एक्सक्लूसिव डेस्क, 1 नवंबर। 29 अक्टूबर यानी शनिवार को दक्षिण कोरिया की राजधानी सियोल में रात के 8 बजे थे। लाखों लोग इटावोन इलाके की एक पतली गली में भूत-पिशाच बने नजर आ रहे थे। 17 साल की किम सियो-जोंग भी अपनी दोस्त के साथ यहां आई थीं।

किम सियो-जोंग भारी भीड़ को देखकर घर लौटने के लिए सोच ही रही थी कि अचनाक भगदड़ मच गई। जोंग तो किसी तरह बचकर घर पहुंच गई, लेकिन सभी लोग इतने खुशनशीब नहीं थे। यहां 151 लोगों की मौत हुई, जबकि 2,000 लोगों के गायब होने की खबर है। भूतों-पिशाचों वाली इसी हैलोवीन पार्टी के बारे में जानते हैं

**सबसे पहले जानते हैं कि हैलोवीन क्या है?**

हैलोवीन पश्चिमी देशों में मनाया जाने वाला ईसाइयों का त्योहार है। इस त्योहार में मृत आत्माओं की शांति के लिए भूत-पिशाचों की पूजा की जाती है।




इसे ऐसे समझें कि जिस तरह भारत में हिंदू समुदाय के लोग श्राद्ध के दौरान अपने पूर्वजों की आत्मा की शांति के लिए पूजा करते हैं। ठीक उसी तरह 31 अक्टूबर को ईसाई लोग भी ये त्योहार मनाते हैं।




इस त्योहार में लोग भूत बनने के लिए डरावनी और अजीबो-गरीब शक्ल बनाते हैं। देर रात तक लोग घरों से बाहर कहीं जमा होकर इसे सेलिब्रेट करते हैं।

बच्चे भूत की ड्रेस पहनकर अपने पड़ोसियों के घर जाते हैं। लोगों से पूछते हैं ट्रिक या ट्रीट? ट्रिक चुनने पर उसे डराया जाता है और ट्रीट चुनने पर ढेर सारी कैंडी और चॉकलेट बच्चों को उपहार में दी जाती है।

**अब ग्राफिक्स में पढ़िए भारत में मृत आत्माओं की शांति के लिए कौन से पर्व मनाए जाते हैं**

भारत में इस पर्व को लेकर कई कंट्रोवर्सी भी हैं। इन्हीं में से एक है- पॉप स्टार हेइडी क्लम के काली बनने पर मचा बवाल

हैलोवीन को सेलिब्रेट करने के लिए लोग अलग-अलग तरह के गेटअप लेते हैं, लेकिन कई बार अलग दिखने की होड़ में लोगों ने दूसरे कल्चर का अपमान भी किया है।

साल 2008 की बात है। हैलोवीन पार्टी में अमेरिकन पॉप स्टार हेइडी क्लम भारत में पूजी जाने वाली मां काली का रूप बनाकर सामने आई थी। उनका यह रूप काफी विवादों में रहा और उन पर हिंदुओं के अपमान करने का आरोप लगा।

हैलोवीन में पहने जाने वाले कपड़ों पर जापान, सऊदी अरब समेत कई दूसरे देशों के कल्चर के अपमान करने और उन्हें नीचा दिखाने का आरोप लग चुका है।

सऊदी अरब में इसी वजह से अब तक इस पर बैन था। साल 2018 में सऊदी पुलिस ने रेड कर कई लोगों को हैलोवीन पर्व सेलिब्रेट करने के आरोप में गिरफ्तार किया था। हालांकि, इस बार प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने वहां इस पर्व को मनाने की छूट दी है।

**अब दिल्ली और मुंबई में भी मनाया जाने लगा है हैलोवीन**

भारत में वैलेंटाइन डे और न्यू ईयर इवनिंग सेलिब्रेशन की तरह ही अब पश्चिमी देशों के पर्व हैलोवीन को भी मनाया जाने लगा है। दिल्ली और मुंबई जैसे शहरों के होटल और रेस्टोरेंट में लोग अक्टूबर के आखिरी दिन हैलोवीन पर्व को धूमधाम से मनाते हैं।

भारत में हैलोवीन सेलिब्रेट करने को लेकर सोशल मीडिया और दूसरे पर प्लेटफॉर्म पर भी बहस होती रहती है। इसे भारत में वेस्टर्न कल्चर की घुसपैठ के तौर पर देखा जाता है। भारत में हैलोवीन मनाने का कल्चर केवल इलीट और अपर मिडल क्लास तक सीमित है। हॉलीवुड की तरह अब बॉलीवुड सेलेब्रेटीज के बीच हैलोवीन सेलिब्रेट करने की होड़ है।

**प्रेत आत्माओं से बचने के लिए कद्दू को घर के बाहर लटकाते हैं लोग**

हैलोवीन पर्व को मनाने का तरीका दूसरे पर्वों से बिल्कुल अलग है। इस दिन लोग 'जैक ओ लैंटर्न' बनाते हैं। दरअसल, जब कद्दू को खोखला करके उसमें आंख, नाक और मुंह बनाकर इसके अंदर मोमबत्ती जलाते हैं, तो इसे ही 'जैक ओ लैंटर्न' कहते हैं। लोग अपने घरों के बाहर इसे पेड़ों पर लटका देते हैं। उनका मानना है कि ऐसा करने से प्रेत आत्मा दूर रहती है।

चलिए अब कंजूस और शैतान दोस्तों की कहानी के जरिए आपको हैलोवीन पर्व का कद्दू कनेक्शन बताते हैं

**2 हजार साल से भी पहले हुई इस पर्व की शुरुआत**

इस पर्व को सबसे पहले करीब 2 हजार साल पहले यूरोप के सेल्ट समुदाय के लोगों द्वारा मनाया गया था। शुरुआत में इस पर्व को 'समहिन' के नाम से जाना जाता था।

सेल्टिक लोग इस पर्व को मनाने के पीछे ये भी तर्क देते थे कि त्योहार के दिन खेती-किसानी सीजन का अंत होता है और साथ ही अंधेरी सर्दी की शुरुआत होती है।

इसी समय पूर्वजों की आत्मा अपने परिवार वालों से मिलने के लिए धरती पर आती हैं। ऐसे में ये लोग आत्माओं के स्वागत में अच्छे-अच्छे पकवान और फल खाने के टेबल पर सजाते थे। ताकि वे आत्माएं खुश होकर उनकी फसल की रक्षा करें।

**16वीं सदी में सेल्ट समुदाय के पर्व को नाम दिया गया 'हैलोवीन'**

13 मई 609 ईसा पूर्व यानी आज से 2600 साल पहले पोप बोनिफेस IV ने ईसाइ शहीदों के सम्मान में 'ऑल सेंट्स डे' की शुरुआत की थी।

9वीं शताब्दी आते-आते ईसाइयों का प्रभाव सेल्टिक समुदाय पर बढ़ने लगा। इसका असर ये हुआ कि सेल्टिकों का 'समहिन' त्योहार और 'ऑल सेंट्स डे' एक साथ मर्ज हो गए। तब इन लोगों ने 31 अक्टूबर की शाम को मनाए जाने वाले इस भूत पर्व को हेजोल ईवनिंग का नाम दिया।

करीब 1700 साल पहले 16वीं सदी में इस त्योहार को पहली बार 'हैलोवीन' के नाम से जाना गया।

**पश्चिमी देशों का लोकप्रिय त्योहार है हैलोवीन**

हैलोवीन त्योहार ज्यादातर पश्चिमी देशों में मनाए जाते हैं। आयरलैंड में शुरू होने के बाद इसकी लोकप्रियता तेजी से बढ़ी और देखते ही देखते इसे एक दर्जन से ज्यादा देशों में सेलिब्रेट किया जाने लगा।

# सीएम योगी के अल्टीमेटम पर एक्शन मोड में पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद, मुख्यालय पर छापा, दो इंजीनियर सस्पेंड, छह को नोटिस

लखनऊ, 1 नवंबर (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा 15 नवम्बर तक पूरे प्रदेश में अभियान चलाकर सभी सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के निर्देश दिए जाने के बाद पीडब्ल्यूडी मंत्री जितिन प्रसाद एक्शन मोड में हैं। मंगलवार को सुबह साढ़े 10 बजे के करीब वह अचानक पीडब्ल्यूडी मुख्यालय पहुंच गए। इस दौरान एचओडी को छोड़ कई अधिकारी-कर्मचारी गायब मिले। इस पर उनसे जवाब तलब किया गया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक लापरवाही के आरोप में बाराबंकी के दो इंजीनियरों को सस्पेंड कर दिया गया है। छह इंजीनियरों को नोटिस देकर स्पष्टीकरण भी मांगा गया है।

मंगलवार की सुबह-सुबह दफ्तर खुलने के समय के बाद पीडब्ल्यूडी मंत्री मुख्यायल पहुंचे तो वहां कई अधिकारी-कर्मचारी गायब मिले। पीडब्ल्यूडी मंत्री ने समय पर दफ्तर न पहुंचने वाले इंजीनियरों और अन्य कर्मचारियों-अधिकारियों के खिलाफ एक्शन लेने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रदेश में गड्ढा मुक्त की जा रही सड़कों के बारे में हर दिन की रिपोर्ट देने को कहा। इसके साथ ही एक कंट्रोल रूम स्थापित करने का भी निर्देश दिया। बता दें कि पीडब्ल्यूडी मंत्री इसके पहले प्रदेश करीब आधा दर्जन जिलों में स्थलीय निरीक्षण कर चुके हैं। इस दौरान कई खामियां मिलीं जिन पर पीडब्ल्यूडी मंत्री ने सख्त रुख अपना लिया है। उन्होंने बाराबंकी के दो इंजीनियरों के सस्पेंड करने के साथ ही छह अधिशासी अभियंताओं से स्पष्टीकरण मांगा है।

# सुरक्षाबलों ने मार गिराए 13 लाख रुपये के इनामी दो नक्सली

रायपुर, 1 नवंबर (एजेंसियां)। बस्तर के कांकेर जिले में सोमवार को एक मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने 13 लाख रुपये के इनामी दो नक्सलियों को मार गिराया। मारे गए कैडरों की पहचान सीपीआई (माओवादी) की उत्तर बस्तर डिवीजन कमेटी के सदस्य दर्शन पड्डा (32) और माओवादियों की एक्शन टीम के कमांडर जागेश सलाम (23) के रूप में की गई है। दर्शन पड्डा माओवादियों की परतापुर एरिया कमेटी का सचिव था।



**दोनों नक्सलियों के सर पर था इनाम**

कांकेर के पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा ने बताया कि नक्सली दर्शन पड्डा पर 8 लाख रुपये का इनाम था। पड्डा नक्सलियों का वरिष्ठ कैडर था और उत्तरी बस्तर में माओवादी हिंसा के लगभग 39 से 40 मामलों का आरोपी था। वहीं जागेश सलाम भी कई मामलों में वांछित था। जागेश सलाम पर 5 लाख रुपये का इनाम था।

मुठभेड़ सोमवार सुबह सिकसोद थाना अंतर्गत कदमे गांव के जंगल में हुई। पुलिस अधिकारी ने बताया- हमें सूचना मिली थी कि वरिष्ठ माओवादी कार्यकर्ता एक गांव में जमा हो रहे हैं। इसके बाद जिला रिजर्व गार्ड (डीआरजी) और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की दो टीमें नक्सल विरोधी इस अभियान में गईं। डीआरजी का गश्ती दल जब कदमे गांव के पास पहुंचा तो माओवादियों ने टीम पर गोलियां चला दीं।

# बस ने बाइक सवार पति-पत्नी को कुचला, महिला की मौत

पटना, 1 नवंबर (एजेंसियां)। बिहार के भागलपुर जिले में एक सड़क हादसे में महिला की दर्दनाक मौत हो गयी। घटना कजरैली थाना क्षेत्र का है जहां बाइक सवार पति-पत्नी को यात्री बस ने कुचल दिया।

महिला की मौत घटनास्थल पर ही हो गयी। वहीं इस घटना में बाइक चला रहे व्यक्ति की हालत गंभीर बनी हुई है। परिजनों में आक्रोश है और सड़क जाम कर दिया गया है। कजरैली के लक्ष्मीनिया पुल के समीप मंगलवार को बाइक सवार पति - पत्नी सड़क हादसे का शिकार बन गये। एक यात्री बस ने बाइक सवार को कुचल दिया। सड़क दुर्घटना में महिला की मौत हो गयी। जबकि घायल पति को अस्पताल ले जाया गया। वहीं घटना की जानकारी मिलने के बाद कजरैली थाने की पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक के परिजन सड़क पर जमा हो गये। घटना के बाद आक्रोशित परिजनों ने भागलपुर-अमरपुर मुख्य मार्ग को जाम कर दिया और घंटों प्रदर्शन किया। कजरैली पुलिस मौके पर पहुंची और आक्रोशित लोगों को शांत करवाने का प्रयास किया। लेकिन घंटो बीत जाने के बावजूद भी आक्रोशित परिजन शांत नहीं हुए।

# दिल्ली सरकार का बड़ा एक्शन

## बीजेपी मुख्यालय में सभागार बना रही एल एण्ड टी पर 5 लाख का जुर्माना

नई दिल्ली, 1 नवंबर (एजेंसियां)। दिल्ली सरकार में पर्यावरण मंत्री गोपाल राय द्वारा निरीक्षण के दौरान राजधानी में बन रहे बीजेपी दफ्तर के अंदर सभागार के निर्माण के दौरान कई खामियां पाई गईं हैं। इस कारण उन्होंने दफ्तर बना रही एल एण्ड टी कंपनी पर पांच लाख का जुर्माना लगाया है। अधिकारियों ने कहा कि मंत्री गोपाल राय ने दीन दयाल उपाध्याय मार्ग पर भाजपा मुख्यालय में तब चल रहा निर्माण कार्य देखा, जब वह भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के एक निर्माण स्थल का निरीक्षण कर लौट रहे थे।

गोपाल राय ने इस संबंध में पत्रकारों से बात करते हुए कहा, "कार्यकर्ताओं ने बताया कि निर्माण कार्य भाजपा के राष्ट्रीय मुख्यालय से संबंधित है। हमें अभी इसकी पुष्टि करनी है। यह सीएक्यूएम के आदेशों का पूर्ण उल्लंघन है। हमने निर्माण एजेंसी एल एण्ड टी पर 5 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।"



वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम- कमीशन फार एयर क्वालिटी मैनेजमेंट) दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण से निपटने के लिए 2021 में गठित एक आयोग है। सीएक्यूएम ने शनिवार को अधिकारियों को आवश्यक परियोजनाओं को छोड़कर, दिल्ली-एनसीआर में निर्माण और विध्वंस गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाने का निर्देश दिया था।

गोपाल राय ने ट्वीट कर कहा कि बीजेपी कार्यालय में निर्माण के दौरान भारी कमियां पाईं गई हैं। उन्होंने ट्वीट करते हुए लिखा, "एन्टी डस्ट कैम्पेन के तहत औचक निरीक्षण के दौरान भाजपा के निर्माणाधीन कार्यालय स्थल पर पाई गई भारी अनियमिताएं। दिल्ली में निर्माण कार्यों पर प्रतिबंध के बावजूद चल रहा था निर्माण कार्य। डीपीसीसी को निर्माण कार्य बंद करने एवं 5 लाख जुर्माना लगाने का निर्देश।"

बता दें कि दिल्ली में निर्माण प्रतिबंध राष्ट्रीय सुरक्षा, रक्षा, रेलवे और मेट्रो रेल सहित अन्य परियोजनाओं पर लागू नहीं होता है। लेकिन यह नोएडा, गाजियाबाद और गुरुग्राम सहित अन्य क्षेत्रों में आवास परियोजनाओं को प्रभावित करता है। खनन क्षेत्र को भी अनुमति नहीं दी गई है।

बता दें कि अगर दिल्ली में वायु प्रदुषण "सीवीयर प्लस" श्रेणी में पहुँच गया तो अगले चरण में दिल्ली में ट्रकों के प्रवेश पर प्रतिबंध जैसे कदम उठाये जा सकते हैं। इसके साथ ही सार्वजनिक, नगरपालिका और निजी कार्यालयों में 50 प्रतिशत कर्मचारियों को घर से काम करने की अनुमति देना अनिवार्य हो जायेगा। साथ ही ऑड या इवन भी लागू हो सकता है।

# टाइटैनिक से जुड़े तीन दशक पुराने रहस्य से उठा पर्दा

न्यूयॉर्क, 1 नवंबर (एजेंसियां)। टाइटैनिक को डूबे 100 हो गए हैं। हालांकि उससे जड़े कई रहस्य अब तक सामने नहीं आए हैं। अब एक 26 साल पुराने रहस्य से पर्दा उठा है। गोताखोरों को टाइटैनिक के मलबे के पास ही एक इकोसिस्टम मिला है। पहले सोनार की मदद से इसका पता लगाया गया। लगभग 30 साल पहले एक जानेमाने टाइटनिक गोताखोर पीएच नारजियोलेट को जहाज के मलबे के पास किसी चीज के बारे में पता चला था। हालांकि स्पष्ट नहीं हो पाया था कि यह क्या चीज है। वह इस बात को जानने की कोशिश करते रहे कि आखिर जो चीज उन्हें मिली है वह जहाज का ही कोई हिस्सा है या फिर कोई प्राकृतिक संरचना है। दो दशकों के अथक परिश्रम के बाद आखिर उन्हें पता चल ही गया कि वह चीज क्या है। 25 अक्टूबर को नारजियोलेट तैरकर वहां तक पहुंच गए। वहां एक ज्वालामुखी की चट्टान थी। इस खोज में लगे संगठन ओसियनगेट एक्सपेडिशन्स ने उस इलाके का फुटेज भी जारी किया। वहां पर स्पॉन्ज, कोरल और समुद्री जीव थे।




टाइटनिक के मलबे के पास ही पूरा इकोसिस्टम था। यहां बहुत सारे समुद्री जीव रहते हैं और ज्वालामुखी से बनी चट्टान भी लगभग 2900 मीटर की है। नारजियोलेट ने कहा कि उन्हें लगता नहीं था कि कभी इस चीज के बारे में जान पाएंगे। वह यही सोचते थे कि यह भी टाइटैनिक का ही कोई हिस्सा है। उन्होंने कहा, सोनार से पता लगने का बाद से ही हम उस चीज के बारे में जानना चाहते थे। यह एक बहुत अच्छी खोज है। जहाज तो अब समुद्र की गहराई में है। कनाडा के न्यूफाउंडलैंड से इसकी दूरी करीब 400 नॉटिकल माइल है। 15 अप्रैल 1912 को टाइटैनिक डूबा था। ओसियनगेट के चीफ साइंटिस्ट ने कहा कि इस चट्टान के बारे में पता चलने के बाद समुद्री जीवन के बारे में खोज को आगे बढ़ाया जा सकेगा।

# डरी हुई है राज्य की हेमंत सरकार, इसलिए दलीय आधार पर नहीं करा रही निकाय चुनाव: बाबूलाल मरांडी

गिरिडीह, 1 नवंबर (एजेंसियां)। भाजपा विधायक दल के नेता बाबूलाल मरांडी ने कहा कि राज्य की हेमंत सरकार डरी हुई है, इसलिए झारखंड में इस दलीय आधार पर निकाय चुनाव नहीं कराया जा रहा है। हेमंत सरकार को ये पता है कि दलगत चुनाव हुए तो भाजपा जीतेगी। हालांकि दलगत चुनाव नहीं भी है तो भाजपा के समर्थकों का निकाय चुनाव में जीतना तय है। उक्त बातें बाबूलाल ने भाजपा नेता सुरेश साव के शास्त्रीनगर स्थित आवास पर कही। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष महादेव दुबे, सुरेश साव, सुनील पासवान, राजेश जयसवाल समेत कई भाजपाई मौजूद थे।



बाबूलाल ने कहा कि हाल ही में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव हुए हैं। ये चुनाव दलगत नहीं थे, फिर भी इसमें 53 सीट भाजपा के समर्थक व सीधे भाजपा से जुड़े लोगों ने ही जीत हासिल की है। कहा कि राज्य की सरकार दलीय आधार पर निकाय चुनाव नहीं कराके खरीद-फरोख्त को बढ़ावा देना चाह रही है। कहा कि राज्य सरकार तीन साल से काम करने की जगह कमाने में लगी हुई है। सूबे के पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि हेमन्त राज में भ्रष्टाचार सिर चढ़कर बोल रहा है। कहा कि सूबे में बहुत जल्द ही हेमन्त सोरेन की सरकार गिरेगी और भाजपा की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि जब तक राज्य में भाजपा की सरकार नही बनेगी। तब तक विकास की बात करनी बेमानी होगी। उन्होंने कहा कि भारत के इतिहास में पहले मुख्य मंत्री हेमन्त सोरेन होंगे, जिन्होंने मुख्यमंत्री और खनन मंत्री रहते खुद अपने नाम से पत्थर का लीज लेने का काम किया है। उन्होंने कहा कि इस काली करतूत के कारण हेमन्त सोरेन को जेल जाना तय है। मरांडी सोमवार को छठ का प्रसाद खाने के लिए भाजपा नेता अशोक उपाध्याय के तिसरी स्थित आवास पर आए थे।



# 'पीएम मोदी- अमित शाह भाषण देकर भ्रमित कर रहे हैं'

## हिमाचल में बोले सचिन पायलट



जयपुर, 1 नवंबर (एजेंसियां)। राजस्थान के पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट ने आज हिमाचल प्रदेश में चुनावी प्रचार का आगाज किया है। पायलट ने आज कुटलैहड़ ऊना विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र भुट्टो के पक्ष में जनसभा को संबोधित किया। इस मौके पर पायलट ने बीजेपी पर जमकर निशाना साधा। पायलट ने कहा कि पीएम मोदी को हर चौथे दिन यहां आना पड़ता है, गृहमंत्री अमित शाह को हर चौथे दिन सभा करनी पड़ रही है। अगर डबल इंजन की सरकार ने काम किया होता, स्कूलें बनाई होती, सड़क बनाई होती, रोजगार दिया होता तो सरकार के काम पर जनता वोट डालती। नए-नए पोशाक पहनकर और भाषण देकर लोगों को भ्रमित करने का प्रयास किया जा रहा है। पायलट ने कहा कि बीजेपी के पैरों से सरकार खिसक रही है। कांग्रेस की सरकार बनने जा रही है। पायलट ने कहा कि सभी कांग्रेसी एकजुट है।

### बीजेपी सरकार ने हिमाचल में कोई काम नहीं किया

सचिन पायलट ने कहा कि 8 साल में हिमाचल में कोई काम नहीं किया है। 2014 के लोकसभा चुनाव में महंगाई को खत्म करने का वादा किया था, लेकिन सरकार बनने के बाद अब आजादी के 75 साल, अमृत महोत्सव का आयोजन कर रहे हैं। 8 साल में पीएम मोदी ने क्या किया, यह जनता जानना चाहती है। गैस का सिलेंडरर हजार रुपये से ज्यादा का हो गया। पेट्रोल और डीजल देशी घी से ज्यादा महंगा हो गया है। रोजगार के नाम पर युवकों को भ्रमित किया गया। पायलट ने कहा कि 45 साल में इतनी बेरोजगारी नहीं हुई। बीजेपी ने चुनाव जीतते समय जो वादें किए थे, उनकों पूरा नहीं किया।

### भावनाओं में बहकर वोट नहीं डालना चाहिए

सचिन पायलट ने कहा कि 130 साल पुरानी पार्टी ने देश को आजादी दिलाई। पहले पीएम जवाहर लाल नेहरू ने देश को आजादी दिलाई। सभी आजादी के नायक कांग्रेस पार्टी से निकलकर गए थे। इस मिट्टी के लिए सब कुछ दिया। इंदिरा गांधी ने पाकिस्तान के दो टुकड़े कर दिए थे। सचिन पायलट ने कहा कि चीन हमारी सड़क पर बैठक है। लगातार हमारी जमीन पर कब्जा करता जा रहा है। भावनाओं में वोट नहीं डालना चाहिए।

# मानगढ़ राष्ट्रीय स्मारक घोषित नहीं हुआ

## गहलोत बोले- गांधी के कारण आपका दुनिया में सम्मान

## मोदी बोले- आप सबसे सीनियर



जयपुर, 1 नवंबर (एजेंसियां)। पीएम नरेंद्र मोदी मंगलवार को 10 साल बाद करीब 1500 आदिवासियों की शहीद स्थली मानगढ़ धाम पहुंचे। मोदी ने कहा कि 1857 के स्वतंत्रता संग्राम से पहले आदिवासी समाज ने आजादी का बिगुल फूंका था। हम आदिवासी समाज के योगदानों के कर्जदार हैं। भारत के चरित्र को सहेजने वाला आदिवासी समाज ही है। हालांकि उन्होंने इसे राष्ट्रीय स्मारक बनाने की घोषणा नहीं की। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने शहीद स्मारक का दौरा कर आदिवासियों को श्रद्धांजलि दी।

मोदी ने कहा कि मानगढ़ धाम को भव्य बनाने की इच्छा सबकी है। मध्य प्रदेश, राजस्थान, गुजरात और महाराष्ट्र आपस में चर्चा कर एक विस्तृत प्लान तैयार करें और मानगढ़ धाम के विकास की रूपरेखा तैयार करें। चार राज्य और भारत सरकार मिलकर इसे नई ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। नाम भले ही राष्ट्रीय स्मारक दे देंगे या कोई और नाम दे देंगे।

कार्यक्रम में राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत की मौजूदगी की तारीफ करते हुए मोदी ने कहा कि सीएम के नाते हमने साथ-साथ काम किया। अशोक गहलोत हमारी जमात में सबसे सीनियर थे। अभी भी जो हम मंच पर बैठे हैं, उनमें अशोक गहलोत सबसे सीनियर सीएम हैं।

गहलोत ने कहा कि मानगढ़ धाम के इतिहास को स्वर्ण अक्षरों में लिखा गया है। हमने पीएम से अपील की है कि इसे राष्ट्रीय स्मारक बनाया जाए। आदिवासी समाज आजादी की जंग लड़ने के मामले में किसी से पीछे नहीं था। गहलोत ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी को दुनिया में सम्मान महात्मा गांधी के कारण मिलता है। हमारी अपील है कि मानगढ़ को राष्ट्रीय स्मारक घोषित करें।

सीएम गहलोत ने कहा कि राजस्थान की चिरंजीवी योजना को एग्जामिन कराएंगे तो यह पूरे देश में लागू हो सकती है। गहलोत ने कहा कि कुछ दिनों पहले आपने मानगढ़ को लेकर अलग-अलग प्रदेशों के बारे में जानकारी ली है। इसके मायने होते हैं। मैं उम्मीद करता हूं मानगढ़ को आप राष्ट्रीय स्मारक का दर्जा देंगे। गहलोत ने बांसवाड़ा को रेल मार्ग से जोड़ने की मांग भी की। सभा को संबोधित करते हुए सीएम शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि देश को आजादी चांदी की तश्तरी में रखकर नहीं मिली है। आदिवासियों के बलिदान को भुला दिया गया था, लेकिन मोदी सरकार ने उन्हें नमन करने का अभियान चलाया है। गुजरात के सीएम भूपेंद्र पटेल ने कहा कि 17 नवंबर 1913 का काला दिन कोई नहीं भूल सकता। आदिवासियों को विकास की मुख्य धारा में लाने का प्रयास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कर रहे हैं।

### तेलंगाना से लेकर जयपुर, सूरत से लेकर छत्तीसगढ़ तक मैसेज देने की तैयारी

यह कार्यक्रम इन तीनों राज्यों की 99 विधानसभा सीटों (आदिवासी बहुल) तक सिमटा हुआ रहने वाला है। मानगढ़ एक ऐसा स्थान है, जहां गुजरात, मध्य प्रदेश और राजस्थान की सीमाएं आकर मिलती हैं। इन राज्यों के आदिवासियों की यहां बहुत श्रद्धा है।

# प्यार में पागल युवती ने युवक पर डाला 5 लीटर तेजाब

## बोली- मेरा नहीं हुआ, तो किसी का नहीं होने दूंगी



जयपुर, 1 नवंबर (एजेंसियां)। किसी भी चीज की अति हमेशा से ही बुरी मानी जाती है. कहते हैं कि प्यार सिर्फ पाना नहीं होता है. अगर आप किसी को प्यार कतरते हुए तो उसके फैसले का सम्मान भी करना चाहिए. जरूरी नहीं कि आप जिसे पसंद करें, वह भी आपको पसंद ही करे. हाल ही में एक ऐसी रूह कंपाने वाली घटना सामने आई है, जिसमें प्रेमिका ने युवक के शादी प्रपोजल को मना करने पर उसे तेजाब से ही नहला दिया.वैसे आपने देखा होगा कि ज्यादातर केसेस में बेचारी लड़कियां तेजाब हमलों का शिकार होती हैं लेकिन हाल ही में हरियाणा के सोनीपत में हैरतंगेज मामला देखने को मिला है. यहां युवक के शादी से मनाही पर उसके प्यार में पागल युवती ने उसपर तेजाब उलट दिया. साथ ही यह भी कहा कि अगर तू मेरा नहीं हुआ तो किसी का भी नहीं होने दूंगी. जानकारी के अनुसार, तेजाब हमले के शिकार युवक का नाम श्याम सिंह है. उसकी उम्र 25 साल है. श्याम सिंह झज्जर जिले के बहादुरगढ़ का रहने वाला है. उसके मां-बाप नहीं हैं. वह सोनीपत के मयूर विहार में अपनी बुआ के घर रहता है. युवक की बुआ अनीता ने बताया कि श्याम एक कंपनी में काम करता है. श्याम की दोस्ती कुछ समय पहले दोस्ती सदर थाना गोहाना के गांव निवासी एक महिला से हुई थी. इसके बहाद महिला ने कहीं से श्याम का नंबर अरेंज कर लिया और हर रोज बातचीत करने लगी.

ज्यादा समय नहीं हुआ था कि एक दिन महिला अपनी मां के साथ श्याम की बुआ के घर रिश्ता लेकर आ गई. इस पर श्याम ने थोड़ा समय मांगा. उसी बीच श्याम को पता चला कि महिला की पहले से शादी हो चुकी है. वह पति से अलग रह रही है।

# कांग्रेस ने निकाली भारत जोड़ो पदयात्रा

## डोटासरा बोले- देश में नफरत फैलाई जा रही है



जयपुर, 1 नवंबर (एजेंसियां)। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के समर्थन में राजस्थान कांग्रेस के नेताओ ने ओटीएस स्थित सरदार पटेल की मूर्ति से इंदिरा गांधी सर्किल जेएलएन मार्ग तक पदयात्रा निकाली. रैली में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को भी शामिल होना था, लेकिन गुजरात की मोरबी घटना के चलते वे इस कार्यक्रम में शामिल नहीं हो पाए. ओटीएस से निकली यात्रा में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के साथ-साथ देश के 27 राज्यों के राष्ट्रीय युवा योजना से जुड़े स्वयंसेवकों और छात्र-छात्राओं ने भी हिस्सा लिया. इंदिरा गांधी सर्किल पर यात्रा संपन्न हुई और यहां सभा का आयोजन किया गया.

पीसीसी चीफ गोविन्द सिंह डोटासरा ने कहा कि राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा निकाल रहे हैं उसके समर्थन में प्रतीकात्मक यात्रा निकाली जा रही है. आज देश में माहौल खराब है. नफरत फैलाई जा रही है. संवैधानिक संस्थाओं पर चोट पहुंचाई जा रही है. वोट के लिए भाई को भाई से लड़ाया जा रहा है. नौजवान, किसान, महिला, बच्चे सभी को आवाज को दबाया जा रहा है.

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से बीजेपी और आरएसएस घबरा रहे हैं. इंदिरा गांधी ने गरीबी हटाओ का नारा दिया था और गरीबी को कम किया, मगर वापस गरीबी बढ़ती जा रही है. हर व्यक्ति डरा हुआ महसूस कर रहा है. उन्होंने गुजरात मे हुए हादसे को लेकर पीएम और गुजरात के सीएम को कटघरे में खड़ा किया. रैली में कैबिनेट मंत्री महेश जोशी, प्रताप सिंह खाचरियावास, आरसीए अध्यक्ष वैभव गहलोत सहित कई मंत्री, विधायक और कांग्रेस नेता शामिल हुए.

### राजस्थान में हर जगह निकलेंगे यात्राएं

कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा राजस्थान में दिसंबर में प्रवेश करेगी. इससे पहले राजस्थान में गांव कस्बों शहरों में भारत जोड़ो यात्रा की प्रतीकात्मक यात्राएं निकालेंगे. यात्राओं के जरिए लोगों में जन जागरण कर देश में वर्तमान हालात महंगाई बेरोजगारी जैसे मुद्दों को लेकर लोगों का समर्थन हासिल किया जाएगा. लोगों को बताया जाएगा कि राहुल गांधी इस उद्देश्य से लेकर यात्रा निकाल रहे हैं उसके साथ सभी लोग सभी लोग जुड़े।

# कांग्रेस एमएलए अवाना बोले-भाजपा से गुर्जर विधायक नहीं, नुकसान हुआ

## कहा- गुर्जर समाज से बीजेपी ने आठ टिकट दिए, सबको हरवा दिया,अब नुकसान समझ आया




जयपुर\भरतपुर, 1 नवंबर (एजेंसियां)। नदबई (भरतपुर) से कांग्रेस विधायक और देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष जोगिन्दर सिंह अवाना ने कहा है कि बीजेपी से गुर्जर समाज का एक भी विधायक नहीं जीतने का समाज को नुकसान हुआ है। गुर्जर समाज के बीजेपी के सभी उमीदवारों को हरा दिया। भरतपुर जिले के डीग क्षेत्र के पसोपा गांव में गुर्जर समाज समाज के कार्यक्रम में दिया हुआ जोगिन्दर अवाना का भाषण सियासी हलकों में चर्चा का विषय बना हुआ है। अवाना के बयान पर कांग्रेस समर्थक गुर्जर नेताओं ने कड़ी आपत्ति जताई है।

जोगिन्दर सिंह अवाना ने कहा- जितने सिर आप राजस्थान की विधानसभा में गिना लोगे, उतनी ही हमारे समाज की पूछ हो जाएगी। बीजेपी ने गुर्जर समाज के लोगों को आठ टिकट दिए थे, आपने सबको क्लीन बोल्ड कर दिया। मैं तो पता नहीं कैसे जीत गया। मेरा नसीब अच्छा था कि मैं जीत गया। गुर्जर समाज के बीजेपी के सारे उम्मीदवार हारे। राजस्थान मे कांग्रेस और बीजेपी दो मुख्य दल हैं और दोनों से हमेशा हमारे समाज के विधायक जीतते थे। पहली बार ऐसा हुआ है जब बीजेपी से हमारे समाज का एक भी विधायक नहीं जीता। इस जीतने का कारण मैं आपको बताता हूं। जो आठ लोग हमारे लूज कर गए, उसका नुकसान मैं अभी बता रहा हूं। मैं बहुजन समाज पार्टी से जीता और सात लोग हमारे कांग्रेस से जीते।

अवाना ने कहा- जैसे ही हमने विधायक की शपथ ली, उस वक्त कर्नल बैसला साहब का आंदोलन चल रहा था। कर्नल साहब समाज के आरक्षण की मांग को लेकर दोबारा पटरियों पर बैठ गए थे। मैं भी समाज के एक बड़े प्रोग्राम में गया हुआ था। वहां मैं लोगों को आश्वस्त करके आया कि आप सड़कों पर आवाज उठाइये। मैं विधानसभा में आवाज उठाउंगा। मैं पूरे समाज को आश्वस्त करके गया कि विधानसभा में समाज के आरक्षण की पुरजोर तरीके से मांग उठाउंगा।

उस प्रोग्राम में समाज के और भी कई विधायक बैठे हुए थे। सबने समाज को आश्वस्त किया कि हम पुरजोर तरीके से समाज के आरक्षण की मांग उठाएंगे। लेकिन दुर्भाग्य रहा कि विधानसभा में जब गुर्जर समाज की चर्चा चल रही थी, तब उस प्रोग्राम में जो गुर्जर विधायक घोषणा करके गए थे।

# एससी-एसटी के उद्यमियों को मिलेगा ब्याज अनुदान



जयपुर, 1 नवंबर (एजेंसियां)। सीएम अशोक गहलोत की बजट घोषणाओं के बेहतर क्रियान्वयन से आमजन लाभान्वित होने लगा है। इसी की एक बानगी उद्योग विभाग में संचालित डॉ. भीमराव अंबेडकर राजस्थान दलित, आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना 2022 है। उद्योग मंत्री शकुंतला रावत के निर्देशों के बाद राज्य के औद्योगिक विकास में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्गों की प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए विभाग में योजना का शुभारंभ कर दिया गया है।

उद्योग मंत्री शकुंतला रावत के अनुसार, इस योजना का उद्देश्य राज्य के गैर-कृषि क्षेत्रों (विनिर्माण, सेवा एवं व्यापार) के विकास में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति वर्गों की प्रभावी भागीदारी सुनिश्चित करना। उद्यमिता एवं दक्षता संवर्द्धन कार्यक्रमों के माध्यम से समाज के वंचित एवं कमजोर वर्गों में कौशल एवं उद्यमिता का विकास करना, लक्षित वर्गों की शिक्षित युवा पीढ़ी के लिए स्वरोजगार के अवसर सृजित कर शहरों की ओर हो रहे पलायन को रोकना, लक्षित वर्गों की आय में वृद्धि करते हुए उनके जीवन स्तर को उन्नत बनाना है।

इस योजना के अंतर्गत उद्यमियों को 25 लाख रुपये तक के ऋण पर नौ फीसद ब्याज अनुदान तथा पांच करोड़ रुपये तक के ऋण पर सात प्रतिशत ब्याज अनुदान के साथ ही 25 लाख रुपये तक की सीमा में प्रोजेक्ट लागत का 25 फीसद तक मार्जिन मनी का भी प्रावधान किया गया है, जिससे अनुसूचित जाति एवं जनजाति के निवेशक नए उद्योग लगाने और सेवा क्षेत्र में तथा व्यापार के लिए भी प्रेरित होंगे।

योजना के अंतर्गत डिक्की एवं सीआईआई के सहयोग से 100 करोड़ रुपये की लागत का इंक्यूबेशन सेन्टर स्थापित किया जाएगा।

# अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे राजस्थान के बीकानेर में पाक से आया गुब्बारा खेत में गिरा

जयपुर, 1 नवंबर (एजेंसियां)। अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे राजस्थान के बीकानेर जिले के दंतौर इलाके के एक खेत में पाकिस्तान की तरफ से आया गुब्बारा मिला है। पाकिस्तान विमान सेवा की ओर से हवा का रूख भांपने के लिए शायद यह गुब्बारा छोड़ा गया होगा। यह हवा में लहराता हुआ भारतीय सीमा में आ गया। बीकानेर जिले के 17 केएचएम गांव निवासी किसान राजू मांझू के खेत में यह गुब्बारा मंगलवार सुबह आकर गिरा था। गुब्बारे पर चांद और सितारे बने हुए हैं।इस गुब्बारे पर पाकिस्तान एयरलाइंस लिखा हुआ है। हालांकि गुब्बारे में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। पुलिस ने गुब्बारे को कब्जे में ले लिया है।

### गुब्बारे पर बने हुए चांद और सितारे

माना जा रहा है कि पाकिस्तान विमान सेवा की ओर से हवा का रूख भांपने के लिए शायद यह गुब्बारा छोड़ा गया होगा। यह हवा में लहराता हुआ भारतीय सीमा में आ गया। बीकानेर जिले के 17 केएचएम गांव निवासी किसान राजू मांझू के खेत में यह गुब्बारा मंगलवार सुबह आकर गिरा था। गुब्बारे पर चांद और सितारे बने हुए हैं।

# 23 साल की महिला की मौत

अलवर, 1 नवंबर (एजेंसियां)। अलवर शहर के एनईबी थाना क्षेत्र के 60 फुट रोड निवासी 24 साल की महिला की संदिग्ध मौत हो गई। पड़ौसियों ने महिला के ससुर को मंगलवार सुबह ही बहू की संदिग्ध मौत होने की सूचना दी। इसके बाद परिवार के लोग राजगढ़ के सकट से अलवर आए हैं। महिला का पिहर ठुमरेला गांव है। मृतक महिला के ससुर गिर्राज व सास ने बताय कि दीपावली पर सब राजीखुशी गांव गए थे।

# राजस्थानी प्रगति समाज का दीपावली सम्मेलन



हैदराबाद, 1 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। राजस्थानी समाज की प्राचीनतम संस्था राजस्थानी प्रगति समाज द्वारा प्रति वर्ष मनाया जाने वाला दीपावली सम्मेलन, आबिड्स रोड स्थित ताजमहल होटल के सभागृह में भव्य रूप से सम्पन्न हुआ ।

विशिष्ट अतिथियों के रूप में उपस्थित तेलंगाना प्रदेश के केन्द्रीय जीएसटी आयुक्त पी. देवराज आईआरएस, तेलंगाना प्रदेश बॉयो डायवर्सिटी बोर्ड के सचिव कालीचरण खरताड़े आईएएस, रंगा रेड्डी जिला के संयुक्त जिलाधीश प्रतीक जैन आईएएस, संयुक्त आयुक्त तेलंगाना प्रदेश केन्द्रीय जीएसटी शिवनारायण आईआरएस, लेबर विभाग में डिप्टी कमीश्नर श्यामसुन्दर जाजू के साथ प्रगति समाज के अध्यक्ष कमलनारायण अग्रवाल, मानद मंत्री गोविन्द राठी एवं सम्मेलन के संयोजक रमेश कुमार बंग द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ दीपावली सम्मेलन का शुभारंभ किया गया।

प्रगति समाज के अध्यक्ष कमलनारायण अग्रवाल ने अतिथियों एवं उपस्थित समाज बन्धुओं का स्वागत करते हुए कहा कि दीपावली आलोक का पर्व है, हर घर व डगर प्रकाशमान रहे कोई भी परिवार विकास की गति में पीछे न रहे, इसी उद्देश्य से प्रगति समाज कार्य कर रहा है। मानद मंत्री गोविन्द राठी ने संस्था की गतिविधियों की संक्षिप्त जानकारी देते हुए बताया कि प्रगति समाज द्वारा जन कल्याणकारी कार्यों की सर्वत्र सराहना होती है। कार्यक्रम के संयोजक रमेश कुमार बंग ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह वर्ष मंगलकारी, यशस्वी एवं समृद्धकारी हो। दक्षिण भारत में राजस्थान की सांस्कृतिक विरासत एवं सनातन परम्पराओं के प्रकाश में पर्वों के भीतर छिपे आस्था, प्रेम, पारिवारिक सौहार्द, सहिष्णुता एवम् समता के संदेश को जन-जन तक पहुँचाना ही राजस्थानी प्रगति समाज का लक्ष्य रहा है ।

विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित तेलंगाना के केन्द्रीय जीएसटी आयुक्त पी. देवराज ने प्रगति समाज की गतिविधियों की प्रशंसा करते हुए कहा कि राजस्थानी समाज उद्योग, व्यवसाय के माध्यम से देश की आर्थिक प्रगति में अपना योगदान दे रहा है।

तेलंगाना प्रदेश बॉयो डायवर्सिटी बोर्ड के सचिव कालिचरण खरताड़े ने कहा कि किसी भी समाज के विकास में मजबूत संगठन आवश्यक है। रंगा रेड्डी जिला के संयुक्त जिलाधीश प्रतीक जैन ने राजस्थानी समाज द्वारा राष्ट्र को आत्म निर्भर बनाने में अनुकरणीय योगदान को सराहा । संयुक्त आयुक्त तेलंगाना केन्द्रीय जीएसटी शिवनारायण एवं लेबर विभाग में डिप्टी कमीश्नर श्यामसुन्दर जाजू ने कहा कि सामाजिक एकजुटता का सही परिचय ऐसे विशाल आयोजने से मिलता है।

अवसर पर केन्द्रीय जासूसी प्रशिक्षण संस्थान में प्रशिक्षण हेतु सम्पूर्ण भारतवर्ष से पधारे पुलिस अधिकारियों निधी शर्मा, एस.ई. मारुति, डी.आर. रवि, अमितचन्द, एस. माथुर, शर्मिला, सुनीता भोसले, उदयभान सिंह, दीपक कुमार, अर्जुन कुमार, राहुल कुमार एवं अन्य को सम्मानित किया गया ।

# रात में राहत तो दिन में गर्मी का सितम

### आने वाले दिनों में बढ़ेगी सर्दी, बना चक्रवाती तंत्र

जयपुर , 1 नवंबर (एजेंसियां)। राजस्थान में बीते एक सप्ताह से लगातार मौसम में बदलाव देखने को मिल रहा है. रात के तापमान में जहां गिरावट के साथ ही लोगों को राहत मिल रही है. तो वहीं, सुबह और शाम की गुलाबी सर्दी लोगों को अब सर्दी का अहसास करवाने लगी है. तो वहीं दूसरी ओर अभी भी दिन में सूर्य की तपिश और गर्मी लोगों को सताती हुई नजर आ रही है. बीते 24 घंटों में जहां 11 डिग्री के साथ सीकर में सबसे कम तापमान दर्ज किया गया. तो वहीं, इस दौरान सिरोही में 38.4 डिग्री के साथ सबसे गर्म दिन दर्ज किया गया.

बीते 24 घंटों में प्रदेश में दिन और रात का तापमान मिला जुला दर्ज किया गया. इस दौरान कुछ जिलों में जहां तापमान में गिरावट से लोगों को गर्मी से हल्की राहत मिली. तो वहीं दर्जनभर जिलों में तापमान में हल्की बढ़ोतरी के साथ लोगों को गर्मी सताती हुई भी नजर आई. बीते 24 घंटों में जहां प्रदेश के अधिकतर जिलों में रात का तापमान 19 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया. तो वहीं, 8 जिलों में बीती रात का तापमान 14 डिग्री से नीचे दर्ज किया गया. हालांकि इस दौरान प्रदेश के अधिकतर जिलों में दिन का तापमान करीब 32 डिग्री के पार दर्ज किया गया.

# बिहार एसोसिएशन द्वारा छठ पर्व का सफल आयोजन

## सहयोग देने वालों के प्रति आभार जताया



हैदराबाद, 1 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। बिहार एसोसिएशन हैदराबाद द्वारा नगर के 25 घाटों पर छठ महापर्व का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। एसोसिएशन के महासचिव प्रभास कुमार ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि तेलंगाना राज्य सरकार एवं उनके अधिकारियों/ कर्मचारियों का अभूतपूर्व सहयोग रहा, जिसके लिए बिहार एसोसिएशन के अध्यक्ष श्री हरेराम सिंह, एवं उनके कार्यकारिणी मंडल सहित सभी सदस्यों की ओर से सरकार एवं अधिकारियों के प्रति हमारा आभार है और हम सभी आशा करते हैं कि भविष्य में भी हमें उनका सहयोग इसी तरह मिलता रहेगा। अध्यक्ष हरेराम सिंह एवं बिहार फाउंडेशन चैप्टर हैदराबाद के अध्यक्ष मानवेन्द्र मिश्रा ने अपने सभी सदस्यों एवं कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए बताया कि यह सभी साधुवाद के पात्र हैं।

संस्था के मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार यादव ने बताया की इन सभी में से एक हमारा मियांपुर छठ घाट भी था जिसका नेतृत्व नागेंद्र राव, अखिलेश सिंह, गणेश चौबे, एमके सिंह, विनोद राय, ऋषिराज, प्रेम शंकर सिंह, हेमेंद्र यादव इत्यादि कर रहे थे।

अध्यक्ष हरेराम सिंह ने कहा कि एसोसिएशन कार्यकारिणी मंडल अपने सभी सदस्यों, कार्यकर्ताओं का बहुत-बहुत धन्यवाद देता है, जिन्होंने अपने अथक परिश्रम से कार्यक्रम को सफल बनाया। संस्था उपाध्यक्ष, उत्तम यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्था कार्यकारिण मंडल सफल आयोजन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए संदेश प्रेषित किया है कि संस्था प्रतिनिधिमडल सामूहिक रूप से उन सभी का आभार व्यक्त करता है।

# अग्रणी वणी सारणी कार्यक्रम 5 को, हुई बैठक



हैदराबाद, 1 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। अग्रणी महिला मंच की अध्यक्ष सुमन भुवानिया ने उक्त जानकारी देते हुए कहा कि अग्रणी महिला मंच का अंतिम कार्यक्रम अग्रणी वणी सारणी कार्यक्रम 5 नवंबर, शनिवार को हिमायत नगर स्थित कार्यालय में हुई बैठक में सर्व सम्मति से करने का निर्णय लिया गया। अग्रणी महिला मंच 2023 की न्यू मेंबरशिप 1 नवंबर से 30 नवंबर तक महिलाओं के लिए खोला गया। अग्रणी वणी सारणी कार्यक्रम में कई प्रकार की प्रतियोगिता रखी गई हैं। महिलाओं से निवेदन है कि वे अधिक संख्या में आएं। बैठक में बबिता गर्ग, रितु गर्ग, वंदना पचरिया, चंचल अग्रवाल, स्मिता शाह, रितु गोयल, सोनिया गोयल, प्रीति गोयल, रूपा गुप्ता, रीता कनोडिया, निधि अग्रवाल, मीनाक्षी अग्रवाल, संगीता जजोदिया आदि उपस्थित थीं।

# खाण्डल विप्र समाज का दीपावली स्नेह मिलन सम्पन्न



हैदराबाद, 1 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। फिलखाना स्थित श्रृंग ऋषि भवन में खाण्डल विप्र समाज का दीपावली स्नेह मिलन व अन्नकूट प्रसाद आयोजित किया गया।

खाण्डल समाज के नव निर्वाचित अध्यक्ष श्रीनिवास रिणवा द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार श्री परसुराम भगवान की पुजा अर्चना के पश्चात विशेष रुप से पधारे मुख्य अतिथीगण विप्र फांउडेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हरीनारायण व्यास, विप्र फाउंडेशन दक्षिण जोन प्रभारी भगवान व्यास व तेलगाना प्रदेश जोन-16 के अध्यक्ष सागर द्विवेदी को समाज के अध्यक्ष श्रीनिवास रिणवा द्वारा सत्कार कर मंचासिन कराया गया।

विप्र फाउंडेशन के तीनों अतिथियों ने अपने अपने विचार समाज के सामने साझा करने के साथ ही अत्यधिक संख्या में विप्र फाउंडेशन से जुड़ने का आग्रह किया एवं हमारे आराध्य श्री राज राजेश्वर भगवान श्री परशुराम जी की 51 फुट की पंच धातु की मुर्ति विप्र फाउंडेशन द्वारा अरुणाचल प्रदेश में प्रतिष्ठित की जा रही है। उसमें हर समाज बन्धु आगे आकर सहयोग करें जिससे सम्पूर्ण विप्र समाज संगठित एवं गौरवान्वित महसूस करें। इस अवसर पर समाज के उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले समाज के मेघावी छात्र-छात्राओं का पुरष्करित कर अभिनन्दन किया गया।

समाज अध्यक्ष श्रीनिवास रिणवा द्वारा समाज की नुतन कार्यकारिणी का गठन कर सभी कार्यकारिणी सदस्यों को पद की शफथ ग्रहण करवाई गयी। कार्यक्रम का संचालन केशव रिणवा द्वारा किया गया। अन्त में उपस्थित सभी द्वारा सहभौज अन्नकूट प्रसाद ग्रहण करनें पश्चात आयोजन का समापन किया गया।

# मिधानी द्वारा 'व्यवस्थित सुधार' पुस्तिका विमोचित



हैदराबाद, 1 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। मिधानि के हैदराबाद, रोहतक तथा दिल्ली स्थिति कार्यालयों में एक साथ 31 अक्टूबर से 6 नवंबर 2022 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2022 मनाया जा रहा। सप्ताह का उदघाटन 31 अक्तूबर को किया गया। इस के अवसर पर निवारक सतर्कता के अंतर्गत मिधानि के सतर्कता विभाग द्वारा सुझाए गए प्रणालीगत सुधारों और मिधानि प्रबंधन द्वारा की गई कार्रवाई का संकलन एक पुस्तिका के रूप में में जारी किया गया। विज्ञप्ति के अनुसार, पुस्तक में व्यवस्थित सुधार के सुझावों को व्यापक कार्यात्मक क्षेत्रों जैसे कि क्रय, सिविल कार्य, भर्ती व पदोन्नति, मानव संसाधन, वित्त तथा सुरक्षा से संबंधित नीतियों से संबंधित सामग्री संकलित की गई है। पुस्तिका का सलकन डॉ. उपेंद्र वेन्नम, आईपीओएस, मुख्य सतर्कता अधिकारी, मिधानि के मार्गदर्शन किया गया जबकि उसका विमोचन डॉ. संजय कुमार झा, सी एंड एम डी, मिधानि के करकमलों संपन्न हुआ। कार्यक्रम में एन. गौरीशंकर राव, निदेशक (वित्त), टी. मुत्तुकुमार, निदेशक (उत्पादन एवं विपणन), ए. रामकृष्ण राव, महाप्रबंधक (मानव संसाधन), सुपार्थ सेन, महाप्रबंधक (योजना एवं समन्वय) एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# राजगढ़ नागरिक परिषद् का दीपावली स्नेह मिलन संपन्न




हैदराबाद, 1 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। राजगढ़ नागरिक परिषद् विगत 45 वर्षों से निरंतर दीपावली स्नेह मिलन और अन्य सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन करती आ रही है। इस वर्ष भी अत्यंत ही हर्षोल्लास वातावरण में राजगढ़ के प्रवासी परिवारों ने बंजारा हिल्स स्थित बल्यू बेसिल होटल में कार्यक्रम आयोजित किया। उपरोक्त जानकारी देते हुए संस्था के मंत्री जनार्दन सुरेका ने बताया कि शिल्पी गोयल व दीप्ति मरोदिया ने बड़ों व बच्चों के लिए विभिन्न मनोरंजन कार्यक्रमों के साथ ही साथ खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया व विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किये गये। सभी के लिए तम्बोला व लक्की ड्र का आयोजन भी किया गया। विजेताओं को चाँदी के सिक्के प्रदान किये गये। इस अवसर पर संस्था के सर्वसम्मति से दो वर्षों के लिए पदाधिकारियों का चयन किया गया, जिसमें अध्यक्ष चंपालाल बैद, उपाध्यक्ष अंजनी कुमार सरावगी, कोषाध्यक्ष सुधीर सरावगी, मंत्री रवींदर मरोदिया, सहमंत्री महेश शर्मा के नाम उल्लेखनीय हैं।

चयनित नूतन अध्यक्ष चंपालाल बैद ने सभी को आश्वासन दिया कि संस्था द्वारा विभिन्न सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन संस्था द्वारा किया जाएगा व प्रतिवर्षानुसार होली मिलन के अवसर पर भी हर्षोल्लास से कार्यक्रम निर्धारित किये जाएँगे। श्री बैद ने समय समय पर होने वाले कार्यक्रमों में सभी के सहयोग की अपील की। इस अवसर पर नंदलाल सरावगी, प्रह्लाद राय गोयल, महेंद्र कुमार शर्मा, प्रह्लाद राय शर्मा, ओमप्रकाश अग्रवाल, ओमप्रकाश मोहता, सुकेश शर्मा, सुरेश गदइया, अलका सुरेका, झँकार बैद, गायत्री देवी सरावगी आदि गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी उपस्थित से कार्यक्रम को गौरवान्वित किया। धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# फिट इंडिया फ्रीडम रन का आयोजन




हैदराबाद, 1 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। फिट इंडिया फ्रीडम रन 2020 में युवा मामले और खेल मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय महत्व के दो दिनों यानी स्वतंत्रता दिवस और गांधी जयंती को चिह्नित करने के लिए शुरू किया गया था। इस वर्ष केंद्र सरकार द्वारा 31 अक्तूबर को तक फ्रीडम रन आयोजित करने का आह्वान किया गया है। यह तिथि सतर्कता जागरूकता सप्ताह और राष्ट्रीय एकता दिवस की शुरुआत के साथ मेल खाती है। भारतीय जीवन बीमा निगम, अंचल कार्यालय, हैदराबाद ने इन समारोहों को चिह्नित करने के लिए एक स्वास्थ्य सैर का आयोजन किया। वॉक जोनल ऑफिस परिसर से शुरू हुई और तारा मंडल कांप्लेक्स, सचिवालय, एनटीआर गार्डन, पीवी नरसिम्हा राव स्टैच्यू और लुंबिनी पार्क से होकर गुजरी। मुक्कवल्ली जगन्नाथ, जोनल मैनेजर ने कर्मचारियों को अनुशासन के साथ काम करने और ग्राहकों को सबसे पहले रखने का आह्वान करते हुए संबोधित किया। तकनीकी सहायता पहलों के बावजूद, हमारी ग्राहक केंद्रित गतिविधियाँ ही हमें आगे ले जा सकती हैं और समाज की प्रगति में योगदान कर सकती हैं। एलके श्यामसुंदर, निदेशक, जेडटीसी, विद्यानंद झा, विनीत श्रीवास्तव, साईनाथ, के. मुरलीधर, के. केमुएल राज, क्षेत्रीय प्रबंधक और एम. चंद्रशेखर, क्षेत्रीय सतर्कता अधिकारी उपस्थित थे।

## अमीरपेट में अन्नकूट प्रसादी आज

हैदराबाद, 1 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। श्री बगीची अभय अंजानेयस्वामी ध्यान मंदिर, श्री बगीची हनुमान प्रंगाण श्री स्वामी विवेकानंद कम्युनिटी हाल, अमीरपेट में कल बुधवार 2 नवंबर को अन्नकूट प्रसादी आयोजित किया जाएगा। आज यहां श्री बगीची हनुमान के ट्रस्टी वरिष्ठ प्रबंधक ऐरावत सिंह राजपुरोहित ने बताया कि अपराह्न 2 बजे से सुन्दरकाण्ड परायण का सामूहिक पाठ, सायं 4:30 बजे से 6 बजे तक हनुमान, गणेश, गायत्री महामंत्र के साथ-साथ सायंकाल 6:45 बजे से सभी भक्तों के लिए अन्नकूट महाप्रसादी का वितरण प्रारंभ होगा।

उन्होंने सभी भक्त गणों-प्रेमियों को कार्यक्रम में सहपरिवार, ईष्ट मित्र बन्धुओं को निसंकोच भावना से भाग लेकर अन्नकूट महाप्रसादी का लाभ लेने का आग्रह किया है।

## श्री राम मंदिर अन्नकूट सेवा समिति का 25वां अन्नकूट आज

हैदराबाद, 1 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। श्री राम मंदिर अन्नकूट सेवा समिति द्वारा सिकंद्राबाद में कल बुधवार 2 नवंबर, को अन्नकूट प्रसाद का वितरण किया जाएगा। आज जारी यहाँ प्रेस विज्ञप्ति में बी.पी. सिंघल ने सभी भक्तों को सूचित करते हुए बताया प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 25वां अन्नकुट प्रसाद का आयोजन 2 नंवबर को सांयं 6 बजे से जारोस्ट्रीयन क्लब, एस.पी. रोड, आनंद थियेटर के सामने सिकन्द्राबाद में किया जा रहा है। अतः इस पावन अवसर पर आप सभी सपरिवार पधार का प्रसाद ग्रहण करें।

# भाकृअनुप-क्रिडा में सतर्कता जागरूकता सप्ताह शुरू





हैदराबाद, 1 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। भाकृअनुप-क्रिडा, हैदराबाद में "एक विकसित राष्ट्र के लिए भ्रष्टाचार मुक्त भारत विषय के साथ सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2022 शुरू हुआ। सतर्कता जागरूकता सप्ताह, भ्रष्टाचार के खतरों के बारे में जन जागरूकता बढ़ाने का एक उपकरण, हर साल उस सप्ताह के दौरान मनाया जाता है जिसमें सरदार वल्लभभाई पटेल (31 अक्टूबर) का जन्मदिन आता है। आईसीएआर-केंद्रीय शुष्क भूमि कृषि अनुसंधान संस्थान में 31 अक्टूबर से 6 नवंबर तक "एक विकसित राष्ट्र के लिए भ्रष्टाचार मुक्त भारत" विषय के साथ सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2022 मनाया जा रहा है। इस सप्ताह के दौरान संस्थान में विभिन्न गतिविधियां और कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा अनुशंसित के रूप में सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जाता है ताकि सभी हितधारकों को सामूहिक रूप से भ्रष्टाचार की रोकथाम और इसके खिलाफ लड़ाई में भाग लेने के लिए और अस्तित्व, कारणों और गंभीरता और खतरे के बारे में जन जागरूकता बढ़ाने के लिए एक साथ लाया जा सके। कार्यक्रम की शुरुआत 31 अक्टूबर 2022 को 1100 बजे भाकृअनुप-क्रिडा के सभी कर्मचारियों द्वारा सत्यनिष्ठा प्रतिज्ञा लेकर की गई। वैज्ञानिकों, तकनीकी, प्रशासनिक और सहायक वर्ग सहित सीआरआईडीए के सभी कर्मचारियों ने कोविड-19 रोकथाम दिशानिर्देशों का पालन करते हुए शपथ ली। हिंदी में सत्यनिष्ठा की शपथ डॉ. के. सम्मी रेड्डी, प्रभारी निदेशक, भाकृअनुप-क्रिडा द्वारा और अंग्रेजी में वी. शानू, प्रभारी सीएओ द्वारा प्रशासित किया गया था। डॉ. एम. श्रीनिवास राव, सतर्कता अधिकारी, भाकृअनुप सीआरआईडीए ने भ्रष्टाचार मुक्त समाज और भारत के निर्माण में जागरूकता बढ़ाने के लिए सतर्कता जागरूकता सप्ताह के पालन के महत्व पर जोर दिया और इस कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए स्टाफ सदस्यों को दोहराया।

# दीपावली स्नेह मिलन व भव्य अन्नकूट महाप्रसादी 6 को, की गई बैठक



हैदराबाद, 1 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। अग्रवाल समाज अत्तापुर शाखा (सेन्ट्रल) के तत्वावधान मे दीपावली के शुभ अवसर पर दीपावली स्नेह मिलन व भव्य अन्नकूट महाप्रसादी का आयोजन रविवार 6 नवम्बर 2022 को किया जा रहा है। अग्रवाल समाज अत्तापुर शाखा (सेन्ट्रल) द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में अध्यक्ष नवीनकुमार अग्रवाल, मंत्री विरेन्द्रकुमार अग्रवाल ने बताया कि केन्द्रीय समिति सदस्य मुकेश अग्रवाल एवं ललीत अग्रवाल की उपस्थित मे एक बैठक किया गया, जिसमें दीपावली स्नेह मिलन एवं भव्य अन्नकूट के आयोजन करने का निर्णय लिया गया। बैठक मे अध्यक्ष नवीनकुमार अग्रवाल, मंत्री विरेन्द्रकुमार अग्रवाल, केन्द्रीय समिति सदस्य मुकेश अग्रवाल एवं ललीत अग्रवाल तथा प्रशांत गुप्ता, चंद्रप्रकाश केडीया, गोपाल अग्रवाल, विनय अग्रवाल, विनोद पित्ती, सुरेश बंसल, संतोष उपस्थित थे। मंत्री विरेन्द्र अग्रवाल ने कहा कि संस्था के गठन के पश्चात समाज द्वारा दीपावली स्नेह मिलन एवं भव्य अन्नकुट का रविवार 6 नवम्बर को दोपहर 12 बजे से श्री प्राचीन गणेश मंदिर पिल्लर नं 102 से कारवान रोड पर आयोजन किया जा रहा है। प्रथम गणपति पूजन, श्री अग्रसेन महाराज की आरती, भजन आदि के पश्चात भव्य अन्नकुट का आयोजन रखा गया है। विख्यात जोडी अभिषेक दायमा व रमाकांत ओझा पधारेंगे व भजन प्रस्तुत करेंगे।



शेरिलिंगमपल्ली में नलगंदला बिहारी एसोसिएशन द्वारा आयोजित छठ पूजा में भाग लेते हुए शेरिलिंगमपल्ली विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रभारी गज्जला योगानंद व अन्य। कार्यक्रम में माणिक लाला, सुमन झा, अतुल सिंह, प्रभात कुमार आदि ने भाग लिया।



गोपाष्टमी पर तुप्रान स्थित श्री शिव मंदिर में नूतन गौशाला के शुभारंभ पर उपस्थित समाजसेवी नानजीभाई पटेल, जसमत पअेल, आरके जैन, परमज्ञानानंद स्वामी, मेघना जैन व अन्य।

# राष्ट्रीय एकता दिवस एकता दौड़ आयोजित




हैदराबाद, 1 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर राष्ट्रीय एकता दिवस (राष्ट्रीय एकता दिवस) के रूप में एनटीपीसी-दक्षिणी क्षेत्र मुख्यालय (एसआरएचक्यू), हैदराबाद में यूनिटी रन एंड एडमिनिस्ट्रेशन ऑफ प्लेज के आयोजन के साथ मनाई गई। इस अवसर पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह (31 अक्टूबर से 6 नवंबर, 2022) की शुरुआत भी हुई। जागरूकता पैदा करने के लिए, एनटीपीसी-एसआरएचक्यू ने सुबह में यूनिटी रन और सतर्कता जागरूकता सप्ताह दोनों का आयोजन किया, जिसमें कर्मचारियों और सहयोगियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।

बाद में नरेश आनंद और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने सभी कर्मचारियों को हिंदी और अंग्रेजी में "राष्ट्रीय एकता दिवस प्रतिज्ञा" और "ईमानदारी प्रतिज्ञा" दिलाई। इस अवसर पर मणिकांत, महाप्रबंधक (मानव संसाधन) ने राष्ट्रीय एकता दिवस और सतर्कता जागरूकता सप्ताह के महत्व पर बात की। सतर्कता जागरूकता सप्ताह के दौरान कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों के साथ-साथ आसपास के स्कूलों के छात्रों के लिए निबंध लेखन और स्लोगन प्रतियोगिताओं जैसे कार्यक्रमों की योजना बनाई जाती है। सप्ताह भर चलने वाले समारोहों के दौरान निवारक सतर्कता कार्यशाला और विक्रेता बैठक (ऑनलाइन) की भी योजना बनाई गई है।



अमीरपेट बालाजी भवन में राजपुरोहित जाणुंदा परिवार द्वारा आयोजित दीपावली स्नेह मिलन कार्यक्रम में भजन कीर्तन, सम्मान समारोह का लाभ लेते हुए आयोजक विजय सिंह राजपुरोहित, समाज बंधु व अन्य।



प्रसिद्ध गौप्रेमी स्व. स्वामी स्वयं भगवानदासजी को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए पशुपालन विभाग के निदेशक डॉ. एस. रामचंद्र, जसराज श्रीश्रीमाल, कुमारी व अन्य।



गोपाष्टमी के अवसर पर लाअर टैंकबंड स्थित गौशाला में गोपूजन करते हुए कमलनारायण अग्रवाल, गोविंद राठी व अन्य। इस अवसर पर अन्नकूट का भी आयोजन किया गया।

# इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को 20 रन से हराया

## आखिरी ओवर में कीवी टीम को बनाने थे 26 रन, 5 ही बन पाए

नई दिल्ली, 1 नवंबर (एजेंसियां)। इंग्लैंड ने टी-20 वर्ल्ड कप के सुपर-12 ग्रुप-1 मुकाबले में न्यूजीलैंड को 20 रन से हरा दिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड ने 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 179 रन बनाए। कप्तान जोस बटलर ने सबसे ज्यादा 73 रन की पारी खेली।

जवाब में न्यूजीलैंड की टीम 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 159 रन ही बना सकी। उनकी तरफ से ग्लेन फिलिप्स ने सबसे ज्यादा 62 रन बनाए। इंग्लैंड की ओर से क्रिस वोक्स और सैम करन ने दो-दो विकेट लिए। मार्क वुड और बेन स्टोक्स को 1-1 सफलता मिली।

इंग्लैंड की इस जीत से ग्रुप-1 का समीकरण काफी रोचक हो गया है। अब न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड तीनों के चार-चार मैचों से पांच-पांच पॉइंट हो गए हैं।



न्यूजीलैंड की शुरुआत खराब रही। 8 के स्कोर पर क्रिस वोक्स ने डेवॉन कॉन्वे को विकेट के पीछे जोस बटलर के हाथों कैच करा दिया। फिन एलन भी बड़ी बारी नहीं खेल सके और 11 गेंद पर 16 रन बनाकर सैम करन को विकेट दे बैठे।

कप्तान केन विलियमसन तीसरे विकेट के रूप में बेन स्टोक्स की बॉल पर आउट हुए। उन्होंने 40 गेंदों पर 40 रन बनाए। मार्क वुड की शॉर्ट पिच बाउंसर को जिमी नीशम डीप मिड-विकेट पर खड़े सैम करन के हाथों में दे बैठे। उन्होंने 3 बॉल पर 6 रन बनाए। क्रिस वोक्स की स्लोअर बॉल को डेरिल मिचेल (3) लॉन्ग ऑन पर खड़े क्रिस जॉर्डन के हाथों में थमा बैठे।

न्यूजीलैंड के लिए सबसे बड़ी उम्मीद ग्लेन फिलिप्स थे। उन्होंने 25 गेंद पर हाफ सेंचुरी जरूर जमाई, लेकिन इसके बाद कुछ खास नहीं कर सके। फिलिप्स 36 गेंद पर 62 रन बनाकर सैम करन का शिकार बने।

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए इंग्लैंड ने कप्तान जोस बटलर (73 ) और एलेक्स हेल्स (52) की हाफ सेंचुरी के दम पर 20 ओवर में 6 विकेट खोकर 179 रन बनाए। कीवी टीम की ओर से लॉकी फर्ग्युसन ने दो विकेट लिए।

यह मुकाबला सेमीफाइनल की रेस के हिसाब से काफी अहम था। इसमें जीत हासिल करने वाली टीम की अंतिम चार में पहुंचने की संभावना ज्यादा है।

की स्पोर्ट्समैन स्पिरिट

पारवरप्ले का आखिरी ओवर मिचेल सेंटनर कर रहे थे। चौथी बॉल उन्होंने शॉर्ट ऑफ गुड लेंथ डाली। बटलर ने इसे बैकफुट पर 30-यार्ड सर्कल से ऊपर खेलने की कोशिश की। लेकिन, वे मिसटाइम कर बैठे। कवर पर खड़े केन विलियमसन ने डाइव लगाकर कैच पकड़ लिया।

बटलर पवेलियन लौट रहे थे। तभी विलियमसन ने ग्राउंड अंपायर से कैच को थर्ड अंपायर से चेक कराने के लिए कहा। रिप्ले में नजर आया कि डाइव मारने के दौरान बॉल विलियमसन के हाथों से नीचे गिर गई थी। इस कारण बटलर नॉट आउट रहे। जोस बटलर इंग्लैंड के लिए 100वां टी-20 इंटरनेशनल खेल रहे थे। दोनों ही टीमों ने प्लेइंग-11 में कोई बदलाव नहीं किया।

### मैच ब्रीफ

T20 WORLD CUP

इंग्लैंड | न्यूजीलैंड

टीम स्कोर

| इंग्लैंड | | न्यूजीलैंड | |
|---|---|---|---|
| 179/6 | ओवर (20) | 159/6 | ओवर (20) |
| बैटर | बॉलर | बैटर | बॉलर |
| जोस बटलर 73 (47) | लॉकी फर्ग्युसन 2/45 | ग्लेन फिलिप्स 62 (36) | सैम करन 2/26 |
| एलेक्स हेल्स 52 (40) | ईश सोढ़ी 1/23 | केन विलियमसन 40 (40) | क्रिस वोक्स 2/33 |

इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को 20 रन से हराया

ऐसे गिरे इंग्लैंड के विकेट




11वें ओवर की दूसरी बॉल पर मिचेल सेंटनर ने एलेक्स हेल्स को पवेलियन भेजा। सेंटनर की वाइड बॉल को हेल्स आगे बढ़कर खेलना चाह रहे थे। वो गेंद को मिस कर गए और विकेटकीपर ने उन्हें स्टंप्स आउट कर दिया। उन्होंने 40 बॉल पर 52 रन बनाए।

14वें ओवर की पहली बॉल ईश सोढी ने शॉर्ट पिच डाली। मोईन अली इसे लॉन्ग ऑन के ऊपर से मारने गए। लेकिन, गेंद बल्ले के ऊपरी हिस्से पर लगकर बाउंड्री पर खड़े फील्डर के हाथों में चली गई। अली ने 6 बॉल में 5 रन बनाए।

18वें ओवर की चौथी गेंद पर फर्ग्युसन ने लियाम लिविंगस्टन को बोल्ड कर दिया। लिविंगस्टन ने 14 गेंद पर 20 रन बनाए।

19वें ओवर की दूसरी गेंद पर टिम साउदी ने हैरी ब्रुक को एलन के हाथों कैच करा दिया। ब्रुक ने 7 गेंद पर 8 रन बनाए।

19वें ओवर की चौथी गेंद पर जोस बटलर रन आउट हो गए। बटलर ने 47 गेंदों पर 73 रन बनाए।

20वें ओवर की पांचवीं गेंद पर फर्ग्युसन ने बेन स्टोक्स को एलबीडब्ल्यू आउट कर दिया। स्टोक्स ने 7 गेंद पर 8 रन बनाए।

ये थीं दोनों टीमों की प्लेइंग-11...

इंग्लैंड : जोस बटलर, एलेक्स हेल्स, डेविड मलान, बेन स्टोक्स, हैरी ब्रूक, मोईन अली, लियाम लिविंगस्टोन, सैम करन, क्रिस वोक्स, आदिल रशीद और मार्क वुड।

## डेवाल्ड ब्रेविस रिकॉर्ड

### क्रिस गेल के क्लब में शामिल हुए 19 साल के बेबी एबी, दक्षिण अफ्रीका के डेवाल्ड ब्रेविस ने 57 गेंद में 162 रन ठोक रचा इतिहास



नई दिल्ली, 1 नवंबर (एजेंसियां)। दक्षिण अफ्रीका के अंडर-19 बल्लेबाज डेवाल्ड ब्रेविस ने मंगलवार एक नवंबर 2022 को टी20 इतिहास का तीसरा सबसे बड़ा स्कोर बनाया। उन्होंने क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका टी20 चैलेंज में नाइट्स के खिलाफ टाइटंस की ओर से खेलते हुए सिर्फ 57 गेंद में 284.21 के स्ट्राइक रेट से 162 रन बनाए। उनकी पारी में 13 चौके और 13 छक्के शामिल थे।

जोहानिसबर्ग में 29 अप्रैल 2003 को जन्में डेवाल्ड ब्रेविस क्रिस गेल के क्लब में भी शामिल हुए। टी20 क्रिकेट में सर्वोच्च स्कोर का रिकॉर्ड वेस्टइंडीज के दिग्गज क्रिस गेल के नाम है। उन्होंने इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के लिए खेलते हुए पुणे वॉरियर्स इंडिया के खिलाफ 66 गेंदों में नाबाद 175 रन बनाए थे। क्रिस गेल के बाद ऑस्ट्रेलियाई कप्तान एरोन फिंच का नंबर आता है। उन्होंने 76 गेंद में 172 रनों की पारी खेली। इसके बाद जिम्बाब्वे के बल्लेबाज हैमिल्टन मसाकाद्जा हैं। उन्होंने घरेलू टी20 प्रतियोगिता में माउंटेनियर्स की ओर से माशोनलैंड ईगल्स के खिलाफ 71 गेंद में नाबाद 162 रन बनाए थे। चौथे नंबर पर अफगानिस्तान के सलामी बल्लेबाज हजरतुल्लाह जजाई हैं। उन्होंने आयरलैंड के खिलाफ मैच में 62 गेंद में 162 रन बनाए थे। अब इस क्लब में डेवाल्ड ब्रेविस भी शामिल हो गए हैं। डेवाल्ड ब्रेविस ने टी20 क्रिकेट में सबसे तेज 150 रन पूरे करने का रिकॉर्ड अपने नाम किया। बेबी एबी के नाम से मशहूर डेवाल्ड ब्रेविस टी20 क्रिकेट में एक पारी में 150 या उससे ज्यादा रन बनाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी हैं।

## मिस्टर आईपीएल की लीग में वापसी

### सुरेश रैना फिर मचाएंगे क्रिकेट के मैदान पर धूम

नई दिल्ली, 1 नवंबर (एजेंसियां)। भारत के पूर्व बल्लेबाज सुरेश रैना एक बार फिर से क्रिकेट के मैदान पर धूम मचाने को तैयार हैं। हाल ही में आईपीएल और डोमेस्टिक क्रिकेट से भी रिटायरमेंट की घोषणा के बाद मिस्टर आईपीएल ने एक बार फिर से फील्ड पर लौटने का फैसला किया है। 15 अगस्त 2020 को एमएस धोनी के साथ ही इंटरनेशनल क्रिकेट को अलविदा कहने वाले सुरेश रैना एक बार फिर से ताबड़तोड़ क्रिकेट में जलवा बिखेरने को तैयार हैं। बुधवार को सामने आई जानकारी से सुरेश रैना के फैंस एक बार फिर से खुश हो सकते हैं।

दरअसल अबु धाबी टी10 लीग में पहली बार सुरेश रैना को खरीदा गया है। टूर्नामेंट के छठे सीजन में मिस्टर आईपीएल जलवा बिखेरने को तैयार हैं। हाल ही में इंडिया लीजेंड्स के लिए रोड सेफ्टी वर्ल्ड लीग में सुरेश रैना को शानदार फील्डिंग और बल्लेबाजी




करते हुए देखा गया था। अब वह 23 नवंबर से शुरू होने वाली अबु धाबी टी10 लीग में पहली बार खेलते नजर आएंगे। आप सोच रहे होंगे कि किस टीम ने उनके ऊपर दांव लगाया है, तो आपको बता दें कि डिफेंडिंग चैंपियन डेक्कन ग्लैडिएटर्स की टीम ने सुरेश रैना को अपने साथ जोड़ा है।

स्टार क्रिकेटर्स की फौज में शामिल हुआ भारतीय सितारा

अबु धाबी टी10 लीग के ऑफिशियल ट्विटर पेज पर इसकी जानकारी दी गई। पोस्ट में लिखा गया कि, वर्ल्ड कप विनर सुरेश रैना को डेक्कन ग्लैडिएटर्स ने अपने साथ जोड़ लिया है। वह पहली बार अबु धाबी टी10 लीग में नजर आएंगे और भारत के स्टार व्हाइट बॉल क्रिकेटर को यहां देखने के लिए अब और इंतजार नहीं कर सकते। रैना इस टीम में आंद्रे रसेल, निकोलस पूरन, जेसन रॉय, ओडियन स्मिथ और तस्कीन अहमद जैसे कई स्टार खिलाड़ियों के साथ खेलते नजर आएंगे।

सुरेश रैना के करियर पर अगर नजर डालें तो वह भारत के लिए तीनों फॉर्मेट में शतक लगाने वाले खिलाड़ियों की खास लिस्ट में शामिल हैं। उनके नाम 226 वनडे मैचों की 194 पारियों में 5615 रन दर्ज हैं जिसमें 5 शतक और 36 अर्धशतक शामिल हैं। इसके अलावा भारत के लिए रैना ने 78 टी20 इंटरनेशनल में भी 1604 रन बनाए हैं जिसमें एक शतक और पांच अर्धशतक शामिल हैं। उन्होंने 18 टेस्ट मैचों में भी टीम इंडिया का प्रतिनिधित्व किया है और 31 पारियों में 768 रन बनाए हैं।

## श्रीलंका से हारा अफगानिस्तान

### धनंजय की फिफ्टी; ग्रुप-1 में श्रीलंका तीसरे नंबर पर पहुंची, सेमीफाइनल की दौड़ में बरकरार



नई दिल्ली, 1 नवंबर (एजेंसियां)। टी-20 वर्ल्ड कप में मंगलवार को खेले गए एक मैच में श्रीलंका ने अफगानिस्तान को 6 विकेट से हरा दिया। इसके साथ ही अफगानिस्तान सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर होने वाली पहली टीम बन गई है। श्रीलंका की यह दूसरी जीत है। 145 का टारगेट चेज कर रही श्रीलंका ने 18.3 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। इससे पहले अफगानिस्तान ने 8 विकेट खोकर 144 रन बनाए थे।

इस जीत के साथ ही श्रीलंका के 4 मैचों में 4 पॉइंट हो गए हैं और वह पॉइंट टेबल में तीसरे नंबर पर बरकरार है। श्रीलंका के सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीद अभी बाकी है। हालांकि, उसकी उम्मीदें न्यूजीलैंड और इंग्लैंड के मैच पर भी टिकी हुई हैं। अगर न्यूजीलैंड जीत जाती है, तो इसका फायदा श्रीलंका को मिलेगा। वहीं इंग्लैंड के जीतने पर उसे सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए नेट रनरेट की तरफ देखना पड़ेगा। साथ ही ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मैच हर हाल में जीतना होगा।



श्रीलंका को शुरुआती झटके के बाद मिली मजबूत शुरुआत

श्रीलंका का पहला विकेट दूसरे ओवर की आखिरी गेंद पर ही गिर गया था। पावर प्ले खत्म होने के बाद श्रीलंका का स्कोर एक विकेट के नुकसान पर 28 रन था। उसके बाद धनंजय डी सिल्वा और चरित असलंका ने तीसरे विकेट के लिए 34 गेंदों पर 54 रनों की साझेदारी की। टीम को 46 से 100 रन तक पहुंचा दिया। यहां से श्रीलंका की जीत भी पक्की हो गई।

अफगानिस्तानी गेंदबाज शुरुआती बढ़त लेने के बाद श्रीलंकाई बल्लेबाजों के सामने असहाय नजर आए। मुजीब उर रहमान ने दूसरे ओवर की आखिरी गेंद पर पंथुम निसांका का विकेट 12 रन पर लेकर अफगानिस्तान को पहला विकेट दिलाया। इसके बाद आठवें ओवर की 5वीं गेंद पर राशिद खान ने कुसल मेंडिस को आउट कर दिया। हालांकि, इसके बाद अफगानिस्तान के बॉलर्स ज्यादा कुछ नहीं कर सके। यहां से चरित असलंका और धनंजय डी सिल्वा ने शानदार पार्टनशिप की। असलंका 100 रन के स्कोर पर आउट हुए।

दोनों टीमों में बदलाव थे

अफगान टीम में चोटिल अजमतुल्लाह ओमारजई की जगह गुलबदीन नायब को शामिल किया गया था। श्रीलंकाई टीम ने चमिका करूणारत्ने की जगह प्रमोद मदुशन को जगह दी थी।

मुजीब उर रहमान ने दसरे ओवर की आखिरी गेंद गुड लैंथ फेंकी। पथुम निसांका इसे समझ नहीं पाए और गेंद ऑफ स्टंप लगी। निसांका ने 10 गेंद पर 2 चौके की मदद से 10 रन बनाए।

### मैच ब्रीफ

T20 WORLD CUP

अफगानिस्तान | श्रीलंका

टीम स्कोर

| अफगानिस्तान | | श्रीलंका | |
|---|---|---|---|
| 144/8 | ओवर (20) | 148/4 | ओवर (19) |
| बैटर | बॉलर | बैटर | बॉलर |
| रहमानुल्लाह गुरबाज 28 (24) | वानिंदु हसरंगा 3/13 | धनंजय डी सिल्वा 66* (42) | राशिद खान 2/31 |
| उस्मान गनी 27 (27) | लाहिरू कुमारा 2/30 | कुसल मेंडिस 25 (27) | मुजीब उर रहमान 2/24 |

श्रीलंका ने अफगानिस्तान को 6 विकेट से हराया

राशिद खान की फुलर लेंथ बॉल को कुसल मेंडिस ने स्वीप करने की कोशिश की। टॉप एज पर लगा और विकेटकीपर गुरबाज ने आसान कैच पकड़ लिया। मेंडिस ने 27 बॉल पर 25 रन बनाए। इसमें दो चौके और एक छक्का शामिल था।

राशिद की फुलर लेंथ बॉल को चरिथ असालंका लॉन्ग ऑन के ऊपर से मारने गए। स्ट्रोक मिसटाइम हुआ और चरिथ कैच आउट हो गए। उन्होंने एक चौके की मदद से 18 बॉल पर 19 रन बनाए।

लाहिरु कुमार ने 7वें ओवर की पहली गेंद गुड लेंथ फेंकी, जिसे गुरबाज सीधे गेंदबाज के सिर से ऊपर निकालना चाह रहे थे। वह गेंद को समझ नहीं पाए और गेंद बैट और पैड के बीच से निकलकर मिडिल स्टंप पर जा लगी। गुरबाज ने 24 गेंद पर 28 रन बनाए।

वानिंदु हसरंगा ने 11वें ओवर की दूसरी बॉल शॉर्ट ऑफ लेंथ फेंकी। गनी ने पुल करने की कोशिश की। गेंद सीधे डीप मिडविकेट पर खड़े फील्डर दासुन शनाका के हाथों में पहुंची। गनी ने 27 गेंदों पर 27 रन बनाए।

13वें ओवर की दूसरी गेंद लाहिरु कुमार ने 135 की रफ्तार से फुलर लैंथ गेंद फेंकी। जदरान ने इसे मिड ऑफ की ओर खेल दिया। स्ट्रोक मिसटाइम हुआ और सीधा भानुका राजपक्षे के सुरक्षित हाथों में पहुंच गया। इब्राहिम जदरान ने 18 गेंदों पर 22 रन बनाए। इसमें एक चौका और 1 छक्का था।

धनंजय की गेंद को नजीबुल्लाह ने लॉन्ग ऑफ की तरफ खेलना चाहा, लेकिन चूक गए। डीप मिड विकेट पर खड़े हसरंगा के हाथों में ये आसान कैच आ गया। नजीबुल्लाह ने 16 गेंदों पर 18 रन बनाए और 1 चौका जमाया।

महेश तीक्षणा ने 18वें ओवर की दूसरी गेंद मोहम्मद नबी को थी। उन्होंने मिड विकेट की ओर खेल दिया। एक रन आसानी से ले लिया। दूसरे रन के लिए के नबी और गुलबदीन के बीच तालमेल का अभाव दिखा। गुलबदीन स्ट्राइकर एंड पर वापस जाने लगे और उनके हाथ से बल्ला भी छूट गया। विकेटकीपर ने बेल्स हटा दीं। गुलबदीन ने 14 गेंदों पर 12 रन बनाए।

19वें ओवर की 5वीं गेंद कसुन रजिता ने 130 की रफ्तार से ऑफ स्टंप के बाहर गेंद फेंकी। मोहम्मद नबी ने कवर के ऊपर से खेलने की कोशिश की। गेंद बल्ले पर ठीक से नहीं आई और सीधे फील्डर दासुन शनाका के हाथों में चली गई।

## लोकेश राहुल को फिर मिलेगा मौका

### कोच द्रविड़ बोले- वो ऑस्ट्रेलिया के हालात से वाकिफ, हमें उन पर भरोसा; बांग्लादेश के खिलाफ खेलेंगे

नई दिल्ली, 1 नवंबर (एजेंसियां)। टीम इंडिया के ओपनर लोकेश राहुल के लिए मौजूदा टी-20 वर्ल्ड कप अब तक फीका रहा है। राहुल को लगातार मौके दिए जाने को लेकर टीम मैनेजमेंट भी आलोचकों का निशाना बन रहा है। कई लोगों का कहना है कि अगर राहुल फॉर्म में नहीं हैं तो उनकी जगह ऋषभ पंत को बतौर ओपनर इस्तेमाल क्यों नहीं किया जा रहा।


केएल राहुल एक शानदार प्लेयर है। ऑस्ट्रेलिया में उनका ट्रैक रिकॉर्ड अच्छा रहा है। हम उनकी क्षमता को प्रैक्टिस मैच के दौरान देख ही चुके हैं। - राहुल द्रविड़

दूसरी तरफ, टीम मैनेजमेंट राहुल का बचाव कर रहा है। हेड कोच राहुल द्रविड़ ने राहुल पर भरोसा जताया और उनका बचाव किया।

द्रविड़ ने साफ कहा- राहुल आगे भी खेलेंगे।

राहुल ऑस्ट्रेलिया की कंडीशन्स के हिसाब से बिल्कुल सही

लोकेश राहुल पर उठ रहे सवालों पर द्रविड़ ने कहा- मुझे लगता है कि राहुल एक शानदार प्लेयर हैं। उनका ट्रैक रिकॉर्ड अच्छा रहा है। मेरी राय में वो अच्छी बैटिंग कर रहे हैं। यह चीजें टी-20 क्रिकेट में आम हैं। ओपनिंग करना हमेशा से मुश्किल रहा है। यह आसान नहीं।

कोच ने आगे कहा- यह टूर्नामेंट किसी के लिए आसान नहीं रहा। हम राहुल की काबिलियत जानते हैं और कई बार देख चुके हैं। वो ऑलराउंड प्लेयर हैं और ऑस्ट्रेलिया के हालात को बहुत बेहतर तरीके से समझते हैं। उम्मीद है वो आने वाले मैचों में अच्छा प्रदर्शन करेंगे।

राहुल को टीम का सपोर्ट


द्रविड़ ने आगे कहा- हम अक्सर खिलाड़ियों से बातचीत करते रहते हैं। हमारे रिलेशन बेहतर हुए हैं और राहुल जानते हैं कि टीम उन्हें सपोर्ट करती है। टीम मैनेजमेंट और प्लेयर्स के बीच क्लैरिटी है। उनके करियर में ऐसा कठिन समय पहले भी आया है और उन्होंने हमेशा कमबैक किया है। कप्तान रोहित को भी अपने प्लेयर्स पर पूरा भरोसा है। हम जानते हैं कि राहुल कितनी अटैकिंग बैटिंग कर सकते हैं।

वॉर्म-अप मैचों के बाद बिगड़ी लय

सुपर-12 स्टेज के तीनों ही मैचों में लोकेश राहुल कुछ खास नहीं कर सके। हालांकि, वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ प्रैक्टिस मैच और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वॉर्म-अप मैच में उन्होंने दो हाफ सेंचुरी लगाईं थीं। वेस्टर्न ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 54 बॉल पर 74 रन की पारी खेली थी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 57 रन बनाए थे।

## टी20 वर्ल्ड कप 2022

### 'भारत और न्यूजीलैंड के बीच होगा फाइनल', दिग्गज क्रिकेटर ने की भविष्यवाणी



नई दिल्ली , 1 नवंबर (एजेंसियां)। टी20 वर्ल्ड कप 2022 का सुपर 12 राउंड रोमांचक मोड़ पर पहुंच चुका है। चाहें ग्रुप 1 की बात करें या ग्रुप 2 की दोनों में ही काफी उठा-पटक देखने को मिल रही है। भारतीय टीम की बात करें तो पाकिस्तान और नीदरलैंड को हराकर सफर की शानदार शुरुआत करने के बाद टीम साउथ अफ्रीका के खिलाफ डगमगा गई। प्रोटियाज ने मेन इन ब्लू को 5 विकेट से मात दी। अब बारिश समेत कई अटकलें लगाई जा रही हैं जिसके बाद टीम इंडिया के सेमीफाइनल के सफर पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं। लेकिन एक दिग्गज क्रिकेटर का यह मानना नहीं है। उन्हें लगता है कि फाइनल भारत और न्यूजीलैंड के बीच होगा। हम बात कर रहे हैं भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व कप्तान मिताली राज की, जिन्होंने भविष्यवाणी की है कि ऑस्ट्रेलिया में चल रहे टी-20 विश्वकप का फाइनल भारत और न्यूजीलैंड के बीच खेला जाएगा। महिला क्रिकेट की इस दिग्गज खिलाड़ी ने इसके साथ ही कहा कि, सेमीफाइनल में साउथ अफ्रीका तथा इंग्लैंड और डिफेंडिंग चैंपियन ऑस्ट्रेलिया में से कोई एक टीम पहुंचेगी। आपको बता दें मौजूदा टैली में न्यूजीलैंड ग्रुप 1 में टॉप पर है, वहीं ग्रुप 2 में साउथ अफ्रीका की टीम पहले स्थान पर है। सेमीफाइनल मुकाबले ग्रुप 1 की टॉप और ग्रुप 2 की दूसरी टीम व ग्रुप 2 की टॉप और ग्रुप 1 की दूसरी टीम के बीच होंगे।

## मैच से पहले ही हार मान बैठे शाकिब

### बांग्लादेश के कप्तान बोले- भारत वर्ल्ड कप फेवरेट, हमारे पास खोने को कुछ नहीं

नई दिल्ली, 1 नवंबर (एजेंसियां)। आज भारत के खिलाफ होने वाले अहम मैच के पहले बांग्लादेश के कप्तान शाकिब अल हसन का बयान टीम का मनोबल गिरा सकता है। शाकिब के मुताबिक- इस टी-20 वर्ल्ड कप में टीम इंडिया फेवरेट विनर है। वो यहां ट्रॉफी जीतने आई है। जहां तक बांग्लादेश टीम का सवाल है तो उसके पास खोने के लिए कुछ नहीं है।

भारत और बांग्लादेश के बीच ग्रुप-2 का यह मुकाबला एडिलेड में खेला जाएगा। भारतीय समय के अनुसार मैच दोपहर 1.30 बजे शुरू होगा।

भारत से मुकाबले के पहले प्रेस कॉन्फ्रेंस में शाकिब ने कहा- मुझे लगता है कि टीम इंडिया इस वर्ल्ड कप की फेवरेट है, लेकिन हम उलटफेर करना चाहेंगे। मैंने अपनी टीम से कहा है कि वो यह


इस वर्ल्ड कप में कोई टीम भारत के खिलाफ 160 स्कोर भी नहीं बना सकी। टीम इंडिया के पास कई वर्ल्ड क्लास प्लेयर हैं। - शाकिब अल हसन

सोचकर मैदान पर उतरें कि उनके पास खोने के लिए कुछ नहीं है। मुझे लगता है कि बांग्लादेश यहां वर्ल्ड कप जीतने नहीं आई।

एक सवाल पर शाकिब ने कहा- अब हमें भारत और पाकिस्तान के खिलाफ खेलना है। अगर एक भी जीतते हैं तो यह सामने वाली टीम के लिए अपसेट होगा। कागज पर दोनों ही टीमें हमसे बेहतर नजर आती हैं। अगर हम उस दिन अच्छा खेले तो जीतना भी मुश्किल नहीं होगा। आखिर, आयरलैंड ने इंग्लैंड और जिम्बाब्वे ने भी तो पाकिस्तान को हराया है। हम भी ऐसा कर सकते हैं।

टीम इंडिया के बारे में बांग्लादेश के कप्तान ने कहा- भारत तो फेवरेट टीम है और वो यहां ट्रॉफी जीतने आए हैं। हम फेवरेट नहीं हैं और न यहां वर्ल्ड कप जीतने आए हैं। हां, ये जरूर है कि अगर हम टीम इंडिया को हरा देते हैं तो ये उनके लिए बहुत बड़ा अपसेट होगा। लिहाजा, हमारी टीम बुधवार को अपना बेस्ट क्रिकेट खेलेगी।

शाकिब की बात आंकड़ों के लिहाज से भी साबित होती है। टी-20 में भारत ने बांग्लादेश को 10 बार शिकस्त दी है।

# मुनुगोडु उपचुनाव : टीआरएस व भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच झड़प

## भाजपा के इटेला व तेरास एमएलए के काफिले पर हमले का आरोप

हैदराबाद, 1 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। नलगोंडा जिले के मुनुगोडु उपचुनाव के चुनाव प्रचार के आखिरी दिन टीआरएस व भाजपा कार्यकर्ताओं के बीच झड़प हो गई।

टीआरएस व भाजपा ने एक दूसरे का काफिले पर हमले का आरोप लगाया। हमले के दौरान भले ही मुनुगोडु उपचुनाव अभियान बिना किसी रोक-टोक के चला, लेकिन अभियान के अंतिम दिन मंगलवार को राजनीतिक दलों के बीच तनाव दिखाई दिया। पुलिस ने कड़ी मशक्कत कर हल्का बल प्रयोग कर स्थिति को नियंत्रित किया। मुनुगोडे निर्वाचन क्षेत्र के पालीवेला में मंगलवार दोपहर भाजपा नेता और हुजूराबाद के विधायक इटेला राजेंद्र के काफिले पर कथित तौर पर टीआरएस कार्यकर्ताओं ने हमला किया। हालांकि, हमले के जवाब में बीजेपी कैडर ने फौरन हमला कर दिया। मुनुगोड़े उपचुनाव प्रचार के आखिरी दिन जमकर हंगामा हुआ। काफिले के पलीवेला पहुंचने पर कथित तौर पर टीआरएस कार्यकर्ताओं ने उन पर हमला किया।

काफिले का पीछा कर भाजपा कार्यकर्ताओं पर हमला किया गया। इस दौरान दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर लाठियों और पत्थरों से हमला करना शुरू कर दिया। बीच-बचाव करने पर पुलिस ने दोनों पक्षों को अलग कर दिया। हमले के दौरान काफिले के कई वाहनों के शीशे टूट गए। इस दौरान एक सुरक्षाकर्मी के घायल होने की खबर है। इसी क्रम में सत्तारूढ़ टीआरएस पार्टी नरसमपेट के विधायक पी. सुदर्शन रेड्डी और जेडपी अध्यक्ष जगदीश के काफिले पर विपक्षी भाजपा कैडर ने हमला किया। उन्होंने कारों पर पथराव किया और दोनों नेताओं व कई अन्य लोगों के हमले में घायल होने की बात कही गई है। घटना मुनुगोड़े मंडल के पालीवेला में भाजपा विधायक इटेला राजेंदर की कार पर हुए हमले के जवाब में बताई जा रही है।

कारें बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गईं और टीआरएस नेताओं को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल ले जाया गया। पथराव में हुजूराबाद विधायक के कई सहयोगी भी घायल हो गए। टीआरएस और भाजपा कार्यकर्ताओं ने कई जगहों पर एक-दूसरे पर लाठियों से हमला किया और हिंसक भीड़ को तितर-बितर करने के लिए पुलिस बल बुलाने के बाद तनाव व्याप्त हो गया। टीआरएस कार्यकर्ताओं ने हंगामा किया और भाजपा उम्मीदवार कोमटिरेड्डी राजगोपाल के प्रचार वैन में तोड़फोड़ शुरू कर दी।







### उपचुनाव में चुनाव आचार संहिता का खुलेआम उल्लंघन : चुघ

**भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव ने ईसीआई से जांच की मांग**

हैदराबाद, 1 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने आज कहा कि केसीआर सरकार मुनुगोड़े विधानसभा सीट के उपचुनाव से पहले आदर्श आचार संहिता का खुलेआम उल्लंघन कर रही है। भारत के चुनाव आयोग को एक शिकायत में, चुघ ने सीएम केसीआर सरकार उपचुनाव में लोकतंत्र की आवाज दबा रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा नेताओं के टेलीफोन टेप किए जा रहे हैं, जो मुख्य रूप से निर्वाचन क्षेत्र में काम कर रहे हैं। यह अत्यधिक अवैध है और यह एक गंभीर अपराध भी है और यहां यह बताने की जरूरत नहीं है कि कानून के तहत किसी के टेलीफोन को टेप करने की अनुमति नहीं है। सत्तारूढ़ टीआरएस पार्टी द्वारा कानूनी प्रक्रिया का दुरुपयोग है। इसके अलावा, जबकि भाजपा के खिलाफ इंजीनियरिंग दलबदल के लिए फर्जी आरोप लगाए गए हैं क्योंकि केसीआर सरकार द्वारा कोई ठोस सबूत नहीं दिया गया है। यह भाजपा को बदनाम करने और मतदाताओं को गुमराह करने का एक ज़बरदस्त प्रयास है। इसके अलावा, कुछ नेताओं के बैंकिंग विवरण फर्जी बैंकिंग विवरण थे और किसी तीसरे पक्ष द्वारा बैंकिंग विवरण प्राप्त करने की कोशिश कर रहे थे और इसके अलावा यह देखा गया है कि टीआरएस पार्टी के नेता खुले तौर पर कह रहे हैं कि वे कुछ व्यक्तियों के बैंकिंग लेनदेन की जांच कर रहे हैं। चुघ ने चुनाव आयोग को सूचित किया कि टीआरएस पार्टी कई मोबाइल मनी ट्रांसफर एप्लिकेशन के माध्यम से सीधे मतदाताओं को राशि हस्तांतरित कर रही है और यहां यह उल्लेख करना उचित है कि इसी तरह के तौर-तरीकों को टीआरएस पार्टी ने पिछले चुनावों में अपनाया था। चुघ ने मांग की कि केसीआर के कदाचार की निष्पक्ष जांच की जाए और दोषी लोगों को सजा दी जाए।

### टीआरएस ने की भाजपा नेताओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग

हैदराबाद, 1 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। तेलंगाना राष्ट्र समिति ने मंगलवार को भारतीय चुनाव आयोग के पास एक शिकायत दर्ज कराई, जिसमें मुनुगोडु विधानसभा क्षेत्र के पालीवेला गांव में पार्टी कार्यकर्ताओं पर हमला करने वाले भाजपा के हमलावरों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की गई।

रैतु बंधु समिति के प्रदेश अध्यक्ष और एमएलसी पल्ला राजेश्वर रेड्डी द्वारा लिखित रिटर्निंग ऑफिसर को लिखे पत्र में टीआरएस नेता ने कहा कि विधायक इटेला राजेंद्र के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामाराव के रोड शो में शामिल होने जा रहे टीआरएस कार्यकर्ताओं पर पालीवेला गांव में पार्टी कार्यकर्ताओं पर पथराव किया था। टीआरएस एमएलसी ने मांग की कि भाजपा प्रचारक इटेला राजेंदर, इटेला जमुना और अन्य के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए, जो टीआरएस कार्यकर्ताओं के खिलाफ हमले में शामिल हैं और कोमटीरेड्डी राजगोपाल रेड्डी की उम्मीदवारी को 3 नवंबर को होने वाले उपचुनाव से अयोग्य घोषित किया जाना चाहिए।

## राज्यपाल ने राज्य स्थापना दिवस पर पोट्टी श्रीरामुलु को श्रद्धांजलि अर्पित की

विजयवाड़ा, 1 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। आंध्र प्रदेश के राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन ने मंगलवार को राजभवन के दरबार हॉल में आयोजित एक कार्यक्रम में आंध्र प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर अमरजीवी पोट्टी श्रीरामुलु के चित्र पर फूल चढ़ाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

इस अवसर पर बोलते हुए, राज्यपाल हरिचंदन ने कहा कि आंध्र क्षेत्र के कई नेता देश के स्वतंत्रता आंदोलन में सबसे आगे थे और उन्होंने अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई में निर्णायक भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि आंध्र क्षेत्र के लोगों की भाषाई आधार पर एक अलग राज्य की मांग अमराजीवी पोट्टी श्रीरामुलु द्वारा किए गए सर्वोच्च बलिदान के बाद तीव्र हो गई, जिन्होंने 15 दिसंबर, 1952 को 56 दिनों तक आमरण अनशन करने के बाद अंतिम सांस ली। 19 दिसंबर 1952 को तत्कालीन प्रधान मंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू द्वारा आंध्र राज्य के गठन पर, भाषाई आधार पर देश में गठित होने वाला पहला राज्य बनने की घोषणा के साथ, तेलुगु भाषी लोगों के लिए एक अलग राज्य एक वास्तविकता बन गया।

इस अवसर पर आरपी सिसोदिया, राज्यपाल के विशेष मुख्य सचिव सूर्यप्रकाश, संयुक्त सचिव एवं राजभवन के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

स्वतंत्र वार्ता
Email :
svaarttha2006@gmail.com
svaarttha@rediffmail.com
svaarttha2006@yahoo.com
Epaper :
epaper.swatantravaartha.com
For Advertisement :
swadds1@gmail.com

## सीआई ने बीमार व्यक्ति को वित्तीय सहायता प्रदान की

कोठागुडेम, 1 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। येलंदु के पुलिस निरीक्षक बनोत राजू ने एक बीमार निजी कर्मचारी को आर्थिक सहायता प्रदान की। सीआई को येलंदु शहर के चेरुवु कट्टा इलाके के कोरिवी सागर के खराब स्वास्थ्य के बारे में एक सामाजिक कार्यकर्ता शैक सलीम से पता चला।

पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को कार्यकर्ता के आवास पर जाकर चिकित्सा व्यय के रूप में 5000 रुपये की राशि सौंपी और उन्होंने लोगों से सागर की यथासंभव मदद करने की अपील की। सलीम ने बताया कि वेल्डर का काम करने वाले सागर लीवर की बीमारी से पीड़ित है।

उनका इलाज खम्मम के आरोग्य अस्पताल में चल रहा है। वह अब तक इलाज पर 3 लाख रुपये से ज्यादा खर्च कर चुका था और उसे इलाज के लिए और पैसे की जरूरत है। सागर की पत्नी श्रीलता ने उनके परिवार की मदद करने की अपील की, क्योंकि वे इलाज का खर्च उठाने में असमर्थ है।

## एपी उच्च न्यायालय ने अमरावती के किसानों को राहत दी

### वाईएस जगन सरकार को बड़ा झटका

विजयवाड़ा, 1 नवंबर (स्वतंत्र वार्ता)। अमरावती को एकमात्र राजधानी बनाने की मांग करने वाले किसानों की पदयात्रा को रोकने के लिए आंध्र प्रदेश उच्च न्यायालय में राज्य सरकार की याचिका को अस्वीकार कर दिया गया था। अदालत ने फैसला सुनाया कि किसान तुरंत पदयात्रा शुरू कर सकते हैं। दिशानिर्देशों के अनुसार, केवल पहचान पत्र रखने वाले व्यक्तियों को ही यात्रा में भाग लेने की अनुमति है।

मंगलवार को, उच्च न्यायालय ने फैसला सुनाया कि वह यात्रा के संबंध में अपने पहले के फैसले को तब तक संशोधित नहीं करेगा जब तक कि वह सरकार और किसानों द्वारा लाए गए अपीलों को नहीं सुनता। अदालत ने फैसला सुनाया कि यात्रा अपने पिछले पदयात्रा से संबंधित आदेशों के अनुरूप योजना के अनुसार होनी चाहिए। अदालत ने आगे फैसला सुनाया कि यात्रा में केवल उन किसानों को ही शामिल होना चाहिए जिनके पास पहचान पत्र हैं। इसने पुलिस को यात्रा में भाग लेने वाले किसानों को जल्द से जल्द पहचान पत्र उपलब्ध कराने का भी निर्देश दिया।

इसमें कहा गया है कि जो कोई भी पदयात्रा का समर्थन करता है, वह किसी भी तरह से अपना समर्थन व्यक्त करने के लिए स्वतंत्र है।

अदालत ने पुलिस को यह भी निर्देश दिया कि अगर वे यात्रा में भाग लेने वाले किसानों के अदालत के आदेश की अवहेलना करते हैं तो उनसे संपर्क करें।



(Regd. No. 1700)
राजस्थानी देवासी समाज
हैदराबाद-सिकन्दराबाद (जालोर - सिरोही - बाड़मेर)
की रविवार 30 अक्तूबर 2022 को निर्विरोध नई कार्यकारिणी गठित होने पर
हार्दिक बधाई व शुभकामनाएँ
आशा करते हैं कि आपके कार्यकाल में समाज का चहुँमुखी विकास व कल्याण हो

पदाधिकारीगण : अध्यक्ष : जोरारामजी नोगुं (नून)-9441184722 * उपाध्यक्ष : कालुरामजी नोगुं (नरता)-9502235808, बलारामजी भुकु (निबलाना)-9440237114 * कोषाध्यक्ष : राजाजी करगटा (खेड़ा)-8985499057, अनारामजी करमटा (पादरा)-9603511232 मंत्री : भेरजी तालियाना-8828486342, पद्मारामजी वीराणा-8074678496 * सचिव : बिजलाजी मोरसीन-7675882835, गणेशाजी रोज बोरटा-8309867122 * व्यवस्थापक : लीलाजी (सामराणी)-9985918046, जुठाजी आजाणा (दासपा)-9246808018, भभूताजी (पारपड़ा)-9441209717 * मोनाजी (कोमता)-9966899701, पकजी (लालिया)-9908010445 * जोरजी (लेदरमेर)-9985493966, टिमारामजी (देलदरी)-9030816996 * अजाजी (कोरा), हीराजी (पादरा), नरपतजी (बालवाड़ा), रावताजी (लुर), वचनारामजी (गोल)

कार्यकारिणी सदस्य

बेगम बाजार, जियागुड़ा : मगाजी (लुर), गोपजी डंगातरा, वेलजी (कुशीप), हरचनजी (धानसा), हडमताजी (बोरटा) निम्बारामजी भुकु (नून), हरसनजी (वाड़ा), तोपखाना, गोशामहल, आगापुरा : ठाकरीजी (भीमपुरा), लाबुजी (रेवत), पाबूजी (कोट), राणाजी (खानपुर), वचनाजी मकुआणा (सामराणी), हरीशजी (गोलिया), उस्मानगंज : भावाजी (देवावास), सोपारामजी (तेलवाड़ा), गणेशाजी (माडवला), मोगारामजी (ऊनड़ी), कोठी, तुरुप बाज़ार : बैसरारामजी (दामण), मलारामजी (कोमता), भोलारामजी (घुम्बड़िया) चारमीनार, मनीकुण्डा, गोलकुण्डा, नारसिंगी : सोनारामजी भुकु (कोटड़ी), नगारामजी (खेड़ा), वनस्थलीपुरम, एल.बी. नगर, नागोल : नगारामजी (पादरा), नाचारम, मल्लापुर, बोडउप्पल, ईसीआईएल, कुशाईगुड़ा : रमेशजी (पादरा), निम्बारामजी काछेला (नून), सुभाषनगर, जीडीमेट्ला, अलवाल, साहपुर, गाजुलारामारम, बोइनपल्ली : गजारामजी (खेड़ा), भिकारामजी (नून), प्रगतिनगर, ऑलविन कॉलनी, निज़ामपेट, कुकटपल्ली : आशाजी वेरोणा (तवाव), हटाजी (जोडवाडा), लिंगमपल्ली, मियापुर, चंदानगर, बीरमागुड़ा, नलागंटला : बैसरारामजी (कुशालपुरा), मलारामजी देऊ (पादरा), शंकरपल्ली, मोखिल्ला : ईराजी (दासपा), सिकन्दराबाद : नरपतजी (धणाणी)

Printed and published by Dr. Gireesh Sanghi on behalf of AGA Publications Ltd., at 396, Lower Tankbund, Hyderabad-500080 Editor: *Dhirendra Pratap Singh *responsible for selection of news under the PRB Act. Postal Licence H/SD/380/21-22, Phone:27644999. Fax:27642512, RNI No.69340/98, Regd.:No.AP/HIN/00196/01/1/97/TC.